* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
11 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 261

संस्कार सीखना हो तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीखिए






## पूर्वी क्षेत्रीय अंतरराज्यीय परिषद की बैठक, चार राज्यों से जुड़े 20 एजेंडों पर विचार

# तीन नये आपराधिक कानूनों पर पूर्ण अमल के लिए पूर्वी राज्य और अधिक प्रयास करें: अमित शाह

- नक्सलवाद के खिलाफ राज्यों की एकजुटता से अभूतपूर्व सफलता मिली
- 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का संकल्प
- मयूराक्षी डैम जल विवाद और झारखंड-बिहार संपत्ति बंटवारे पर हुई चर्चा
- मसानजोर बांध, तैयबपुर बराज और इंद्रपुरी जलाशय से संबंधित मुद्दे भी उठे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्वी क्षेत्रीय अंतरराज्यीय परिषद की 27वीं बैठक गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के बीच अंतरराज्यीय समन्वय से जुड़े कुल 20 एजेंडों पर चर्चा हुई। बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उप मुख्यमंत्री पार्वती परिदा और मंत्री मुकेश महालिंग, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री विजय चौधरी और पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के अलावा चारों राज्यों के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। यह बैठक गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन अंतर राज्य परिषद सचिवालय द्वारा झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित की गयी।

अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि तीन नये आपराधिक कानूनों पर जल्द से जल्द पूर्ण अमल की दिशा में पूर्वी राज्यों को और अधिक प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ सभी राज्यों की एकजुटता और सुरक्षा बलों की बहादुरी से हमें अभूतपूर्व सफलता मिली है। हम 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर के रहेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड और ओड़िशा काफी हद तक नक्सलवाद से मुक्त हो गये हैं।

अमित शाह ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की भूमि का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस भूमि से भगवान बिरसा मुंडा सहित कई महान स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के आंदोलनों का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा कि पूरा पूर्वी भारत भक्ति, ज्ञान, संगीत, वैज्ञानिक अनुसंधान और क्रांति की भूमि रहा है। शिक्षा के मूल आदर्श स्थापित करने में पूर्वी भारत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। सांस्कृतिक चेतना, भक्ति चेतना और क्रांति तीनों का संगम इसी भूमि पर हुआ है।

(पेज तीन भी देखें)




### क्षेत्रीय और राष्ट्रीय मुद्दों पर हुआ विचार

बैठक में मसानजोर बांध, तैयबपुर बराज और इंद्रपुरी जलाशय से संबंधित काफी समय से लंबित जटिल मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही बिहार के विभाजन के समय से ही लंबित अनेक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की संपत्तियों और देनदारियों के बिहार और झारखंड के बीच विभाजन से संबंधित मुद्दों पर भी गहन चर्चा हुई और इनके समाधान की दिशा में आपसी सहमति से निर्णायक कदम उठाये गये। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और इनके शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा, डायल-112 तथा पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, शहरी प्लानिंग और सहकारिता व्यवस्था के सुदृढीकरण सहित क्षेत्रीय स्तर के सामान्य हित के विभिन्न मुद्दों पर भी विचार किया गया।

### अमित शाह को सीएम हेमंत और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने दी विदाई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रांची में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के बाद दिल्ली लौट गये। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और कई वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें विदाई दी। हवाई अड्डे के बाहर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।दिल्ली रवाना होने से पहले अमित शाह से प्रदेश भाजपा के नेताओं ने भी मुलाकात की। इनमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और संगठन महामंत्री कर्मवार सिंह शामिल थे। मुलाकात के दौरान राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति और सरकार के कामकाज पर चर्चा की गयी।

## सीएम ने बकाया कोल रॉयल्टी और रांची मेट्रो सहित 31 मांगें सामने रखीं

# आपसी समन्वय से बनायें विकास योजनाएं: हेमंत

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक के मंच से राज्य की 31 प्रमुख मांगें केंद्र के समक्ष रखीं। उन्होंने विकास, सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय संतुलन पर जोर देते हुए झारखंड, बिहार, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल की साझा विरासत की ओर इशारा किया और कहा कि आपसी समन्वय से विकास योजनाएं बनायें।



### सीएम हेमंत सोरेन ने रखीं ये प्रमुख मांगें

- आदिवासी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ पर्यटन को बढ़ाया जाये।
- एमएसएमइ सेक्टर के माध्यम से रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनायें।
- कोल कंपनियों से राज्य के 1.40 लाख करोड़ रुपये के बकाये का शीघ्र भुगतान हो।
- डीएमएफटी नीति में सुधार और पीएसयू क्षेत्रों में स्थानीयों को प्राथमिकता।
- माइंस क्लोजर के लिए स्पष्ट नीति बनायी जाये।
- ट्राइबल यूनिवर्सिटी की स्थापना में केंद्र सहयोग करे।
- रिम्स-2 और नये मेडिकल कॉलेजों की स्थापना में केंद्र भागीदारी निभाये।
- एससी/एसटी/ओबीसी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार और केंद्र से वित्तीय मदद करे।
- साहेबगंज-रांची एक्सप्रेस वे और रांची मेट्रो परियोजना का शीघ्र क्रियान्वयन हो।
- रेलवे नेटवर्क के विस्तार और अधूरे पड़े प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा किया जाये।
- रामरेखा धाम को रामायण सर्किट और राज्य के बौद्ध स्थलों को बौद्ध सर्किट से जोड़ा जाये।
- पीएम आवास योजना और मनरेगा मजदूरी को महंगाई के अनुरूप संशोधित किया जाये।
- पेंशन योजनाओं में केंद्र का अंशदान एक हजार रुपये हो।
- दामोदर नदी को नमामि गंगे योजना में शामिल किया जाये।
- राज्य की सिंचाई परियोजनाओं में केंद्र मदद दे।
- खनन उपरांत जमीन का स्वामित्व राज्य को मिले।
- कॉमेड, होटल अशोक और अन्य साझा परिसंपत्तियों के बंटवारे को लेकर नीति बने।





## बिहार में नहीं रुकेगा वोटर लिस्ट का गहन पुनरीक्षण

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आधार, राशन और वोटर कार्ड शामिल करने पर विचार करे चुनाव आयोग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने पुनरीक्षण पर रोक लगाने से इनकार करते हुए चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की है।

जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा कि हम सांविधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते, जो उसे करना चाहिए। कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है।




## देवघर के पास दुम्मा में श्रावणी मेले का शुभारंभ

# खिजुरिया से मंदिर के क्यू कांप्लेक्स तक बनेगा फुट ओवर ब्रिज : सुदिव्य सोनू




**मंत्रियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया मेले का उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला-2025 का बिहार-झारखंड राज्य की सीमा दुम्मा में राज्य के पर्यटन और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरुवार को उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि कांवरियों की सेवा भगवान शिव की सेवा है। आने वाले समय में खिजुरिया से क्यू कांप्लेक्स यानी बैद्यनाथ मंदिर के समीप तक कांवरिया फुट ओवर ब्रिज निर्माण की योजना है। इससे शिवभक्त कांवरियों को सड़क पार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे अगले मेले तक पूरा करने का प्रयास होगा। इस वर्ष श्रावणी मेला में कई सारी न्यू टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान करने की कोशिश है। उद्घाटन समारोह को अन्य मंत्रियों ने भी संबोधित किया।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि पूरे भारत में शिव और शक्ति का कोई स्थान है, तो वह देवघर है। भगवान शिव और शक्ति अपने निवास स्थान झारखंड और देवघर आने वाले श्रद्धालुओं पर अपनी कृपा बनाये रखें, यही कामना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस मेले में की गयी बेहतर व्यवस्था श्रद्धालुओं के बीच एक स्मृति छोड़ जायेगी। इस वर्ष से श्रावणी मेले में एआइ चैटबॉट की व्यवस्था की गयी है। क्यूआर कोड के माध्यम से शिकायतों के निवारण की व्यवस्था की गयी है। दुम्मा सीमा पर फेस रिकॉग्निशन कैमरे के माध्यम से हेड काउंट करायी जायेगी।

**ये लोग भी हुए शामिल:** इस मौके पर देवघर विधायक सुरेश पासवान, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर, जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग, 20 सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष डॉ मुन्नाम संजय, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय शर्मा और कई अन्य मौजूद थे।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार में महागठबंधन के भीतर ठीक नहीं है सब कुछ

## ■ पप्पू यादव और कन्हैया को रोकने के बाद कांग्रेस के भीतर भारी आक्रोश

## ■ कांग्रेस कार्यकर्ता इस घटना को बता रहे तेजस्वी के सामने पार्टी का सरेंडर

**आजाद सिपाही विशेष**

बुधवार को बिहार बंद के दौरान महागठबंधन की भीतर की जो तस्वीर सामने आयी, उसे देखकर तो यही लगता है कि राज्य में सत्तारूढ़ एनडीए को चुनौती देने वाले महागठबंधन के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। महागठबंधन द्वारा आहूत बिहार बंद के दौरान कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार और निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की राहुल गांधी के सामने जिस तरह से बेइज्जती की गयी, उससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। कांग्रेसी तो यहां तक कहने लगे हैं कि पार्टी ने खुद को राजद नेता तेजस्वी यादव के सामने सरेंडर कर दिया है। अब जगह गाड़ी में कम थी या दिल में, यह तो राहुल गांधी जानें, लेकिन पटना में जो हुआ, उसने साफ कर दिया कि कन्हैया कुमार और पप्पू यादव की हैसियत अभी इतनी बड़ी नहीं हो पायी है कि वे अपने सबसे बड़े नेता के अलावा बिहार में महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव के साथ खड़े हो सकें। कहा जा रहा है कि इन दोनों को रथ पर चढ़ने से रोकने के पीछे तेजस्वी यादव थे, क्योंकि राजद नेता का इन दोनों से '36' का रिश्ता किसी से छिपा नहीं है। कन्हैया कुमार और पप्पू यादव को राहुल गांधी के रथ पर सवार होने से रोकने के बाद स्वाभाविक तौर पर बिहार की सियासत गर्म हो गयी है। एक तरफ कांग्रेस के भीतर आक्रोश पैदा हुआ है, तो दूसरी तरफ एनडीए के घटक दल भी हमलावर हो गये हैं। विधानसभा चुनाव के मुहाने पर खड़े बिहार की राजधानी में हुई इस बड़े सियासी घटनाक्रम के पीछे क्या है कहानी और क्या होगा इसका परिणाम, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

विधानसभा चुनाव के मुहाने पर खड़े बिहार की राजधानी पटना में महागठबंधन की ओर से बुलाये गये बिहार बंद के दौरान नौ जुलाई को एक घटना ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव एक खुले वाहन पर सवार होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस रथ पर महागठबंधन के अन्य प्रमुख नेता, जैसे दीपांकर भट्टाचार्य (भाकपा-माले) और मुकेश सहनी (वीआइपी पार्टी) मौजूद थे। लेकिन इस दौरान कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार और पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को वाहन पर चढ़ने से रोक दिया गया। इन दोनों के साथ धक्का-मुक्की भी की गयी। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी और महागठबंधन की एकता पर सवाल उठाने लगी। इस घटना के बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या यह घटना बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन की आंतरिक खींचतान को उजागर करती है और क्या इस तरह महागठबंधन बिहार में सत्ता हासिल कर पायेगा। बिहार बंद का आयोजन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में किया गया था। राहुल गांधी ने इस दौरान आरोप लगाया कि चुनाव आयोग संविधान की रक्षा करने की बजाय भाजपा के लिए काम कर रहा है, जबकि तेजस्वी यादव ने इसे मोदी-नीतीश की दादागिरी करार दिया। इस प्रदर्शन का उद्देश्य विपक्षी एकता का प्रदर्शन करना था, लेकिन कन्हैया कुमार और पप्पू यादव को रथ पर जगह न मिलने ने गठबंधन की एकता पर सवाल खड़े कर दिये। वायरल वीडियो में कन्हैया को रथ से उतरते और पप्पू यादव को सुरक्षाकर्मियों द्वारा रोके जाते देखा जा सकता है। इसने सियासी विश्लेषकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या यह तेजस्वी यादव की रणनीति थी।

### क्यों रोका गया कन्हैया और पप्पू को

सवाल है कि कन्हैया कुमार और पप्पू यादव को क्यों रोका गया। क्या वजह सिर्फ यह थी कि जिस गाड़ी पर राहुल गांधी सवार थे, उस पर खुद तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। अब राहुल गांधी अपनी पार्टी के सबसे बड़े नेता हैं। सियासी शब्दों में कहें तो कांग्रेस के आलाकमान हैं और यही हाल तेजस्वी यादव का भी है। राजद के आलाकमान तो वही हैं। और तेजस्वी से कन्हैया कुमार और पप्पू यादव, इन दोनों की अनबन किसी से छिपी नहीं है।

### कन्हैया को देखना नहीं चाहते तेजस्वी

यहां 2019 का लोकसभा चुनाव का वाकया याद आता है। तब कन्हैया भाकपा में हुआ करते थे। बेगूसराय से उम्मीदवार भी थे। भाकपा का राजद के साथ गठबंधन भी था। इसके बावजूद तेजस्वी यादव ने कन्हैया कुमार के खिलाफ उम्मीदवार दिया और नतीजा यह हुआ कि न कन्हैया जीते और न तेजस्वी के तनवीर हसन और बाजी मार ले गये गिरिराज सिंह। यह तेजस्वी और कन्हैया के बीच के द्वंद्व का चरम था, जिसमें कन्हैया के कांग्रेसी बनने के बाद भी कोई कमी नहीं आयी। न तेजस्वी कभी सीधे तौर पर कन्हैया के साथ दिखे और न ही कन्हैया कभी तेजस्वी की तारीफ करते नजर आये। लेकिन 2025 के चुनाव के लिए जो गठबंधन बना है, उसमें कन्हैया तेजस्वी पर नरम दिखे और जब मुख्यमंत्री चेहरे पर सवाल हुआ, तो कन्हैया ने पिछले दिनों ही साफ कर दिया कि तेजस्वी यादव के चेहरे पर कोई भ्रम नहीं है।





### पप्पू यादव और लालू यादव का रिश्ता जगजाहिर

पप्पू यादव और लालू यादव की दोस्ती और दुश्मनी की कहानी जगजाहिर है। जब दोनों में दोस्ती थी, तो पप्पू ने वह दोस्ती निभायी, जिसकी मिसाल दी जाती है। और अब जब दुश्मन है, तो तल्खी दिखती है, जिसमें दोस्ती की गुंजाइश बरकरार रहे। इसी गुंजाइश के लिए पप्पू यादव कांग्रेस में शामिल भी हुए, टिकट की कोशिश भी की और जब टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय चुनाव जीतकर सांसद बन गये और फिर से कांग्रेस के सुर में सुर मिलाने लगे। लेकिन शायद तेजस्वी से उनके सुर तो अभी नहीं ही मिल रहे हैं।

### तेजस्वी को लेकर जोखिम नहीं ले सकते राहुल गांधी

ऐसे में कांग्रेसी सवाल कर रहे हैं राहुल गांधी पर कि उनकी मौजूदगी में उनके दो बड़े नेताओं के साथ ऐसा व्यवहार क्यों हुआ। क्या इसकी सिर्फ एक वजह है कि तेजस्वी यादव इन दोनों ही लोगों को व्यक्तिगत तौर पर पसंद नहीं करते हैं और राहुल गांधी बिहार में तेजस्वी के साथ अपने संबंधों को लेकर कोई जोखिम नहीं ले सकते हैं। क्या पहले कन्हैया और फिर पप्पू यादव को राहुल गांधी की गाड़ी से राहुल गांधी की सहमति से ही दूर रखा गया, ताकि तेजस्वी नाराज न हों और गठबंधन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। यह बहुत हद तक मुमकिन है कि एक बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए छोटी-छोटी कुर्बानियां देनी पड़ती हैं। और कन्हैया-पप्पू को गाड़ी से दूर रखना कोई इतनी भी बड़ी बात नहीं है, लेकिन अगर ऐसा करना था, अगर यही होना था तो कन्हैया और पप्पू यादव को अकेले में समझाया जा सकता था, बताया जा सकता था, बड़ी लड़ाई के लिए समझौता करने को तैयार किया जा सकता था। वो मान भी जाते, उस गाड़ी के पास फटकते भी नहीं। भीड़ का बहाना भी बन ही जाता और उनकी सार्वजनिक छवि को कोई नुकसान भी नहीं पहुंचता। लेकिन गाड़ी के पास पहुंच कर भी वहां न पहुंच पाना और इस पूरे वाकये का वीडियो में कैद हो जाना कन्हैया कुमार और पप्पू यादव की राजनीति को बहुत हद तक कमजोर करेगा। दोनों नेता चाहे जो तर्क दें, अपने नेता के बचाव में चाहे जो सफाई पेश करें, लेकिन वो वीडियो तो गवाह हैं ही और हमेशा ही रहेंगे।

### कन्हैया और पप्पू यादव की हैसियत

कन्हैया कुमार जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं। बिहार में कांग्रेस के युवा चेहरे के रूप में उभरे हैं। वह कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआइ के प्रभारी हैं और कांग्रेस कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य भी हैं। उनकी 'नौकरी दो, पलायन रोको यात्रा' ने युवाओं और बेरोजगारों के बीच खासी लोकप्रियता हासिल की थी। दूसरी ओर पप्पू यादव कोसी-सीमांचल क्षेत्र में अपने सामाजिक आधार के लिए जाने जाते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने पूर्णिया से निर्दलीय जीत हासिल की। उन्होंने राजद की उम्मीदवार बीमा भारती को हराया। दोनों नेताओं की बढ़ती सक्रियता राजद और विशेष रूप से तेजस्वी यादव के लिए असहजता का कारण बन रही है। जानकारों का कहना है कि तेजस्वी को कन्हैया और पप्पू की लोकप्रियता से खतरा महसूस हो रहा है, खासकर तब जब बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक है।

### तेजस्वी की रणनीति

सियासी हलकों में चर्चा है कि तेजस्वी यादव ने इस घटना के जरिये अपनी ताकत दिखाने की कोशिश की। राजद का एमवाइ (मुस्लिम-यादव) समीकरण उसकी सबसे बड़ी ताकत है और तेजस्वी नहीं चाहते कि कन्हैया या पप्पू यादव की लोकप्रियता इस समीकरण को कमजोर करे। पप्पू यादव ने हाल ही में दावा किया कि अगर 2024 में तेजस्वी ने उनका साथ दिया होता, तो महागठबंधन मजबूत होता और शायद राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन सकते थे। यह बयान तेजस्वी और पप्पू के बीच पुरानी अदावत को और उजागर करता है।

### कांग्रेस के लिए जटिल स्थिति

कांग्रेस के लिए यह स्थिति और जटिल है। पार्टी बिहार में अपनी पहचान मजबूत करने की कोशिश कर रही है और कन्हैया को इसके लिए एक बड़ा चेहरा माना जा रहा है। लेकिन तेजस्वी की अगुवाई में राजद का दबदबा कांग्रेस को सीमित कर रहा है। जानकारों का कहना है कि राजद ने कांग्रेस को साफ संदेश दिया है कि अगर कन्हैया को ज्यादा बढ़ावा दिया गया, तो महागठबंधन में सीट बंटवारे पर फिर से विचार हो सकता है। सोशल मीडिया पर इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया आयी है। कुछ लोगों ने इसे तेजस्वी की तानाशाही करार दिया, तो कुछ ने कांग्रेस पर परिवारवाद और फोटो-ऑप की राजनीति का आरोप लगाया। एक पोस्ट में कहा गया कि तेजस्वी ने राहुल के सामने अपनी ताकत दिखायी, जिससे महागठबंधन की एकता पर सवाल उठ रहे हैं।

### महागठबंधन के लिए चेतावनी

यह घटना महागठबंधन के लिए एक चेतावनी है। अगर गठबंधन के भीतर ऐसी खींचतान जारी रही, तो 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए को फायदा हो सकता है। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने की चर्चा चल रही है, लेकिन कांग्रेस के भीतर इस पर सहमति नहीं है। कन्हैया और पप्पू जैसे नेताओं को किनारे करना गठबंधन की एकता को कमजोर कर सकता है।

# श्रावणी मेले में पहली बार होगा ड्रोन शो, भक्तों में उत्साह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर में आयोजित होने वाला विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला इस बार कुछ खास होने जा रहा है। प्रशासन की ओर से पहली बार मेले में ड्रोन शो का आयोजन किया जायेगा, जिससे श्रावणी मेले की भव्यता और आकर्षण और बढ़ जायेगा।

### 5 किलोमीटर के दायरे में दिखेगा अद्भुत नजारा

पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित यह ड्रोन शो श्रद्धालुओं के लिए एक अनूठा और यादगार अनुभव बनने जा रहा है। यह शो बाबा मंदिर परिसर के लगभग 5 किलोमीटर के दायरे से देखा जा सकेगा। हर शाम 7:30 बजे के बाद आसमान में रंग-बिरंगे प्रकाश से सजे सैकड़ों ड्रोन उड़ान भरेंगे, जो धार्मिक और सांस्कृतिक आकृतियां बनायेंगे।

### आकाश में उभरेगा 'ॐ', त्रिशूल और शिवलिंग

ड्रोन के माध्यम से 'ॐ', त्रिशूल, शिवलिंग, गंगा की धारा, बाबा बैद्यनाथ मंदिर की आकृति और भारत की सांस्कृतिक झलकियां प्रस्तुत की जायेंगी। इन दृश्यों को धार्मिक संगीत और साउंड इफेक्ट्स के साथ लाइट शो के रूप में पेश किया जायेगा, जिससे श्रद्धालु एक संपूर्ण आध्यात्मिक अनुभव ले सकेंगे।



### रोशनी से सजा बाबा धाम

बाबा मंदिर परिसर और उसके आसपास के इलाके को विशेष प्रकाश सज्जा से सजाया गया है, जिससे रात का दृश्य और भी आकर्षक हो गया है।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खास इंतजाम

श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए चिकित्सा सेवा, पेयजल, ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षाबलों की तैनाती जैसे तमाम इंतजाम किये गये हैं। प्रशासन का दावा है कि इस बार मेला और अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित रहेगा।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ेगा बाबा धाम

**श्रावणी मेले में पहली बार चैटबोट ऐप से होगी श्रद्धालुओं की मदद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** श्रावणी मेले में इस बार बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को तकनीक का सहारा मिलेगा। झारखंड सरकार और देवघर जिला प्रशासन ने पहली बार मेले में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित चैटबोट ऐप की शुरुआत करने का फैसला लिया है, जो न सिर्फ भक्तों को मेला संबंधी सूचनाएं देगा बल्कि बाबा मंदिर, परिवहन, अस्पताल, ठहराव और अन्य जरूरी सेवाओं की जानकारी भी एक क्लिक पर उपलब्ध करायेगा।

देवघर के जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अभय पराशर के मुताबिक, चैटबोट ऐप को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। ऐप के टेस्टिंग की प्रक्रिया जल्द शुरू की जायेगी। यह व्यवस्था पहली बार लागू हो रही है, और इसका उद्देश्य है, श्रद्धालुओं की सुविधा को आधुनिक तकनीक से जोड़ना।



### 51 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

श्रावणी मेले की शुरुआत इस बार 11 जुलाई से हो रही है और करीब 51 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने साफ-सफाई, ट्रैफिक कंट्रोल, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा और यातायात की व्यवस्थाओं के साथ-साथ डिजिटल मदद पर भी जोर दिया है।

चैटबोट ऐप को डाउनलोड करने के लिए एक लिंक तैयार किया गया है, जिसे जिला प्रशासन की वेबसाइट, सोशल मीडिया या एसएमएस के जरिए साझा किया जायेगा। इसके माध्यम से श्रद्धालु देवघर का इतिहास, बाबा मंदिर की जानकारी, मेला मार्गदर्शन, स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट, अस्पताल, विश्राम स्थल आदि की लोकेशन जान सकेंगे। जरूरत पड़ने पर श्रद्धालु सीधे ऐप के जरिए प्रशासन से संपर्क भी कर सकेंगे।

# रामगढ़ के सोनाली आत्महत्या कांड की सीआइडी जांच होगी

## पिता के आवेदन पर डीजीपी ने दिया आदेश

**सौरभ के आत्महत्या किये जाने के बाद पुलिस सोनाली को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही थीः पिता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रामगढ़ की सोनाली सिंह द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले की सीआइडी जांच के आदेश दिये हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय के प्रभारी एनजीओ ने आठ जुलाई को इस बारे में एक पत्र (संख्या 663) अपराध अनुसंधान विभाग के अपर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार को भेजा है।

### क्या लिखा है पत्र में

पत्र में लिखा है कि पुलिस महानिदेशक को रामगढ़ के मरार निवासी विमल कुमार सिंह का एक अभ्यावेदन मिला है। उसमें कही गयी बातों की जांच कर इसका प्रतिवेदन महानिदेशक को भेजा जाये। विमल कुमार सिंह ने डीजीपी को दिये आवेदन में अपनी बेटी की आत्महत्या मामले की सीआइडी जांच का निवेदन किया था।

### क्या है पूरा मामला

यह पूरा मामला रामगढ़ थाना क्षेत्र के इंद्रानगर रांची रोड में सोनाली कुमारी (24 वर्ष) द्वारा 24 जून को अपने घर के कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या करने से जुड़ा है। मृतका के पिता का आरोप है कि छह माह पूर्व 10 दिसंबर, 2024 को उनके पड़ोसी सौरभ सिंह द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में पुलिस लगातार उनकी बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही थी। सौरभ और सोनाली के बीच प्रेम संबंध होने की बात कही जा रही थी। सौरभ को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप सोनाली पर लगा और प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी। उनकी बेटी से पूछताछ कर दबाव बनाया जा रहा था। इससे सोनाली काफी परेशान थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.8 °c | 22.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.10 बजे |



# संस्कार सीखना हो तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीखिए

## झुक कर अमित शाह को किया जोहार, कायल हुए गृह मंत्री

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** संस्कार सीखना हो तो झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीखिए। सीएम में सादगी और संस्कार कूट-कूट कर भरा हुआ है। गुरुवार को जिस विनम्रभाव में उन्होंने देश के गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत किया वह देखने लायक था। सीएम ने झुककर जोहर बोला, फिर एक मेहमान की आगवानी जिस तरह से की जाती है उससे भी बढ़कर उनका स्वागत किया। गृहमंत्री खुद सीएम के इस व्यवहार के कायल हो गये। उन्होंने भी इसी अंदाज में सीएम हेमंत सोरेन का अभिवादन स्वीकार किया। झारखंड के लोग किस तरह से मेहमानों का स्वागत करते हैं उसकी झलक रेडिशन ब्लू में दिखी। गुरुवार को इस होटल में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक में दिखी। मुख्यमंत्री सादगी से ओत-प्रोत थे। उनके इस व्यवहार की चर्चा अब पूरे झारखंड में हो रही है। झामुमो के कार्यकर्ता तो फूले नहीं समा रहे हैं। की सादगी और विनम्रता की एक बार फिर राज्यभर में चर्चा हो रही है। जैसे ही अमित शाह होटल के भीतर प्रवेश कर रहे थे, हेमंत सोरेन ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया, फिर मुस्कान के साथ हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया। यही नहीं,



वे उनके साथ चलते हुए दो कदम पीछे दिखायी दिये। यह एक ऐसा दृश्य था जिसने मुख्यमंत्री की विनम्रता और आतिथ्य भाव को बखूबी दर्शाया। इसके बाद अमित शाह सीधे मंच पर चले गये। उनके साथ हेमंत सोरेन भी स्टेज पर चढ़े। स्टेज पर पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अमित शाह को अंग्रवस्त्र देकर उनका स्वागत किया।

इसे लेकर झारखंड सरकार में मंत्री दीपक बिरुआ ने भी अपने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा की है। उन्होंने कहा है कि 'झारखंडी संस्कार, हम सभी को करते हैं सिर झुका कर जोहार। 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में रांची पहुंचे देश के केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी को झारखंडी जोहार। आशा है झारखंड को माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में और कुशलता से अग्रणी राज्य बनाने में आपका संपूर्ण सहयोग मिलेगा'। दरअसल रांची के रेडिसन ब्लू होटल में 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक हो हुई। जिसमें चार राज्यों के मंत्रियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत भाषण भी हुआ। उसके कुछ देर बात अमित शाह का भी संबोधन हुआ। बता दें कि बैठक में भाग लेने के लिए अमित शाह बुधवार रात करीब 10:30 बजे रांची पहुंचे। बैठक में झारखंड से कुल 15 सदस्यीय टीम सम्मिलित हुई है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# बाबूलाल, रघुवर, अर्जुन और चंपाई को टास्क दे दिल्ली लौटे अमित शाह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भाग लेने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शाम लगभग साढ़े चार बजे दिल्ली लौट गये। दिल्ली लौटने से पूर्व पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भाग लेने के अलावा अमित शाह प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेताओं से भी मुलाकात की। उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश और टास्क भी दिये। हालांकि दिशा-निर्देश का अभी खुलासा नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात रांची पहुंचने पर अमित शाह से प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, रवींद्र राय, आदित्य साहू, नवीन जायसवाल, मनोज सिंह, रामचंद्र चंद्रवंशी और जीतू चरण राम ने मुलाकात की थी।

गुरुवार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक समाप्त होने के बाद अमित शाह होटल रेडिशन ब्लू में प्रदेश भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेताओं से भी मुलाकात की। इनमें बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, चंपाई सोरेन और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल थे। लगभग एक घंटे की मुलाकात में प्रदेश की राजनीतिक स्थिति और राज्य सरकार के कामकाज पर चर्चा हुई। इस क्रम में अमित शाह ने चारों नेताओं को आवश्यक सुझाव भी दिया। राजनीतिक दिशा देने का काम किया। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए मिल कर काम करने पर जोर दिया। साथ ही राजनीतिक टिप्स भी दिये।

## अमित शाह से बाबूलाल मरांडी और चांपई सोरेन ने की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। रांची में आयोजित 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता हेतु आये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री चांपई सोरेन ने मुलाकात की। इस दौरान झारखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री कर्मवीर सिंह भी उपस्थित थे। बता दें कि 9 जुलाई की रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रांची पहुंचे थे। अगले दिन, 10 जुलाई को उन्होंने 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक रेडिसन ब्लू होटल, रांची में आयोजित की गयी थी।

## अमित शाह से मिले पूर्व सीएम रघुवर दास, झारखंड के मुद्दों पर हुई चर्चा

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गुरुवार को रांची में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर दास ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया, देश के गृह मंत्री अमित शाह से उनके रांची प्रवास के दौरान स्नेहिल मुलाकात हुई। इस दौरान झारखंड के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बाद में पत्रकारों से बातचीत में रघुवर दास ने झारखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विदेशी धर्म के दबाव में पेसा कानून को लागू नहीं कर रही है। अगर यह कानून लागू हो गया



तो पारंपरिक व्यवस्थाओं को माननेवाले लोग ग्राम प्रधान बनेंगे और ग्राम समिति के जरिए गांवों का विकास होगा। दास ने कहा कि पेसा लागू होने पर गांव की सरकार को बालू घाट, तालाब, वनोपज जैसे संसाधनों का अधिकार मिलेगा। इससे एक ओर गांव की आमदनी बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर बालू, पत्थर जैसे खनिज संसाधनों की लूट पर रोक लगेगी। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र सरकार से पेसा के लिए 1400 करोड़ रुपये का फंड मिलेगा। इससे जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा होगी और ग्राम सभा के जरिए स्वशासन स्थापित होगा।

## झारखंड में 15 जुलाई तक बारिश की चेतावनी, कई जिलों में येलो अलर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में अगले कुछ दिनों तक मौसम बिगड़ा रह सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची ने राज्य के सभी 24 जिलों के लिए 10 जुलाई से 15 जुलाई तक वज्रपात और हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य के अधिकतर जिलों में 76% से अधिक क्षेत्रों में बारिश की संभावना जतायी गयी है। इन दो दिनों के दौरान झारखंड के लगभग सभी जिले भारी से मध्यम बारिश की चपेट में रह सकते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 13 जुलाई को बारिश की तीव्रता में थोड़ी कमी आने की संभावना है। अधिकांश जिलों में केवल 26% से 50% क्षेत्रों में ही वर्षा की संभावना है, जबकि गढ़वा में बारिश की संभावना 25% से भी कम बतायी गयी है। 10 से 12 जुलाई तक झारखंड के विभिन्न हिस्सों में 30-40 किमी/घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात होने की संभावना है। 12 से 15 जुलाई के बीच अलग-अलग स्थानों पर वज्रपात की आशंका बनी हुई है।


## पूर्व सांसद और इंटक नेता ददई दुबे का निधन

लंबे समय से बीमार चल रहे थे

इलाज के क्रम में दिल्ली में ली अंतिम सांस

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व सांसद और इंटक नेता ददई दुबे का दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और इलाज के क्रम में गुरुवार को उन्होंने राजधानी दिल्ली में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से झारखंड की सियासत और श्रमिक संगठनों में शोक की लहर है। मुखिया से अपना राजनीतिक सफर शुरू कर लोकसभा के सांसद तक बने। चंद्रशेखर दुबे, जिन्हें ददई दुबे के नाम से जाना जाता था, का जन्म 2 जनवरी 1946 को हुआ था। वे विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से कई बार विधायक रहे। झारखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य कर चुके थे। वर्ष 2013 में हेमंत सोरेन सरकार में उन्हें राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री की जिम्मेदारी दी गयी थी। ददई दुबे 14वीं लोकसभा में धनबाद लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके थे। वे लंबे समय तक



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े रहे और पार्टी के कद्दावर नेताओं में शुमार थे। साथ ही, वे इंटक से संबद्ध राष्ट्रीय कोयला मजदूर संघ के महासचिव भी थे और श्रमिक आंदोलनों में उनकी सक्रिय भूमिका रही। श्री दुबे नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य भी थे, जिन्हें झारखंड विधानसभा अध्यक्ष द्वारा नामित किया गया था। जुलाई 2015 में एक मामले में उन्हें पुलिस से झड़प के आरोप में गिरफ्तार भी किया गया था, हालांकि बाद में उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत राहत मिली। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और श्रमिक संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। पार्टी नेताओं ने उन्हें एक संघर्षशील, जमीनी और निडर नेता के रूप में याद किया है। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया दिल्ली में ही संपन्न होने की संभावना है।

### राजनीतिक करियर

- 1970-77 - मुखिया
- 1977-2009 - प्रतिनिधि, भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस
- 1985-2000 - सदस्य, बिहार विधान सभा (तीन कार्यकाल)
- 2000- बिहार में राबड़ी देवी सरकार में श्रम और रोजगार मंत्री
- 2000-2004- सदस्य, झारखंड विधान सभा
- 2004-14वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित, धनबाद से सदस्य , कोयला और इस्पात समिति, कोयला और खान परामर्शदातृ समिति के सदस्य
- 5 अगस्त 2007 से - सदस्य, कोयला संबंधी स्थायी समिति
- 2013- विधायक, बिश्रामपुर (विधानसभा क्षेत्र), झारखंड कैबिनेट मंत्री, झारखंड-ग्राम विकास, पंचायती राज, श्रम एवं रोजगार।

# बिहार में चुनाव आयोग के निर्णय के खिलाफ कांग्रेस करेगी जोरदार आंदोलन : के राजू

सरना धर्म कोड की मांग को ग्रामसभा से पारित कर राष्ट्रपति को सौंपा जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के राजू ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा लिये गये स्पेशल इंटेसिंव इलेक्टोरल रोल से संबंधित निर्णय पर गंभीर आपत्ति जतायी है। के राजू ने उक्त निर्णय को संविधान और लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बाहर काम कर रहे लगभग दो करोड़ प्रवासी वोटरों के मतदान के अधिकार को छीनने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि चुनाव आयोग नागरिकता प्रमाणित होने पर ही मतदान का अधिकार प्रदान करेगा, जबकि नागरिकता प्रमाणित करना गृह मंत्रालय का कार्यक्षेत्र है, न कि चुनाव आयोग का। उन्होंने यह भी आशंका जतायी कि वर्ष 2021 के बाद मतदाता बने युवाओं को भी इस नयी प्रणाली के तहत नागरिकता



प्रमाणित करनी होगी, अन्यथा उन्हें मतदान का अधिकार नहीं मिलेगा। के राजू ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में संज्ञान लेने की अपील की और उम्मीद जतायी कि न्यायालय इस प्रक्रिया को अविलंब रोकने का निर्देश देगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ, तो कांग्रेस कमेटी सड़कों पर उतरकर इस निर्णय के विरोध में व्यापक आंदोलन करेगी। के राजू गुरुवार को रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। के राजू ने झारखंड में कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे संगठन सृजन कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि तीन महीने पूर्व शुरू हुए इस अभियान के तहत सभी जिम्मेदारियां वितरित की जा चुकी हैं और वरिष्ठ नेताओं को जिला और प्रखंड प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। अब यह कार्यक्रम अपने अंतिम चरण में है, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रेक्षक और मंडल अध्यक्षों की टीम गांवों में दो दिन रुककर कांग्रेस ग्राम पंचायत का गठन करेगी। इन पंचायतों की मासिक बैठकें आयोजित की जायेंगी, जिनमें गांव के मुद्दों और पार्टी अभियानों पर चर्चा होगी। के राजू ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान सरना धर्म कोड और पेसा कानून के मूल्यों को ध्यान में रखते हुए संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्ताव (रेजोल्यूशन) को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देकर देश के राष्ट्रपति को सौंपा जायेगा।

### फिलहाल प्रदेश अध्यक्ष बदलने की कोई चर्चा नहीं

के राजू ने कहा कि कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष को बदलने की चर्चा होते रहती है। यह संगठन को कमजोर करने की साजिश है। फिलहाल ऐसी कोई बात हाइकमान के संज्ञान में नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष को बदलने से पहले पीसीसी के सदस्यों की राय ली जाती है और उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष इसपर निर्णय लेते हैं। सभी को बताना चाहते हैं कि संगठन एकजुट है। साथ ही उन्होंने पार्टी के सभी नेताओं और पदाधिकारियों को चेताया कि मीडिया में अनर्गल बयानबाजी से बाज आयें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में लिखित आदेश भी दिया जायेगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ कांग्रेस कोटे के सभी मंत्री और विधायक सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# तुष्टीकरण में आकंठ डूबी कांग्रेस बिहार मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का कर रही विरोध : प्रदीप वर्मा

तुष्टीकरण के कारण ही पेसा कानून नहीं हो रहा लागू

कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी, दलित और पिछड़ा विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद प्रदीप वर्मा ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। डॉ वर्मा ने कहा कि न्यायालय ने बिहार में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को सही ठहराया है। आम जनता में भी इसे लेकर कोई परेशानी नहीं है लेकिन इंडी गठबंधन के घटक दल कांग्रेस राजद झामुमो इसे तुष्टीकरण के चश्मे से देख रहे हैं और यही कारण है कि वे इसका विरोध कर रहे।

कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास संवैधानिक संस्थाओं के विरोध से भरा हुआ है। जब इनकी सोच के अनुकूल संस्थाएं कार्य नहीं करतीं तो ये पार्टियां उनकी विरोधी हो जाती हैं। आज ये लोग चुनाव आयोग, इडी, सीबीआइ



सब के विरोधी बने हैं। आज ये जिस न्यायालय में याचिका दायर करते हैं उसी न्यायालय के फैसले को सत्ता मद में बदला है। राहुल गांधी ने तो अपनी पार्टी की सरकार के फैसले को भी चौराहे पर फाड़ दिया था।

कहा कि कांग्रेस पार्टी को न लोकतंत्र में विश्वास है और न संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर। ये परिवारवादी पार्टियां परिवार के कानून से चलती हैं और देश को भी चलना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में शेड्यूल 5 के तहत पेसा कानून लागू करने से कांग्रेस पार्टी भाग रही। ये पेसा पर गोल मटोल जवाब दे रहे। यहां भी तुष्टीकरण का भूत इनपर सवार है। अपनी धार्मिक परंपरा, रीति रिवाज संस्कृति से कटे समाज को भी ये पारम्परिक कानून व्यवस्था में शामिल करना चाहते हैं।

कहा कि आदिवासी, दलित, पिछड़ा विरोध से कांग्रेस का इतिहास भरा हुआ है। पहली बार देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होने जा रही आदिवासी महिला राष्ट्रपति उम्मीदवार का कांग्रेस ने केवल विरोध नहीं किया बल्कि अपमान भरे शब्द भी बोले। कहा कि दलित को केवल वोट बैंक बनाने वाली कांग्रेस आज किस मुंह से दलित की आवाज बनेगी। बाबा साहब अंबेडकर का अपमान दलित समाज भुला नहीं है।

पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं देने वाली कांग्रेस, मंडल कमीशन रिपोर्ट को वर्षों तक ठंडे बस्ते में डालने वाली कांग्रेस कभी भी पिछड़ों की हितैषी नहीं हो सकती।

कहा कि अच्छा होता कांग्रेस पार्टी को जो जनादेश मिला है उसके अनुकूल काम करती। लेकिन आज कांग्रेस पार्टी अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने के लिए जनता का ध्यान भटकाती रहती है।

## कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी, उप प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष आज हजारीबाग में


प्रदेश प्रभारी | प्रदेश उप प्रभारी | प्रदेश अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** संगठन सृजन 2025 के तहत कार्मल स्कूल चौक स्थित पैराडाइज बैक्वेट हॉल में शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, कोड़रमा जिला के प्रखंड पर्यवेक्षक प्रखंड अध्यक्ष तथा मंडल अध्यक्षों का एक प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजित प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आमंत्रित सदस्य सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उप प्रभारी श्रीबेला प्रसाद तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अलावा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कई पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिला के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने दी है ।

## हजारीबाग में बोलेरो की टक्कर से तीन लोगों की मौत

**दारू (हजारीबाग) (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को दारू थाना क्षेत्र के मेडकुरी सिवाने नदी के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसा उस वक्त हुआ जब बोलेरो (नंबर JH02AU5143) ने झुमरा बाजार से लौट रहे तीन पैदल राहगीरों को तेज रफ्तार में कुचल दिया। मृतकों की पहचान अमली निवासी वासुदेव यादव (उम्र लगभग 55 वर्ष, पिता स्व. डोंभा यादव) और घाघरा गांव के दो अन्य व्यक्तियों—बंसी महतो (उम्र लगभग 50 वर्ष, पिता स्व. मेघु महतो) एवं सेवक महतो (उम्र लगभग 45 वर्ष, पिता स्व. नंदधारी महतो) के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल पर ही पलट चुकी बोलेरो को हाइड्रा मशीन की सहायता से उठाकर थाना लाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा फरार चालक की तलाश जारी है।

## नरेश यादव को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टेहरो पंचायत अंतर्गत खाब बदाल निवासी नरेश यादव को सतगावां प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी है। सोशल मीडिया पर पत्र आते ही बधाई देने वालों का तांता लग गया। वहीं नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधि नरेश यादव ने कहा कि मेरे द्वारा प्रखंड में मूल सुविधाओं पर अच्छी तरह से ध्यान दिया जायेगा। क्षेत्र में हरेक समस्याओं को बिना भेदभाव के समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, सुधीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, श्रवण यादव, अविनाश गोयल, अरविंद यादव, रोहित दुबे, प्रणव मुरारी, प्रदीप यादव, मनोज चौधरी, कमल नयन, धर्मेंद्र कुमार, पिंटू पंडित, कन्हैया कुमार आदि थे।

### खाद्य एवं उपभोक्ता वितरण विभाग, भारत सरकार के सचिव संजीव चोपड़ा का हजारीबाग दौरा

## गोदाम, पैक्स और जन वितरण केंद्र का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार के सचिव संजीव चोपड़ा ने गुरुवार को हजारीबाग जिले का दौरा कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**केंद्रीय भंडारण गृह का निरीक्षकन :** सचिव ने सबसे पहले केंद्रीय भंडारण निगम अंतर्गत संचालित केंद्रीय भंडार गृह, हजारीबाग का भ्रमण किया। उन्होंने खाद्यान्नों की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था, सुरक्षा प्रणाली, अग्निशमन सुविधा एवं सीसीटीवी निगरानी आदि का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। सचिव ने गोदाम के अंदर रखे अनाज के भौतिक गुणवत्ता की भी जांच की।



**सलगांवां पैक्स और नावाडीह पीडीएस दुकान का निरीक्षण** कटकमदाग प्रखंड के सलगांवां पैक्स का भी निरीक्षण किया। उन्होंने धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया, बायोमेट्रिक प्रणाली, ई-उपार्जन पोर्टल की जानकारी ली। उन्होंने किसानों के द्वारा खरीदी गई धान के भुगतान पर गति लाने की बात कही।

इसके पश्चात उन्होंने नावाडीह गांव स्थित सदानंद ओझा के जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने ई-पोश मशीन, वजन मापक प्रणाली, खाद्यान्न की गुणवत्ता, और ई-केवाईसी की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे फोटीफाईड चावल में अतिरिक्त पोषक तत्व होते हैं, जिसे सभी लाभुकों को नियमित रूप से उपयोग में लाना चाहिए।

**चुरचू प्रखंड नगड़ी बिरहोर टोला का दौरा :** सचिव चोपड़ा ने चुरचू प्रखंड के नगड़ी बिरहोर टोला का दौरा कर बिरहोर जनजाति के लोगों से मुलाकात की एवं उन्होंने बिरहोर कॉलोनी का निरीक्षण किया और समुदाय की शैक्षिक, सामाजिक और खाद्य सुरक्षा संबंधी समस्याओं को सुना।

इस दौरान उन्होंने 12वीं उत्तीर्ण छात्र रोहित बिरहोर से मिलकर आईएएस बनने के उसके संकल्प की सराहना की और अन्य बच्चों को शिक्षा जारी रखने और दूसरों को भी प्रेरित करने की सलाह दी। इस दौरान सचिव महोदय ने जनजातीय समुदाय द्वारा बनाई जा रही रस्सी निर्माण तकनीक की भी प्रशंसा की। परिसदन भवन में सचिव ने सीपी ग्राम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों की समीक्षा की और लाभुकों से प्रत्यक्ष रूप से संवाद किया। लोगों ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने, राशन कार्ड बंद होने, तथा ई-उपार्जन पोर्टल में नाम नहीं होने जैसी समस्याओं को साझा किया। सचिव ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को योग्य लाभुकों को शामिल करने और अयोग्य लाभुकों को विलोपित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## लापता दिनेश का शव कुआं में मिला, ग्रामीणों ने आरोपी के पिता को पीट कर मार डाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के पिपराडीह गांव के लापता दिनेश प्रजापति का शव कुएं में मिलने से उग्र ग्रामीणों ने आरोपी कुम्हरडीहा निवासी सुभाष प्रजापति के घर को किया आग के हवाले। सुभाष प्रजापति के पिता महेश प्रजापति 65 वर्ष पिता स्वर्गीय सोहर प्रजापति को पीट पीट कर मार डाला।

प्राप्त समाचार के अनुसार दिनेश प्रजापति की गुमशुदगी की सूचना बड़कागांव थाना में 6 जुलाई को दिनेश की पत्नी संगीता देवी ने दी थी। आवेदन में रुपये के लेनदेन की बात बतायी गयी थी। 7 जुलाई को कुमरडीहा निवासी सुभाष प्रजापति को पड़कर पुलिस के हवाले किया था। पुलिस ने पूछताछ कर सुभाष को इलाज के नाम पर छोड़ दिया। तत्पश्चात 10 जुलाई के सुबह सुभाष के गांव के कुएं में दिनेश प्रजापति का शव मिला, जिसमें उग्र ग्रामीणों ने पिपराडीह मुख्यपथ एवं विश्रामपुर चौक को जाम कर दिया गया। साथ ही साथ आरोपी सुभाष के घर में तोड़फोड़ करते हुए आग के हवाले कर दिया। मोटरसाइकिल सहित घर के कई सामान जल कर राख हो गया। भीड़ को देखकर महेश प्रजापति घर से निकलकर खेत तरफ जा रहा था की भीड़ ने पड़कर लगभग 1 किलोमीटर मारपीट करते हुए पिपराडीह गांव के मुख्य सड़क पर लाया गया और जमीन पर गिर गया। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। हालांकि मौके पर पुलिस पहुंचकर महेश प्रजापति को घायल समझकर बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मौके पर अग्निशमन के टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि मृतक महेश प्रजापति की पत्नी कौशल्या देवी पोती पायल कुमारी 17 वर्षीय सुनैना कुमारी मौके से गायब हैं। पुलिस दोनों मामले की तहकीकात कर रही है। बताया जाता है कि 7 जुलाई को दिनेश प्रजापति के अभिभावकों ने बड़कागांव थाना में हंगामा किया था। बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। दोनों मामलो में समाचार लिखे जाने तक पुलिस के नियंत्रण में हो गयी है। दोनों शव को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। मौके पर बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, थाना प्रभारी नमेधारी रजक, डाडी थाना प्रभारी पिंटू कुमार, कटकमदाग, केरेडारी, उरीमारी, पगार थाना के थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान पहुंचे थे। भीड़ की पिटाई से महेश प्रजापति की मौत के बाद लोग सन एवं अचंभित हैं। क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

## स्वतंत्रता सेनानी स्व रामेश्वर महतो की पुण्यतिथि कल


स्व. स्वतंत्रता सेनानी रामेश्वर महतो

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी स्व रामेश्वर महतो की पुण्यतिथि 12 जुलाई को इचाक प्रखंड के आरएम उच्च विद्यालय चंदा में मनायी जायेगी। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता के द्वारा दिन के 12 बजे किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा शामिल होंगे। जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह, प्रो विजय संदेश, भैया अभिमन्यु प्रसाद और लेखक विजय केशरी शामिल होंगे। कार्यक्रम के आयोजक स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व रामेश्वर महतो की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी में सभी लोग लगे है। साथ ही क्षेत्र के सभी बुद्धिजीवियों से कार्यक्रम के शामिल होने का अनुरोध किया है।

## डॉ अशोक कुमार ने हजारीबाग के नये सिविल सर्जन के रूप में संभाला पदभार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डॉ अशोक कुमार ने नए सिविल सर्जन के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर डॉ राहुल सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने डॉ. अशोक कुमार का स्वागत किया है। सभी ने आशा जताई की उनके कुशल नेतृत्व में हजारीबाग जिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। डॉ अशोक कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा की वे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और जनोपयोगी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पताल तक की सुविधाओं को और बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। हजारीबाग वासियों को उनसे नई ऊर्जा और कार्य संस्कृति की उम्मीद है।

## चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन को सख्ती से पेश आना होगा : विधायक



**बरही (आजाद सिपाही)।** बीते रात्रि सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राज सिंह चौहान के आवास पर हुई चोरी की खबर सुनकर विधायक उनके आवास पहुंचे। इस दौरान जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं बरही थाना प्रभारी आभाष कुमार भी मौजूद थे। इस दौरान विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बीते कुछ महीनों में बरही और चौपारण क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। जिसपर अंकुश लगाने में पुलिस प्रशासन विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जानकारी मिल रही है कि इन चोरियों के पीछे मुख्य रूप से नशाखोरी में संलिप्त लोग है। यह बेहद जरूरी है कि पुलिस इन गिरोह तक पहुंचकर उनका पदार्फाश करें जो युवाओं को नशे के दलदल में धकेल रहे है। जिसको लेकर उन्होंने कहा कि नशा परोसने वाले इन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज सिंह चौहान के आवास पर हुई चोरी की घटना ने स्थिति को गंभीरता को और बढ़ा दिया है। इससे साफ प्रतीत होता है कि अपराधियों के बीच अब प्रशासन का कोई डर भय नहीं रहा। जिसको लेकर उन्होंने बरही थाना प्रभारी से इस प्रकार की घटनाओं पर तत्काल लगाने और संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। मौके पर पंसस विकाश सिंह, उज्ज्वल उर्फ गोलू सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## डेढ़ साल के बच्चे को चोरी कर बेचने वाले दो युवक गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के बड़ा बाजार थाना क्षेत्र से गत 18 अप्रैल को डेढ़ वर्षीय बच्चे की चोरी का मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने बच्चा चोरी मामले में दो युवक को गिरफ्तार किया है और चोरी गये बच्चे को बरामद कर उसके मां को सौंप दिया है। चादो पासी, पति-मिथलेश पासी, स्थाई पता-भुईयां टोला, शिव मंदिर के पास, थाना-माडु, जिला-रामगढ़, वर्तमान पता-झोपड़ी पट्टी सरना मैदान, थाना-बड़ा बाजार ओपी जिला-हजारीबाग के द्वारा 18 अप्रैल को डेढ़ वर्ष के बच्चा मालिक पांसी को अज्ञात अपराधियों द्वारा चोरी कर लेने के आरोप में लिखित आवेदन दिया गया। अनुसंधान के क्रम जिस बच्चे के साथ अन्य एक बच्चा जिसका उम्र करीब 5 वर्ष था, उसने डेढ़ वर्ष के बच्चे के चोरी करने वाले व्यक्ति को सागर होटल, लक्ष्मी सिनेमा हॉल के पास देखा। सूचना पाकर पुलिस वहां पहुंची, तो दो व्यक्ति वहां उपस्थित मिले। जिनसे पुछताछ करने पर अपना नाम छोटु विश्वकर्मा उर्फ टिंकु, पिता-सुरेश विश्वकर्मा, पता-दरिया बरका, थाना ईचाक वर्तमान पता-जेपीए मोहल्ला, हजारीबाग एवं रोहित कुमार पिता-स्व रविंद्र राम, पता-लेपो रोड, थाना-सदर, हजारीबाग बताया। इन दोनों ने सुदीप स्वर्णकार एवं उसकी पत्नी सीमा शर्मा के साथ मिलकर उक्त बच्चा चोरी करने एवं बेचने में अपना-अपना संलिप्तता स्वीकार किया।

## भाकपा के अंचल सचिव बने आंनद पांडेय

**राज्य में व्यापक भ्रष्टाचार, बालू कोयला ,पत्थर में मची है लुट : महेंद्र पाठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** अंबेडकर भवन बरकट्ठा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल कमिटी की 11वां सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता कामरेड हेमराज प्रसाद उर्फ हीरालाल प्रसाद व अनवर हुसैन ने किया। मौके पर मुख्य रुप से भाकपा राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राज्य कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा कुमार जिला सचिव अनिरुद्ध कुमार घनश्याम राम विद्रोही मौजूद थे। मुख्य अतिथि राज्य सचिव महेंद्र पाठक समेत सभी लोगों ने पार्टी का झंडोत्तोलन कर शहीदों के वेदीपर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। सम्मेलन में 25 सदस्यीय अंचल कमिटी का गठन



किया गया, जिसमें हरेक पंचायत से पांच सदस्यो का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से आनंद पांडेय को दुबारा अंचल सचिव बनाया गया। मौके पर राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने संगठन विस्तार और मजबूती कर चर्चा करते हुए राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है सरकार दोनों हाथों से समेट रही है कोयला, बालु ,पत्थर में लुट मचा हुआ है गैरमजरुआ जमीन का रसीद कटना बंद पड़ा हुआ है आन लाइन के नाम पर प्रखंड मुख्यालय में अवैध वसूली हो रही है अगर सरकार इसे नहीं रोक लगती है तो हम लोग खेती के बाद प्रखंड मुख्यालय में विशाल जनआंदोलन करेंगे। वहीं जिला सम्मेलन के लिए बीस प्रतिनिधि चुने गए। मौके पर विश्वनाथ दास, शंकर मेहता, टेकचंद प्रसाद, हरिलाल मांझी संतोष बरनवाल, शंभू साव डेगलाल महतो, सुशील पांडे जागेश्वर राणा, अजीत पांडे प्रदीप पांडे, पाचु साव, भुवनेश्वर दास, कलाम अंसारी समेत दर्जनों कामरेड सदस्य उपस्थित थे।

## ओकनी तालाब का होगा कायाकल्प

**3 जुलाई 26 तक बंद कार्य को पूर्ण कराने का मिला आदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हाई कोर्ट से लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में ओकनी तालाब की लड़ाई लड़ रहे हजारीबाग पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट को एक बड़ी कामयाबी मिल गयी है। ट्रिब्यूनल का फैसला ओकनी तालाब को कब्जा से बचाने में लगे लोगों के पक्ष में आ गया। 199/2024 में 3.7.2025 को मामले में जस्टिस बी. अमित स्थालेकर (जुडिशल मेंबर) और एक्सपर्ट मेंबर में अरुण कुमार वर्मा ने सुनवाई करते हुए विभिन्न जांच रिपोर्ट, स्थल जांच कर सौंपा गया प्रतिवेदन और पर्यावरण ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष जयगोपाल राय द्वारा रखे गए तथ्यों का अवलोकन कर फैसला दिया। कहा कि ओकनी तालाब के कायाकल्प के



लिए रुका पड़ा काम पूरा कराये और इसके लिए एनजीटी ने 3 जुलाई 2026 की समय सीमा भी तय की। वहीं डीसी हजारीबाग को कहा है कि यह तालाब कैसे दूषित हो रहा है, कचरा फेंका जा रहा है, नाली का पानी गिराया जा रहा है, इसका जिम्मेवार कौन है तय करें और साथ ही इस तालाब के लिए एक्शन प्लान बने। एनजीटी के इस आदेश के बाद एक करोड़ 39 लाख का काम शुरू होने का मार्ग फिर प्रशस्त हो सकेगा। मामले में संस्था की ओर से प्रिंसिपल सेक्रेटरी झारखंड, हजारीबाग मुनिसिपल कारपोरेशन, डीसी हजारीबाग और मिनिस्ट्री ऑफ फारेस्ट को पार्टी बनाया गया था। शिकायत के बाद एनजीटी के निर्देश पर उच्चस्तरीय कमिटी ने स्थल जांचकर रिपोर्ट दी, जिसमें गंदगी के बिखरे होने, पानी के दूषित करने, नाली का पानी गिराने को लेकर रिपोर्ट किया गया। यह सब देखने के बाद 14.62 एकड़ में फैले ओकनी तालाब को लेकर यह बड़ा फैसला आया। जिसमें कार्ययोजना का भी जिक्र हुआ कि नाली का पानी तालाब में न गिरे, कचरा और गंदगी तालाब के मेढ़ पर जमा न हो, चारों ओर डस्टबीन की व्यवस्था हो, तालाब का फेंसिंग हो, जानवरों का प्रवेश बंद हो और पानी में मौजूद गंदगी और जलकुंभी हटाये। यह आदेश आते ही हजारीबाग पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के लोगों ने खुशी का इजहार किया।

## शिव मंदिर के मुख्य द्वार पर मुनका परिवार ने जड़ा ताला, प्रशासन ने लगायी निषेधाज्ञा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जारीबाग।** शहरी क्षेत्र के कृष्ण वल्लभ सहाय पथ में अवस्थित मुनका बगीचा धर्मशाला परिसर में स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर है, इसके पुरे परिसर पर मुनका परिवार का सामुहिक मालीकाना हक रहा है। धर्मशाला का संचालन मुनका परिवार आपस में एक समिति बनाकर करती है। परंतु कानी बाजार के सनातन धर्मावलंबी एवं मुनका परिवार अब आमने-सामने हैं, जहां सनातन धर्मावलंबियों का कहना है कि उक्त मंदिर हमारे आस्था का प्रतीक है। वहीं मुनका परिवार ने नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार सहित कई देवी देवताओं को प्रतिष्ठित कर विगत 19 मई से 25 मई तक प्राण प्रतिष्ठा कर उस मंदिर के देवी देवताओं का स्थानांतरण नव निर्मित मंदिर में करवाया है।

विवाद तभी प्रारंभ हुआ जब




नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की पुर्णाहुती 25 मई को हो रही थी और पुराने मंदिर में स्थापित शिवलिंग एवं देवी देवताओं को हटाया जाने लगा। सनातन धर्मावलंबियों ने घोर विरोध के बाद स्थानीय नेता मनोज नारायण भगत के नेतृत्व में नागरिक अनशन पर बैठ गये, जिसके बाद मुनका परिवार ने लिखित आश्वासन दिया की प्राचीन मंदिर यथास्थिति में रहेगा, लोग वहां भी पुजा अर्चना करेंगे। बाद में मंदिर का जिर्णोद्धार सब मिलकर करेंगे। इसके बाद मुनका परिवार के मुखिया ने अनशनकारियों को नारियल पानी पिला कर अनशन खत्म किया और उस दिन से दोनों मंदिरों में पुजा पाठ जारी था।

दिनांक 8 जुलाई को मुनका परिवार ने मुनका बगीचा धर्मशाला के मुख्यद्वार पर ताला बंदी कर अपने सभी कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया, जिससे मंदिर जाने का रास्ता बंद हो गया है। जिससे आहत होकर मंदिर में शिव चर्चा करनेवाली महिलाओं ने सबसे पहले मुनका परिवार से मिलकर गेट का ताला खोलने का अनुरोध किया। जब इनकी फरियाद नहीं मानी गयी, तो मंगलवार को मुख्य द्वार पर ही शिव चर्चा करने लगी तथा भजन कीर्तन प्रारंभ कर दिया है। नागरिकों की बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन ने एहतियातन न्याय संहिता की धारा 163 को प्रभावशाली करते हुए निषेधाज्ञा लगा दी और पुलिस बल को तैनात कर दिया है। इसके बाद सनातन धर्मावलंबियों ने सांसद मनीष जायसवाल के आवास पहुंचे, परंतु सांसद क्षेत्र से बाहर थे। सांसद ने फोन पर ही आश्वासन दिया कि 13 जुलाई को मुनका परिवार और प्रशासन से मिलकर समस्या का निदान करेंगे। इसके बाद लोगों ने अपना आंदोलन 13 तारीख तक स्थगित कर दिया।

## मेरे सर पे सदा तेरा हाथ रहे, खाटू वाले तू हमेशा मेरे साथ रहे...

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** श्री श्याम सेवा मंडल के तत्वधान में माहुरी भवन में आठवां अरदास कीर्तन बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। भक्तों ने कीर्तन का आनंद लिया। वहीं रांची से चल कर आयी तत्शा गुप्ता, बिहार के शानू कुमार एवं झुमरी तिलैया के धीरज पांडे, राकेश सिंह राजपूत, आराध्या सिंह, साक्षी भदानी, सुरेश यादव, पंकज केसरी ने दरबार मे अपनी हाजरी लगायी। कार्यक्रम का संचालन मंडल के बबलू सिंह ने किया। वहीं बाबा श्याम का भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा की गई। रांची से आये कलाकार तत्शा गुप्ता ने गजब का समा बांध और भजनों पर सभी को झूमने करने पर मजबूर कर दिया। मंडल के अध्यक्ष जोशी कुमार ने बताया कि 2025 दिसंबर तक का कीर्तन बुक हो चुका है। मंडल का उद्देश्य श्याम बाबा का प्रचार-प्रसार करना और स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करना है। जजमान के



रूप में सीताराम केशरी और सुजाता देवी थे। कार्यक्रम में पूजा अर्चना गौतम पांडेय ने करवाया। कीर्तन के पश्चात सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में रांची के तत्शा गुप्ता ने मेरे सर पे सदा तेरा हाथ रहे, खाटु वाले तू हमेशा मेरे साथ रहे.. धीरज पांडे ने आ जा रे कन्हैया आ जा रे .. राकेश सिंह राजपूत ने बाबा कृपा मनाने लगा है सब को खाटू बुलाने लगा है .. आराध्या सिन्हा ने इतनी सेवा सांवरे बनाए रखना मरते दम तक सेवा में लगाए रखना.. सुरेश यादव ने हारे के सहारे आजा हारे के सहारे आजा.. पंकज केसरी ने बाबा मेरी लाज बचाने आएगा पूरा है विश्वास जीतने आयेगा .. जैसे भजनों से भक्तों ने खूब झूमा। कार्यक्रम में काफी संख्या में भक्तों ने हाजरी लगाई। कार्यक्रम के पश्चात बाबा का भोग लगाया गया जिसके बाद सभी भक्तों ने ग्रहण किया। मौके पर मंडल के अध्यक्ष जोशी कुमार, धर्मेंद्र कुमार भगत, मनीष पहाड़ी, वीर कुमार गुप्ता, विनीत पहाड़ी, बबलू पहाड़ी, बबलू मोदी, उत्सर्ग भदानी, बिट्टू पहाड़ी, चीकू कुमार, शिव शंकर प्रसाद, दीपक पटेल, दीपक चंद्रवंशी, दीपेश जेठवा, रणधीर कप्सीमे, आयुष कुमार, गोरी भगत, संजय सूद, कमल सोनकर, जयकांत कांते, मनीष सेठ,आशीष कुमार, पंकज तर्वे, रामानुज कुमार, रोहित जोशी, संदीप लोहानी, सीताराम केशरी, सुरेश केशरी, श्रवण कुंअर, सूरज कसेरा, सूरज सहा, सुरेश, सुभराज, अभिषेक, रितेश, बबलू, संगीता जेठवाल, सीमा सहित मंडल के कई सदस्य उपस्थित थे।

# अपराधियों को सजा दिलाने के लिए इ-साक्ष्य एप का करें उपयोग : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** देश में नया क्रिमिनल लॉ बन गया है। अब अगर अपराधियों को सजा दिलाना है तो ई-साक्ष्य ऐप को लेकर भी पुलिस पदाधिकारी को जागरूक होना होगा। यह बातें गुरुवार को एसपी कार्यालय में आयोजित क्राइम मीटिंग में एसपी अजय कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि न्यू क्रिमिनल लॉ के तहत ही अब अपराधियों को बेहतर तरीके से सजा दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले में संगठित अपराध के खिलाफ भी लगातार अभियान चलाया जाना है। साथ ही कोयला, बालू और पत्थर के तस्करों पर भी विशेष निगाह रखी जानी है।

**लंबित मामलों का तत्काल करें निष्पादन :** बैठक के दौरान एसपी अजय कुमार ने कहा कि लंबित मामलों का निष्पादन अति शीघ्र होना चाहिए। हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सली, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृह भेदन, चोरी की वारदातों की समीक्षा की गयी। इस दौरान सक्रिय अपराधियों का प्रोफाइल तैयार करने, संवेदनशील कांडों में जेल से बाहर निकले अपराधियों एवं उनके जमानतदारों का वेरिफिकेशन करने की भी बात कही। सभी थाने में प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्क करने का भी निर्देश उन्होंने दिया। साथ ही लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की, पासपोर्ट, कैरेक्टर वेरीफिकेशन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामले पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पोक्सो एवं बलात्कार के मामलों को दो माह के अंदर निष्पादित करने की भी बात कही।



## राहुल दुबे गैंग के छह अपराधियों को पकड़ने वाले 11 पदाधिकारी हुए सम्मानित



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एसपी अजय कुमार ने भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में दहशत फैलाने वाले 6 अपराधियों को पकड़ने वाले पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित किया है। गुरुवार को क्राइम मीटिंग के बाद उन्होंने राहुल दुबे गैंग पर लगाम लगाने वाले पुलिस पदाधिकारियों की प्रशंसा की। एसपी ने बताया कि भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में राहुल दुबे गैंग के अपराधियों ने गोलीबारी की थी। इस मामले में 6 अपराधियों को एसआईटी के द्वारा पकड़ा गया था। साथ ही दो पिस्टल, पांच राउंड जिंदा गोली, मोटरसाइकिल, मोबाइल, घटना के समय पहने हुए कपड़े एवं जूते भी बरामद किये गये थे। इस पूरी टीम में 11 पदाधिकारी शामिल थे। पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, पतरातू इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रह्मवत कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर कुमार वर्मा, सब इंस्पेक्टर अविनाश कुमार, शिव कच्छप, कुणाल कुमार और विक्रम तिग्गा को सम्मानित किया गया है।

## गिरफ्तार अपराधियों के फिंगरप्रिंट नफीस पर करें अपडेट

एसपी ने कहा कि जितने भी अपराधी गिरफ्तार होकर जेल भेजे गये हैं, उनका फिंगरप्रिंट एनएएफआईएस पर अपलोड होना बेहद आवश्यक है। क्योंकि अक्सर जेल से निकलने के बाद वही अपराधी दोबारा घटनाओं को अंजाम देते हैं। फिर पुलिस उन्हें पहचान करने में समय गंवा देती है। अगर नफीस पर उनके फिंगरप्रिंट अपडेट रहेंगे तो सबूत के आधार पर उनका मिलान कर तत्काल उनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है। पुराने मामलों में आरोपियों को भी समय पर अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, सड़क सुरक्षा पर भी उन्होंने ध्यान देने को कहा।

## पतरातू से 70 कांवरियों का जत्था देवघर पहुंचा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने प्रखंड के 70 कांवरियों को बोल बम के लिए रवाना किया। प्रखंड के पालू पंचायत के पिपरी टोला से बोल बम जाने वाले कांवरिया गुरुवार को पिपरीटोला काली मंदिर स्थित जमा हुए। उसके बाद गांव के देव स्थलों पर पूजा अर्चना की गयर और एक बस से बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर बोल बम के नारों से पूरा पतरातू क्षेत्र गूंज उठा। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदीया प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल धनेश्वर महतो, प्रकाश सुरेंद्र उरांव ने सभी कांवरियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा भोलेनाथ सभी भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं सभी भक्तगण बाबा भोलेनाथ से पतरातू प्रखंड सहित पूरे झारखंड एवं देश की खुशियली सुख शांति एवं अमन चैन की कामना करें। इस अवसर पर देवघर रवाना होने वालों में ललिता देवी, दीपिका देवी, सरिता देवी ,अनीता देवी ,मुनिता देवी, मालती देवी, शांति देवी गणिता देवी, राजेश महतो, संजय महतो, नरेश महतो, मिंटू महतो ,अर्जुन महतो, लाल धारी महतो, सुशील महतो, प्रणव कुमार, विनोद कुमार, टेकलाल महतो ,संजय कुमार सहित कई कांवरिया शामिल है।

## भाजपा नेता ने रघुवर दास से की औपचारिक मुलाकात



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा युवा नेता सुबीन तिवारी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास से शिष्टाचार मुलाकात की। सुबीन तिवारी ने उन्हें भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अपना आदर प्रकट किया। इस आत्मीय भेंट के दौरान रघुवर दास ने युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए कहा,आज संगठन को ऐसे ऊर्जावान और समर्पित युवाओं की आवश्यकता है जो न केवल स्वयं नेतृत्व करें बल्कि अन्य युवाओं को भी संगठन से जोड़ें और संगठन को मजबूती प्रदान करें।सुबीन तिवारी ने कहा कि रघुवर दास की सादगी, सरलता और सुशासन में विश्वास रखने वाला व्यक्तित्व मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उनके कार्यकाल में झारखंड ने विकास, सुशासन, अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का अनुभव किया। आज भी वे हम युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत हैं। इस भेंट के बाद सुबीन तिवारी ने यह विश्वास जताया कि वे पार्टी और संगठन को मजबूती देने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा और निष्ठा के साथ काम करते रहेंगे।

## साईं मंदिर भुरकुंडा का 15वां वार्षिकोत्सव आज

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** साईं सेवा समिति के तत्वावधान में भुरकुंडा बाजार मेन रोड स्थित साईं मंदिर में शुक्रवार को धूमधाम एवं श्रद्धाभाव के साथ 15वां वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा। सर्वप्रथम साईं बाबा को शाही स्नान कराया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच साईं बाबा की विशेष पूजा की जायेगी। पूजा के उपरांत महाआरती होगा। तत्पश्चात बाबा की पालकी का नगर भ्रमण कराया जायेगा। जो भुरकुंडा बाजार से शुरू होकर, जवाहर नगर, बौनर धौड़ा आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचेगा। वहीं शाम में भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी साईं समिति के अध्यक्ष जगतार सिंह ने दी।

## करमा खान के हादसे बाद सीसीएल ने चलाया जागरूकता अभियान



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल करमा कोलियरी में अवैध खनन में हुए हादसे के बाद प्रबंधन ने सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता अभियान पीओ रामेश्वर मुंडा और कोलियरी मैनेजर संजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन पर गुरुवार को सुरक्षा प्रभारी सुभाष सिन्हा ने लाउडस्पीकर के माध्यम से कोलियरी से सटा ग्राम महुआटुंगरी, सुगीया, खीराबेड़ा, ललिताडाही, धनबेदवा, उखरवेदवा में लोगों को जागरुक करने का कार्य किया। इस दौरान माइनिंग सदस्य सुरेश उरांव ने लोगों से खदान के अंदर अनाधिकृत रूप से नहीं घुसने, अवैध कोयले का खनन नहीं करने, पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई, सजा के प्रावधान से अवगत कराया। कहा कि कोई भी व्यक्ति खुली खदान के अंदर प्रवेश करते हैं या फिर उनके साथ किसी तरह की कोई अप्रिय घटना हो जाती है तो प्रबंधन इसका जिम्मेवार नहीं होगा। जागरूकता अभियान में देवेंद्र शर्मा, रामरतन सिंह, यासिर अराफात, अवधेश बेदिया, अनिल टुडू समेत कई लोग शामिल रहे। मालूम हो कि गत शनिवार को करमा कोलियरी में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जिसमें अब भी कई लोग अस्पताल में इलाजरत है।

## सांसद कालीचरण सिंह का फर्जी फेसबुक आइडी बनाकर लोगों से पैसे की मांग, शिकायत दर्ज



**चतरा (आजाद सिपाही)।** दो दिन पूर्व साइबर अपराधी जिले के वर्तमान व निवर्तमान उपायुक्त के नाम पर भी फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर परेशान कर रहे थे। अब चतरा सांसद कालीचरण सिंह के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों से पैसे की मांग की जा रही है। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि किसी साइबर अपराधी द्वारा उनके फोटो का गलत इस्तेमाल कर फेसबुक पर उनके नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बना कर लोगों से सहयोग राशि की मांग की जा रही है। सांसद कालीचरण सिंह ने लोगों से ऐसे साइबर फ्रॉड से बचने की अपील किया है। सांसद ने कहा कि ऐसे किसी भी फ्राड के झांसे में नहीं आये। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व मंगलवार जिले के वर्तमान उपायुक्त कृतिश्री जी और निवर्तमान उपायुक्त रमेश घोलप के नाम से भी फर्जी फेसबुक आईडी बना कर लोगों से ठगी का प्रयास किया गया था। इसके बाद जिला प्रशासन ने आम लोगों से ऐसे साइबर अपराधियों से बचने की अपील किया था। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा है कि यदि किन्हीं व्यक्ति को उनके नाम पर किसी अनजान नंबर एवं नाम पर काल, मैसेज या व्हाट्सएप संदेश प्राप्त हो, तो उसे नजरअंदाज करें। ऐसे किसी भी संदेश या कॉल में मांगी गयी जानकारी, दस्तावेज या आर्थिक लेन-देन संबंधी अनुरोध को गंभीरता से नही लें। इस तरह की किसी भी गतिविधियों की जानकारी स्थानीय थाना या उन्हें या उसके जिला प्रतिनिधि विनय सिंह को दें। ताकि आरोपी व्यक्ति या नंबर के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस मामले में सांसद के जिला प्रतिनिधि विनय सिंह ने सदर थाना में अज्ञात साइबर अपराधियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के लिए आवेदन भी दिया है।

# सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में सुरक्षा बलों पर हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के रजरप्पा क्षेत्र में विगत 24 घंटों के भीतर दो गंभीर घटनाएं सामने आयी हैं, जिनमें असामाजिक तत्वों द्वारा डीजल और कोयले की चोरी करते हुए सुरक्षाकर्मियों पर जानलेवा हमला किया गया।

**पहली घटना : 10 जुलाई 2025, प्रात लगभग 7 बजे**

उपरोक्त घटना के कुछ ही घंटों बाद, लगभग 15-20 महिलाओं एवं कुछ बाइक सवार पुरुषों ने प्रतिबंधित खदान क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश कर कोयला होपर के कोयला लूटना शुरू किया। रोकने का प्रयास करने पर सुरक्षाकर्मियों पर पत्थरबाजी एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इस हमले में एक



महिला होमगार्ड घायल हो गयी हैं, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया है। उपस्थित सुरक्षाकर्मियों के अनुसार ये महिलाएं पास के केवट टोला निवासी हैं और आये दिन इस प्रकार से आतंकित करती हैं। मौके से एक महिला को पकड़ा गया और सारा कोयला जब्त किया गया। बाद में लिखित माफीनामा और दुबारा ऐसा कृत्य न करने के शर्त पर छोड़ दिया गया।

**दूसरी घटना: 09 जुलाई 2025, रात्रि लगभग 2 बजे**

रात्रि गश्ती दल द्वारा रजरप्पा खुली खदान के सेक्शन-2 में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को सीसीएल के डीजल की चोरी करते हुए पकड़ा गया। रोक-टोक के दौरान, लगभग 15-16 अज्ञात हमलावरों ने सुरक्षा वाहन को घेर लिया और सुरक्षाकर्मियों के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की। हमलावरों ने सुरक्षाकर्मियों की वर्दियां फाड़ दीं, जान से मारने की धमकी दी, और पेट्रोलिंग वाहन को पलट देने की धमकी दी। घटना के दौरान उनकी लाठियां भी छीन ली गयी और उन पर पत्थर फेंकते हुए फरार हो गये। हॉपर के पास खड़े डोजर का शीशा भी फोड़ दिया। घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ हमलावर भुचुंगडीह गांव के निवासी हैं।

**सीसीएल प्रबंधन का रुख :** सीसीएल प्रबंधन इस प्रकार की घटनाओं की कड़े शब्दों में निंदा करता है और इस विषय में स्थानीय प्रशासन से त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की मांग करता है। सीसीएल की संपत्ति की रक्षा हेतु तैनात सुरक्षाकर्मी निरंतर अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे हैं। प्रबंधन द्वारा इस घटना के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी गयी है।

# उपायुक्त ने कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्रों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र का एक दिवसीय निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरूआत बकचुम्बा पंचायत अंतर्गत सेवइयां गढ़ा में खरछढर समूह दीदियों द्वारा संचालित मलचिंग कृषि परियोजना एवं बकरी पालन कार्य के अवलोकन से की गयी। उपायुक्त ने दीदियों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की और उन्हें आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया।



**जनता दरबार में सुनी जन समस्याएं, कुछ का त्वरित निष्पादन :** निरीक्षण के उपरांत प्रखंड सह अंचल कार्यालय, कान्हाचट्टी में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें राशन कार्ड, भूमि अतिक्रमण, आपदा सहायता, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व पुल निर्माण आदि विषयों से संबंधित जन समस्याओं को उपायुक्त द्वारा गंभीरता से सुना गया। कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया, जबकि अन्य मामलों के लिए संबंधित विभागों को एक सप्ताह के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

**पंचायत सचिवालय और विद्यालय निरीक्षण :** उपायुक्त ने पंचायत भवन, राजपुर का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इसके उपरांत एकलव्य विद्यालय, कान्हाचट्टी का दौरा किया गया। जहां उन्होंने छात्राओं से संवाद कर पठन-पाठन, ड्रेस, खेल मैदान, बिजली आपूर्ति इत्यादि से जुड़ी समस्याएं जानीं। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये।

**जनप्रतिनिधियों से संवाद व सुझावों पर सहमति :** जनता दरबार में उपस्थित मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड प्रमुख इत्यादि जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, स्कूल उच्चीकरण, सड़क, पुल/पुलिया, चेकडैम निर्माण, सड़क सुरक्षा, एवं पंचायत भवन में नेटवर्क सुधार समेत अन्य विषयों पर सुझाव दिये। उपायुक्त ने सभी मांगों पर यथाशीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# सीबीएसइ क्लस्टर-3 फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन, खेल प्रेमियों में उत्साह

**खेल अनुशासित और सफल जीवन जीने की प्रेरणा देती है : राजेश प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) द्वारा आयोजित क्लस्टर-3 फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान में भव्य समारोह के साथ किया गया। आयोजन 10 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक चलेगा। जिसमें झारखंड और बिहार राज्य के विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में कुल 65 टीम भाग ले रहे हैं।



टूर्नामेंट का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व गोविंद साह और स्व राधा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उद्घाटन समारोह में अतिथि के रूप में कर्नल एंटनी (सीओ), 22 बटालियन एनसीसी, हजारीबाग मार्कस हेंब्रम, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़, राजेश प्रसाद सिन्हा, पर्यवेक्षक सीबीएसई क्लस्ट-3 हरजाप सिंह प्राचार्य, गुरुनानक स्कूल, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह, संस्था सचिव प्रियंका कुमारी, राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. सुजीत कुमार मोहंती, राधा गोविंद इंटर कॉलेज की प्राचार्य सोमा पांडेय, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार और डॉ संजय सिंह उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र भेंटकर किया गया।

स्वागत भाषण एवं शपथ ग्रहण प्राचार्य डॉ. सुजीत कुमार मोहंती द्वारा दिया गया। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें अपना बहुमूल्य समय देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है। कर्नल एंटनी ने सभी खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलनेर की प्रेरणा दी। मार्कस हेंब्रम ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। राजेश प्रसाद सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक है बल्कि यह व्यक्ति को अनुशासित और सफल जीवन जीने की प्रेरणा भी देता है। उद्घाटन मैच में अंडर-14 ग्रुप, टेंडर हर्ट स्कूल, रांची एवं त्रिभुवन पब्लिक स्कूल, पटना, बिहार के बीच खेला गया। जिसमें दो गोल से टेंडर हर्ट स्कूल विजयी रहा। प्रतियोगिता के मुख्य मुकाबले राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान और रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड में हो रहे हैं।

## नये सिविल सर्जन ने किया पदभार ग्रहण




**चतरा (आजाद सिपाही)।** नवपदस्थापित सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने यह पदभार निर्वतमान सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार से ग्रहण किया। योगदान लेने के पश्चात सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद ने कहा कि ज़िले के स्वास्थ सुविधा को बेहतर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में किसी भी तरह की परेशानी होने पर लोग सीधे उनसे मिलकर अपनी समस्या रख सकते हैं। उनके समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉक्टर ललित रंजन पाठक का स्थानांतरण स्वास्थ्य निदेशालय रांची में उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं के पद पर किया गया है। उन्हें विदाई दी गयी। विदाई समारोह में समरेश कुमार लिपिक सिविल सर्जन कार्यालय, रविंद्र कुमार, राजेश कुमार, सरयु यादव, सुनील गुप्ता, रविंद्र विश्वकर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पोखराज कुमार समेत अन्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## चतरा कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनी गुरु पूर्णिमा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा कॉलेज के बीएड विभाग में 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर चतरा कॉलेज, चतरा के प्राचार्य महोदय डॉ मुकेश झा, बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नंद किशोर सिंह, प्रो प्रेम बसंत बाखला, डॉ ग्लोरिया ग्रेस होरो, डॉ कंचन सोय मुरूम, प्रो अमित कुमार सिंह तथा बी.एड प्रशिक्षु छात्र छात्राएं उपस्थित थे। बीएड विभाग सत्र (2024-2026) के प्रशिक्षु श्रुति, नेहा, त्रिशू, आर्शी, बिट्टू, समीर ने गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में अपने गुरुजनों का आभार करते हुए अपनी बातों को रखा। बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह ने प्रथम गुरु मां को बताया। अपने सारे गुरुजनों को नमन करते हुए कहा कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है। चतरा कॉलेज चतरा के प्राचार्य डॉ मुकेश झा ने अपने गुरुओं को नमन करते हुए कहा कि गुरुपूर्णिमा अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा, आभार और प्रेम प्रकट करने का शुभ अवसर है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिए खुली निविदाएँ**

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:**

ई-निविदा संख्या : ईएल/20/खुली2025-26

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : (अ) जेबीवीएनएल के हीरापुर सबस्टेशन से धनबाद स्थित रेलवे के सेंट्रल सबस्टेशन तक 11 केवी ट्रांसमिशन लाइन का सुदृढ़ीकरण (ब) धनबाद डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर अर्थिंग सिस्टम का विस्तार (कार्य समापन अवधि: बारह माह) 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः रु.79,35,656.73 3. बिड सिक्युरिटी: रु.1,58,700.00

ई-निविदा संख्या : ईएल/21/खुली2025-26

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : (अ) JAN और BKRO सेक्शन के बीच निर्माण के शेष कार्य के संबंध में JAN स्टेशन पर एलसी4/एसपीएल/टी गेट लॉज के प्रतिस्थापन, साइड और सेंट्रल ड्रेन, प्लेटफॉर्म शेड आदि के प्रावधान से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (ब) धनबाद डिवीजन में विभिन्न एलसी गेटों पर AT प्रदान करके बिजली आपूर्ति प्रणाली का विस्तार (कार्य समापन अवधि: बारह माह) 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः रु22,04,373.92 3. बिड सिक्युरिटी: रु.44,100.00

ई-निविदा संख्या : ईएल/22/खुली2025-26

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : BRKA-बरकाकाना में कोच रखरखाव पिट का विस्तार से संबंधित वैद्युतिक कार्य (कार्य समापन अवधि: बारह माह) 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः रु 77,70,247.38 3. बिड सिक्युरिटी: रु. 1,55,400.00

ई-निविदा संख्या : ईएल/23/खुली2025-26

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनवाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पैनल रूम में एसी सुविधा का प्रावधान। (कार्य समापन अवधि: बारह माह) 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः रु 52,41,326.64 3. बिड सिक्युरिटी: रु. 1,04,800.00

4. बिड मूल्यांकन प्रणाली : एक पैकेट प्रणाली 5. ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः ई-निविदा बंद होने की तिथिः दिनांक 31.07.2025 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 31.07.2025 को 11:30 बजे के बाद। 6. वेबसाईट का विवरणः वेबसाईट ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0566/डीएचएन/टी/25-26



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना संख्या**

**एस एण्ड टी-सी-डीएनआर-80**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/दानापुर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा संख्या : एस एण्ड टी-सी-डीएनआर-80,**

**कार्य का नाम :** तिलैया-कोडरमा नई लाइन के संबंध में लौंद, खेरौंद और आईबीपी में ईआई का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग के साथ-साथ खेरौंद में आउटडोर का बैलेंस/पुनर्स्थापन कार्य और गढ़वा रोड आरओआर चरण ।। के संबंध में गढ़वा रोड और सिगसिगी में मौजूदा सीमेंस मेक एमके ।। ईआई के डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग में परिवर्तन जिसमें दूरसंचार कार्य शामिल है।, **अनुमानित लागत :** रू 24,63,56,714.23, **अमानत राशि :** रू 13,81,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य, **कार्य निस्पदित करने का समयः** 09 महीना, **ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समयः** 31.07.2025 को 14.30 बजे तक, **विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट** http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।

उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/
निर्माण/।।/दानापुर

पीआर/0571/कंस्ट्रक्शन. दानापुर/एसएण्डटी/टी/25-26/40



**रांची मंडल पर पार्सल स्कैनर, पार्सल वैन, बैटरी चालित कार, विज्ञापन, पार्किंग, प्रमोशनल किओस्क और एटीएम के लिए ई-नीलामी**

**संख्याः सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2025** **दिनांकः 10.07.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची ने रांची मंडल पर ई-नीलामी आमंत्रित की है। कैटलॉग पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं: **श्रेणी; कैटलॉग संख्या; संपत्ति विवरण; नीलामी शुरू; नीलामी बंद होने की तिथिः** ● पार्सल स्कैनर (विविध स्थैतिक); आरएनसीपीएस17; रांची मंडल के रांची और हटिया पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर की स्थापना और संचालन; 14.07.2025 को 10:00 बजे; 14.07.2025 को 10:40 बजे; ● बैटरी चालित कार (विविध स्थैतिक); आरएनसीबीओसी16; रांची मंडल के रांची और हटिया में बैटरी चालित कार के संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी; 23.07.2025 को 11:00 बजे; 23.07.2025 को 11:40 बजे; ● विज्ञापन; आरएनसीएडीवीटी39; रांची मंडल पर वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधों (आउट ऑफ होम के 10 नंबर, इनसाइड स्टेशन के 3 नंबर, ट्रेन इंटीरियर-07, ट्रेन एक्सटीरियर-11) के लिए ई-नीलामी; 17.07.2025 को 11:00 बजे; 17.07.2025 को 16:30 बजे; ● पार्किंग; आरएनसीपार्किंग 39; टांगरबंसुली, इटकी और सुइसा स्टेशन पर पार्किंग के प्रबंधन के लिए ई-नीलामी; 21.07.2025 को 11:00 बजे; 21.07.2025 को 11:50 बजे; ● प्रमोशनल किओस्क (विविध स्थैतिक); आरएनसीप्रमोशन3; रांची मंडल के रांची स्टेशन पर प्रमोशनल किओस्क की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी; 21.07.2025 को 11:00 बजे; 21.07.2025 को 11:30 बजे; ● एटीएम; आएनसीएटीएम39; रांची मंडल पर एटीएम के लिए 06 संपत्तियों के लिए ई-नीलामी; 23.07.2025 को 11:00 बजे; 23.07.2025 को 12:20 बजे। **नोटः** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ई-नीलामी पट्टे मॉड्यूल पर जाएं। उपर्युक्त कैटलॉग के तहत लॉट वार विवरण उपलब्ध हैं।

(PR-380) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# हादसों में उजड़ रहे परिवार

भारत में प्रतिदिन औसतन 1264 सड़क दुर्घटनाओं में 474 लोगों की मौतें तथा बड़ी संख्या में लोग घायल हो रहे हैं। स्थिति की गंभीरता का अनुमान पिछले 8 दिनों में हुई इन दुर्घटनाओं से लगाया जा सकता है। 1 जुलाई, 2025 को रायपुर (छत्तीसगढ़) में ट्रक से आगे निकलने की कोशिश में एक प्राइवेट बस ने ट्रक को टक्कर मार दी जिससे बस में सवार एक महिला और 2 पुरुषों सहित 3 लोगों की मृत्यु हो गयी। 3 जुलाई को राई (हरियाणा) में एनएच-44 स्थित साक्टर 7 के सामने एक ट्राले की टक्कर से कार में आग लग जाने से 3 दोस्तों की मौत हो गई। 3 जुलाई को ही लुधियाना में गिल गांव के निकट सड़क पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार बस ने कुचल कर मार डाला। 6 जुलाई को माहिलपुर (पंजाब) में जम्मू से दिल्ली जा रही एक टूरिस्ट बस तथा ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत और 2 अन्य घायल हो गए। 6 जुलाई को ही बारां (राजस्थान) जिले में एक कार के सड़क पर खड़ी पिकअप वैन से टकरा जाने के कारण 4 लोगों की मौत हो गयी। 7 जुलाई को दसूहा (होशियारपुर) में हाजीपुर-दसूहा रोड पर गांव सगरां के निकट तलवाड़ा से दसूहा जा रही निजी कंपनी की तेज रफ्तार और ओवरलोड मिनी बस बेकाबू होकर पलटियां खाने के बाद सड़क किनारे खड़ी एक कार से जा टकराई। इसके परिणामस्वरूप उसमें सवार एक मां-बेटी सहित 10 लोगों की मौत और 33 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। 32 सीटों वाली बस में 45 सवारियां थीं। 7 जुलाई को ही गजरौला (उत्तर प्रदेश) में एक कार सड़क पर खड़े ट्रक में जा घुसी जिससे पुलिस स्पेशल ब्रांच में कार्यरत हैड कांस्टेबल और उनकी पत्नी की मौत तथा दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। 7 जुलाई को ही शहडोल (मध्य प्रदेश) में जोरा गांव के निकट ड्राइवर को नींद आ जाने के कारण एक मल्टी यूटिलिटी वाहन के एक पेड़ से टकरा जाने से 3 महिलाओं की मौत हो गयी। 7 जुलाई को ही संभल (उत्तर प्रदेश) के हरगोबिंदपुर गांव में एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसमें सवार विवाह करवाने जा रहे दूल्हे समेत 8 लोगों की मौत हो गयी। 8 जुलाई को कडलूर (तमिलनाडु) जिले में एक स्कूल वैन और ट्रेन की टक्कर में 3 मासूम बच्चों की मौत हो गयी। 8 जुलाई को तंजावुर (तमिलनाडु) में एक कार और मिनी ट्रक की टक्कर में एक ही परिवार के 4 लोगों की जान चली गई। 8 जुलाई को ही फिल्लौर (पंजाब) के नेशनल हाइवे पर टाइलों से भरा वाहन बेकाबू होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार 6 में से 3 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि अन्य 3 गंभीर रूप से जख्मी हो गये। हमारे देश में वाहनों की रफ्तार में वृद्धि के साथ दुर्घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है जिससे परिवार उजड़ रहे हैं। इसके बड़े कारणों में सड़क निर्माण में त्रुटियां, निर्धारित से अधिक यात्री बिठाना, वाहन चालकों द्वारा शराब पीकर, मोबाइल पर बात करते हुए और बिना आराम किये लंबे समय तक वाहन चलाना आदि मुख्य हैं।

**बड़े कारणों में सड़क निर्माण में त्रुटियां, निर्धारित से अधिक यात्री बिठाना, वाहन चालकों द्वारा शराब पीकर, मोबाइल पर बात करते हुए और बिना आराम किये लंबे समय तक वाहन चलाना आदि मुख्य हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। भारत की उल्लेखनीय खेल उपलब्धियां युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की सशक्त पहलों का प्रत्यक्ष परिणाम हैं, जिनमें खेलो इंडिया, राष्ट्रीय खेल विकास कोष और लक्षित पुरस्कार जैसी योजनाएं शामिल हैं, जो एथलीटों के विकास और अवसंरचना विकास को बढ़ावा देती हैं। उदाहरण के लिए, खेलो इंडिया, युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं में से एक है, जिसका वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए बजट आवंटन 1,000 करोड़ रुपये है।**

# खेल भविष्य की नयी परिभाषा : नया आत्मविश्वास, गौरव के नये कीर्तिमान

पीआइबी





तीन दशक पहले तक, बच्चों के लिए खेलकूद एक आनंददायक विश्राम था, जो स्कूल और होमवर्क के बीच सिमटा हुआ था। धूल भरे आस-पड़ोस के मैदानों पर क्रिकेट या फुटबॉल खेलना, नायकों के अनुकरण का सपना देखना, लेकिन खेलों को कभी भी एक व्यावहारिक करियर नहीं मानना, एक आम सोच थी। उस समय, सीमित खेल अवसंरचना और एथलेटिक्स की तुलना में शिक्षा को प्राथमिकता देने वाले समाज के कारण, खेलों को केवल एक शौक के रूप में देखा जाता था।

शुरुआत में, भारत में खेलों के प्रति संस्थागत ध्यान का अभाव था, सरकारी समर्थन न्यूनतम था और समाज एथलेटिक्स की तुलना में शिक्षा पर अधिक जोर देता था। सीमित करियर संभावनाओं के कारण, खेल और शारीरिक शिक्षा को अक्सर पाठ्येतर गतिविधि माना जाता था। हालाँकि, समय के साथ, सहायक सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से, जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति और अवसंरचना प्रदान करके, इस स्थिति में बदलाव आया, जिससे खेल एक संगठित क्षेत्र बन गया। इन प्रयासों का परिणाम ऐतिहासिक खेलो भारत नीति 2025 के रूप में सामने आया। खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण रहे हैं, जो युवा एथलीटों को राष्ट्रीय युवा लीग, उन्नत प्रशिक्षण सुविधाएँ और छात्रवृत्ति प्रदान करते हैं। इन प्रयासों से धारणाओं में बदलाव आया है, प्रोत्साहन की संस्कृति को बढ़ावा मिला है तथा अवसंरचना, कोचिंग और करियर के अवसर सामने आये हैं, जिससे असंख्य उत्साही लोग गर्व और महत्वाकांक्षा के साथ पेशेवर रूप से खेलों को अपना रहे हैं।

**खेलो भारत नीति 2025 एक आशा की किरण बन कर उभरी है।**

खेलो भारत नीति - 2025 एक ऐतिहासिक पहल है जिसका उद्देश्य देश के खेल परिदृश्य को नया स्वरुप देना और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना है। यह नीति जमीनी स्तर से लेकर उच्च स्तर तक खेल कार्यक्रमों को मजबूत करने पर केंद्रित है, जिसमें शुरूआती दौर में प्रतिभाओं की पहचान और मार्गदर्शन, प्रतिस्पर्धी लीग और प्रतियोगिताओं को बढ़ावा और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अवसंरचना विकास शामिल हैं। इसका उद्देश्य एनएसएफ की क्षमता और संचालन को बढ़ाते हुए, प्रशिक्षण, कोचिंग और समग्र एथलीट सहायता के लिए विश्व स्तरीय प्रणालियों का निर्माण करना है।

भारत, जिसकी 65% आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, दुनिया का सबसे बड़ा युवा जनसांख्यिकी वाला देश है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, सरकार ने युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय को रिकॉर्ड 3,794 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं - जो वित्त वर्ष 2014-15 की तुलना में 130.9% की वृद्धि है। इसमें से 2,191 करोड़ रुपये केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के लिए निर्धारित हैं, जबकि 1,000 करोड़ रुपये खेलो इंडिया कार्यक्रम के लिए आवंटित किए गए हैं, जो भारत के खेल भविष्य के निर्माण पर सरकार के विशेष ध्यान को रेखांकित करता है।

पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत की उल्लेखनीय खेल उपलब्धियां युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की सशक्त पहलों का प्रत्यक्ष परिणाम हैं, जिनमें खेलो इंडिया, राष्ट्रीय खेल विकास कोष और लक्षित पुरस्कार जैसी योजनाएँ शामिल हैं, जो एथलीटों के विकास और अवसंरचना विकास को बढ़ावा देती हैं। उदाहरण के लिए, खेलो इंडिया, युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं में से एक है, जिसका वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए बजट आवंटन 1,000 करोड़ रुपये है।

2016-17 में शुरू किया गया खेलो इंडिया कार्यक्रम, पूरे भारत में जन भागीदारी और खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है, जिसका 2021 में 3,790.50 करोड़ रुपये के बजट के साथ विस्तार किया गया है। इस कार्यक्रम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी, 2018 में शुरू हुआ, 2025 तक 27 खेलों तक विस्तारित), खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआइयूजी), खेलो इंडिया पैरा गेम्स और खेलो इंडिया विंटर गेम्स (केआईडब्ल्यूजी) जैसे वार्षिक आयोजन शामिल हैं, जिनके 17 आयोजनों में 50,000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया है। 2018 में शुरू हुए खेलो इंडिया स्कूल गेम्स, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के सहयोग से 2019 में केआईवाईजी के रूप में विकसित हुआ। 2023 और 2025 के पैरा गेम्स में 1,300 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया।

खेलो इंडिया उभरती प्रतिभा पहचान (कीर्ति) कार्यक्रम 9-18 वर्ष की आयु के बच्चों को लक्षित करता है, जिसमें योग्यता-आधारित प्रतिभा खोज के लिए 174 प्रतिभा मूल्यांकन केंद्रों (टीएसी) का उपयोग किया जाता है। कीर्ति का लक्ष्य एथलीटों की एक श्रृंखला तैयार करना है ताकि भारत को 2036 तक शीर्ष 10 खेल राष्ट्रों में और 2047 तक शीर्ष 5 में स्थान मिल सके।

भारत में खेलों के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण के साथ, सरकार ने एक मजबूत खेल इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए खेल शिक्षा को प्राथमिकता दी है, जिससे एथलेटिक्स मात्र एक मनोरंजन गतिविधि से एक पेशेवर करियर में बदल गया है। 2018 में मणिपुर के इम्फाल में स्थापित राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन और कोचिंग में खेल शिक्षा के लिए एक समर्पित संस्थान है, जो कैनबरा और विक्टोरिया जैसे विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापनों के माध्यम से वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाकर चुनिंदा विषयों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी कार्य करता है। यह संस्थान वैश्विक प्रतिभाओं को मार्गदर्शन व समर्थन देने के राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए, शारीरिक शिक्षा, खेल विज्ञान और उत्कृष्ट प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता है। अपने आदर्श वाक्य, शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण के माध्यम से खेल उत्कृष्टता के अनुरूप, विश्वविद्यालय का लक्ष्य खेल शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण में विश्व स्तर पर अग्रणी बनना और विश्व स्तरीय एथलीटों को बढ़ावा देना है।

भारतीय खेलों के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय योगदानकर्ता सिद्दी समुदाय है, जो पूर्वी अफ्रीका के बंटू लोगों के वंशज हैं और सदियों से भारत में रह रहे हैं। उनकी प्रतिभा की पहचान करने और मार्गदर्शन व समर्थन प्रदान करने के प्रति भारत सरकार के अपार समर्थन से, उन्होंने खेलों, विशेष रूप से एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और जूडो में विशिष्ट योगदान दिया है।

भारत के ऐतिहासिक अफ्रीकी प्रवासियों के वंशज जातीय समुदाय से ताल्लुक रखने वाली सिद्दी एथलीट सामंथा सेवर सिद्दी ने पत्र सूचना कार्यालय (पीआइबी) के साथ एक टेलीफोन-साक्षात्कार में कहा कि खेलो भारत नीति 2025 निस्संदेह भारतीय खेल परिदृश्य में एक मील का पत्थर है और उन्हें पूरा विश्वास है कि इसके शानदार परिणाम सामने आयेंगे। अपने नियमित कार्यक्रम का ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया कि वे बेंगलुरु स्थित जय प्रकाश नारायण स्पोर्ट्स अकादमी में सुबह और शाम में अभ्यास करती हैं और साथ ही, कला विषयों में स्नातक की पढ़ाई भी कर रही हैं और भविष्य में भारत के लिए पदक जीतना चाहती हैं।

इसलिए, खेलो भारत नीति 2025 एक आशा की किरण बनकर उभरी है, जो प्रतिभाओं को मार्गदर्शन व समर्थन देकर और सभी स्तरों पर समावेशिता को बढ़ावा देकर, भारत के खेल परिदृश्य में क्रांति ला रही है।

मजबूत सरकारी समर्थन और खेलो इंडिया जैसे नवोन्मेषी कार्यक्रमों के माध्यम से, इसने अनगिनत एथलीटों के लिए वैश्विक पहचान हासिल करने और राष्ट्र का गौरव बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया है। यह नीति न केवल अवसंरचना और अवसरों को मजबूत करती है, बल्कि खेलों को शिक्षा के साथ एकीकृत करती है, जिससे एक स्वस्थ और अधिक महत्वाकांक्षी युवा को प्रोत्साहन मिलता है। जैसे-जैसे भारत 2036 के ओलंपिक की ओर आगे बढ़ रहा है, यह पहल एक खेल महाशक्ति के रूप में देश की विरासत को और मजबूत करने का वादा करती है।

## कोल्हान की खबरें

### एमबीएनएस समूह ने चलाया एक पौधा मां के नाम अभियान

# आनेवाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वन संरक्षण अत्यंत आवश्यक : शबा आलम

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** एमबीएनएस समूह के शैक्षणिक विभाग और नर्सिंग विभाग के एनएसएस सेल की ओर से वन महोत्सव के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय एक पौधा मां के नाम रखा गया। इसके माध्यम से छात्रों ने पौधारोपण कर अपने माता-पिता के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएफओ शबा आलम अंसारी शामिल हुए। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जीवन के संघर्ष और आइएफएस बनने के सफर को साझा करते हुए युवाओं को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशिका डॉ अनुपा सिंह के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने छात्रों को वन महोत्सव के महत्व और पौधारोपण के लाभों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर वन संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दोहराया। मुख्य अथिति शबा आलम अंसारी ने कहा वन संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है और हर नागरिक को इसमें योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# मेडिएशन फॉर नेशन अभियान को सफल बनाने को लेकर हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिले में ह्यमेडिएशन फॉर नेशनह्ण अभियान के तहत 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) जमशेदपुर के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने न्याय सदन सभागार में सभी मध्यस्थ अधिवक्ताओं के साथ विशेष बैठक की। बैठक में डालसा सचिव ने बताया यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में यह अभियान शुरू किया गया। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की वैवाहिक विवाद, सड़क दुर्घटना, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, रोजगार व सेवा संबंधी विवाद समेत अन्य मामलों का निपटारा मध्यस्थता के जरिए तेजी से किया जाये। साथ ही लोगों को अधिक से अधिक जागरूक कर मध्यस्थता केंद्र तक लाने पर जोर देने की बात कही। बैठक में केके सिन्हा, बी कामेश्वरी, बिमल पांडेय, राजेश दास, प्रीति मुर्मू, रंजन सिंह, शशि तिवारी, सोमा दास, कृष्णा जी प्रसाद, मौसमी चौधरी समेत कई मध्यस्थ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक के लिए लगी चौपाल में सैकड़ों लोगों का बना राशन और आयुष्मान कार्ड



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा जमशेदपुर महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा ने टिनप्लेट स्थित खालसा क्लब के गुरुनानक वेलफेयर सेंटर सभागार में अल्पसंख्यक चौपाल लगी। गुरुवार को मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों और अल्पसंख्यक समाज के उत्थान के लिए चलायी जा रही योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद और मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ताजदार आलम ने कहा सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र पर काम कर रही है। अल्पसंख्यक समाज को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है। मौके पर विशेष शिविर लगाकर सैकड़ों लोगों के राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी बनाये गये। चौपाल में मिथिलेश सिंह यादव, अनिल सिंह, अनिल मोदी, रॉकी सिंह, मोहम्मद निसार समेत कई नेता और अल्पसंख्यक समाज के लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन अनिल मोदी और धन्यवाद ज्ञापन रॉकी सिंह ने की।

# गुरु पूर्णिमा पर महंत विद्यानंद सरस्वती का हुआ पूजन, शिष्यों ने लिया आशीर्वाद



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पारडीह काली मंदिर स्थित जूना अखाड़ा आश्रम में गुरुवर श्रीमहंत विद्यानंद सरस्वती की पूजा-अर्चना बड़े ही श्रद्धा भाव से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिष्यों ने आश्रम पहुंच कर गुरु का पूजन किया, उन्हें उपहार अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पूर्णिमा पर चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा-अर्चना कर अपने-अपने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त की। उनके सान्निध्य में आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर इंद्रानंद सरस्वती, मेघानंद सरस्वती, भवानी सिंह, मधु गोराई, प्रमोद उरांव, बुद्धू माझी, विजय सिंह, हरेलाल महतो, मयंक सहित अन्य शामिल रहे।

# विधायक सरयू राय के आवास में संपन्न हुई 25वीं रामार्चा पूजा, महाप्रसाद वितरण आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के आवास पर 25वीं रामार्चा पूजा विधि-विधान से सम्पन्न किया गया।गुरुवार को बिष्टुपुर स्थित पूजा स्थल पर पांच विद्वान ब्राह्मणों ने चार आवरणों में यह विशेष पूजन सम्पन्न कराया। पूजा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, टाटा स्टील के वाइस प्रेसीडेंट डीबी सुंदर रमण, चीफ प्रणय सिन्हा, लैंड डिपार्टमेंट के प्रमुख अमित सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। पूजा की शुरुआत शांति पाठ और संकल्प से हुई। उसके बाद चार आवरणों में विधिपूर्वक पूजन हुआ। प्रथम आवरण में गणेश जी से लेकर महादेव तक सभी देवी-देवताओं की पूजा हुई। द्वितीय आवरण में अयोध्याजी से लेकर विभीषणजी तक का पूजन, तृतीय आवरण में दशरथजी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और वीर हनुमान की पूजा और चतुर्थ आवरण में भगवान श्रीरामचंद्र जी की सपत्नीक पूजा की गयी। पूजा का संचालन गौरीशंकर ठाकुर के निर्देश में विनोद पांडेय, धनजी पांडेय, धीरज पांडेय व अन्य ने किया। रामार्चा पूजा में विधायक सरयू राय प्रमुख यजमान रहे। सहायक यजमानों में आकांक्षा नायर, अंशुल शरण, धर्मेंद्र तिवारी, सुनीता राय और पारुल सिंह शामिल रहीं।

श्रद्धालुओं के लिए साबुदाना टिकिया, खीर और चाय-प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गयी थी। आयोजक आशुतोष राय ने बताया शुक्रवार को सुबह 8 बजे रुद्राभिषेक के बाद बिष्टुपुर मिलानी हॉल में दोपहर 12:30 बजे से महाप्रसाद वितरण होगा, जो देर रात तक चलेगा। महाप्रसाद में हाथीकान पूड़ी, सब्जी, बुंदिया और चटनी परोसी जायेगी। आयोजकों ने बताया इस अवसर पर बिहार-उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों से हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

# अर्थ इनक्लेव में संदिग्ध हालत में मिले महिला-पुरुष, जांच में जुटी है पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के आरआइटी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अर्थ एंक्लेव सोसाइटी के फ्लैट संख्या 301 में छापेमारी कर एक महिला और पुरुष को संदिग्ध हालत में पकड़ा है। दोनों से पूछताछ के लिए थाने लाया गया। थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कुछ व्यक्तियों को संदिग्ध परिस्थिति में हिरासत में लिया गया। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई और पुष्टि की जाएगी। सूत्रों के अनुसार अर्थ एंक्लेव में कई दिनों से देह व्यापार का धंधा चलने की सूचना मिल रही थी। जानकारी मिलने पर कार्रवाई की गयी। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## डंडई में जनता के हक की दवाएं बाजार में, आरोग्यम योजना सवालों के घेरे में

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्यम मंदिर में मरीजों के इलाज और दवा वितरण करने को लेकर सरकार की ओर से कई आयुर्वेदिक जड़ी बूटी चूर्ण के साथ-साथ कई दवाइयां नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाता है लेकिन कुछ लोगों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर आम जनता का हक मार कर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। ऐसा ही मामला डंडई प्रखंड में देखने को मिला। डंडई में संचालित सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पीछे स्टोर रूम में भारी मात्रा में सरकारी आयुर्वेदिक दवाओ जैसे लवण भास्कर चूर्ण, दशमूलारिष्ट, रसनासप्तक क्वाथ चूर्ण, अशोकारिष्ट, पुष्यनुग चूर्ण सहित कई महत्वपूर्ण दवाइयां की भारी मात्रा में पेटी को देखा गया है। जिस दवाओ पर झारखंड सरकार का लोगो भी अंकित है। सरकार के द्वारा मरीजों को सभी तरह की बीमारियों की इलाज के लिए आयुष्मान आरोग्यम मंदिर में आयुर्वेदिक दवा उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन इन ये दवा मरीज को नसीब नहीं हो पा रहा है। डंडई स्थित निजी अस्पताल के संचालक डॉक्टर अखिलेश कुमार के द्वारा अपने निजी अस्पताल में सरकारी दवाओं का लोगो हटाकर और उसे बेच रहे है और जनता की हक मार कर मालामाल हो रहे हैं। ज्ञात हो कि उक्त निजी अस्पताल के संचालक डॉक्टर अखिलेश कुमार और उनकी पत्नी डॉक्टर रीना भारती दोनों ही आयुष्मान आरोग्यम मंदिर के चिकित्सक हैं। जिसका नाजायज फायदा उठाते हुए वे लोग अपना पद और दायित्व का दुरुपयोग कर अपने निजी अस्पताल में सरकारी दवाओ का गोरख धंधा खुलेआम कर रहे हैं।

वहीं मामले को लेकर गढ़वा प्रभारी डीएमओ डॉक्टर रामनारायण कर्क ने कहा कि सत्यता की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## भंडरिया : जनसुनवाई में हुआ खुलासा, धरातल पर नहीं मिली आम बागवानी योजना

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** बुधवार को भंडरिया पंचायत भवन के सभागार में मनरेगा योजना की पंचायत स्तरीय जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में भंडरिया पंचायत के आधा दर्जन आम बागवानी की योजनाएं धरातल पर नहीं पाये जाने का मामला सामने आया। इसके साथ ही मनरेगा के दीदी बाड़ी योजना में प्राक्कलन से अधिक भुगतान कर दिया गया। इसके साथ ही माफी पुस्तिका से कई योजनाओं में मुखिया पंचायत सचिव ने अधिक राशि की भुगतान कर दिया, इसके अलावा दर्जनों योजनाओं का अभिलेख संधारण में त्रुटि पाया गया। जानकारी के अनुसार 137 योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया, जिसमें धरातल पर योजनाओं का गायब होने से लेकर प्राक्कलन से अधिक भुगतान और माफी पुस्तिका से अधिक भुगतान किये जाने जैसी 26 तरह की अनियमिताएं सामने आयी। जनसुनवाई के दौरान जीवरी सदस्यों ने अनियमित के मामले में मुखिया पंचायत सेवक कनिय अभियंता सहायक अभियंता रोजगार सेवक आत्मा राम और मेठ पर 6048 का जुर्माना लगाया। जूरी मेंबर सदस्य में पंचायत समिति सदस्य सह उपप्रमुख श्रद्धा देवी, अध्यक्ष राहुल, मनरेगा मजदूर अनंत कुमार अनंत समाजसेवी सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंह महिला सह सहायता समूह के कलावती देवी, ऑडी टीम में टीम लीडर अनिल कुमार मेहता, अवधेश प्रजापति, मुकेश प्रजापति, जितेंद्र राम, नीलम देवी, अनामिका देवी आदि थे। इस मौके पर मुखिया विनय सिंह रोजगार सेवक, आत्मा राम विश्वनाथ सिंह, राजेंद्र सिंह, ललन बैठा, नागेंद्र विश्वकर्मा, संतोष कुमार, शिशिर मिंज, वार्ड सदस्य रजनी लकड़ा, ज्योति मिंज सहित भंडरिया पंचायत अंतर्गत भंडरिया सिकरिया नौका बंजारी दुगार्डीह भेजरिया मरदा के दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

### दत्तोपंत ठेंगड़ी में रोजगार मेला का आयोजन किया गया

# 370 चयनित, 91 लोगों को मौके पर ही मिला ऑफर लेटर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा गढ़वा जिले के टाउन हॉल में दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। शुभारंभ उपायुक्त दिनेश कुमार यादव एवं जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार समेत अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी।

निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखंड रांची के निदेशानुसार जिला नियोजनालय, गढ़वा के द्वारा आयोजित दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला में कुल 22 निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा लोन ऑफिसर, मशीन ऑपरेटर आदि पदों से संबंधित गढ़वा, पलामू , लातेहार, हजारीबाग, जमशेदपुर, दिल्ली, पुणे, चेन्नई एवं बंगलुरु के लिए कुल- 2267 रिक्ति उपलब्ध कराई गयी, जिसके विरुद्ध कुल 1008 से अधिक बेरोजगार युवक, युवतियों ने भाग लिया। कुल 370 लोगों को चयनित कर कुल 91 लोगों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किये गयें।

उक्त रोजगार मेले के दौरान उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ अपने स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है, जिससे नौकरी पेशा नहीं मिलने की स्थिति में वह अपने हुनर से अपना जीविकोपार्जन का रास्ता प्रशस्त कर सकेंगे एवं बेरोजगारी की समस्या से छुटकारा पा सकेंगे।

जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार द्वारा जिला नियोजनालय विभाग द्वारा दिए जाने वाली निःशुल्क सुविधाओं के बारे में लोगों को बताया गया। उन्होंने बताया कि बेरोजगार युवकों युवतियों को रोजगार मुहैय्या कराने के उद्देश्य से रोजगार मेला का आयोजन कराया जाता है। इसके अतिरिक्त भर्ती कैंप, कैरियर काउंसलिंग सह कैरियर मार्गदर्शन, पुस्तकालय की सुविधा एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तक, समाचार पत्र तथा मैगजीन की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। रोजगार मेले में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी एवं काफी संख्या में बेरोजगार युवक युवतियां तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## अपराधियों ने एक व्यक्ति को मारी गोली, घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** मझिआंव थाना अंतर्गत मुखदेव+2 उच्च विद्यालय के समीप चौराहे पर गुरुवार को दोपहर लगभग 12:00 बजे अज्ञात अपराधियों के द्वारा चंदना गांव निवासी अजमुद्दीन खान उर्फ टाइबर खान के 45 वर्षीय पुत्र साकिब खान को गोली मार कर घायल कर दिया गया. वहीं घटना के बाद हाई स्कूल चौक पर अफरा तफरी का माहौल हो गया. जिसके बाद आनन फानन में घायल साकिब खान को रेफरल अस्पताल मझिआंव लाया गया, जहां पर उपस्थित डॉ गोविंद प्रसाद सेठ एवं डॉ विनोद कुमार सिंह के द्वारा प्रथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं कार सवार अन्य व्यक्ति द्वारा अर्टिका कार JH01FC-3871 पर गोली चली वह कार थाना में लाया गया। घटना की सूचना मिलते ही मझिआंव थाना से एक पुलिस टीम जांच के लिए घटना स्थल पर गयी और दूसरी टीम अस्पताल पहुंच कर घायल का बयान लिया।

घायल व्यक्ति साकिब खान ने आरोप लगाया है कि उनका पड़ोसी सफीर खान के पुत्र वसीम खान के साथ उनका विवाद हुआ था। आज सुबह उसने धमकी दी थी कि आज गोली मरवा देंगे।

## सभी मंदिरों के पुरोहितों को अंगवस्त्र दे कर किया गया सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गुरु पूर्णिमा के सुअवसर पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा नगर मंडल गढ़वा के द्वारा गढ़वा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में नगर परिषद क्षेत्र के सभी मंदिर के पुरोहीत को अंगवस्त्र दे कर माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी मंदिर के लिए प्रभारी जिला से नियुक्त किये गये थे। गढ़देवी मंदिर में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश निरंजन सिन्हा के द्वारा सम्मानित किया गया। संकट मोचन मंदिर में रविंद्र जायसवाल के द्वारा, काली मंदिर में संजय ठाकुर के द्वारा, टंडवा राम मंदिर में टिंकू गुप्ता के द्वारा, शिवढोड़ा मंदिर में धनंजय गोंड के द्वारा अन्य सभी मंदिरों में सम्मानित करने का कार्य किया गया। भाजपा नेता मुकेश निरंजन बोले भाजपा सिर्फ राजनीतिक नहीं करती सभी वर्ग के लोगों का सम्मान भी करती है। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि भाजपा राजनीतिक के साथ सामाजिक कार्य भी करती है। समाज के प्रबुद्ध लोगों का भी सम्मान करती है। सामाजिक क्षेत्र में जो समाज के लिए कार्य करते हैं, उन्हें सम्मानित करना चाहिए। मौके पर भाजपा नेता ब्रजेश उपाध्याय, संजय ठाकुर, संजय तिवारी, विनोद जायसवाल, श्यामकमलापुरी, प्रवीण जायसवाल, धनंजय गोंड, टिंकू गुप्ता, अरविंद पटवा, संतोष कश्यप, गौरव गुप्ता, सतेंदर सोनी, दीपक तिवारी, कैलाश कश्यप, बिहारी प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



### नोटिस के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने वाले आठ मकान दुकान को हटाया गया : सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल ।** थाना क्षेत्र के अटौला बस स्टैंड के पास गढ़वा-मझिआंव मुख्य पथ पर गुरूवार को प्रशासन ने बुलडोजर चला कर अतिक्रमण मुक्त किया। इस संबंध में सीओ जसवंत नायक ने बताया कि अटौला के लोगों द्वारा बस स्टैंड पर अतिक्रमण से आम लोगों को हो रही परेशानी को लेकर शिकायत किया गया था। शिकायत पर अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के लिए हिदायत किया गया। नोटिस के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर थाना प्रभारी विष्णुकांत के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ अंचल कर्मचारी, अमीन से पैमाईश करा कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बता दें कि नोटिस पर कुछ लोगों द्वारा अस्थाई अतिक्रमण को हटा लिया गया था परन्तु हठी आठ लोगों का मकान दुकान को जेसीबी से अतिक्रमण हटाओ अभियान में तोड़ कर हटा दिया गया। इस अभियान में सीआई जॉनसन गिद्दी, अमीन अशोक प्रजापति, एएसआई तिलेश्वर गंझु के साथ पुलिस के जवान शामिल थे।

## कांडी बाजार की सरकारी जमीन पर बढ़ता अतिक्रमण, प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहा सवाल



कांडी बाजार में निर्माणाधीन मकान।

**कांडी (आजाद सिपाही)।** बाजार की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासनिक निर्देशों और नोटिस के बावजूद भी खुलेआम नियमों की अनदेखी कर नये निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। ताजा मामला बाजार स्थित कर्पूरी चौक का है, जहां एक पुराने दुकान को तोड़कर बड़े पैमाने पर नया मकान बनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पुलिस द्वारा निर्माण कार्य रोकने का स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद निर्माण कार्य चोरी-छिपे रात के समय जारी है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी निर्देशों का डर अब अतिक्रमणकारियों में नहीं रहा। गौरतलब है कि कांडी बाजार की सरकारी भूमि जो कभी 4.84 एकड़ थी, अब घटकर मात्र 78 डिसमिल ही सरकारी कागजों में दर्ज रह गयी है। शेष भूमि पर समय के साथ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, और यह सिलसिला अब भी जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे कई बार अंचल कार्यालय से लेकर जिला प्रशासन तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रह जाती है। कांडी अंचल द्वारा 59 अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी भेजा गया था, लेकिन उसके बाद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। क्या प्रशासन की निष्क्रियता अतिक्रमण को बढ़ावा दे रही है?


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी**

**ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस**
**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा**

टेन्डर रेफरेंन्स न0-प0नि0वि0/खूँटी/657 दिनांक: 10.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सिसई-लापुंग-डोरमा पथ (MDR-030) के कि0मी0 5th, 9th, 10th, 12th, 15th, 27th, 30th & 31st के सकीर्ण HPC कलभर्ट को चौड़ीकरण कार्य कि0मी0 5th में स्थित RCC कलभर्ट को चौड़ीकरण कार्य तथा कि0मी0 29th में 1200MM dia का Double Vent HPC कलर्भट निर्माण कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 60,00,000.00 (रूपये साठ लाख) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राषि | रू0 1,20,000.00 (एक लाख सत्तर हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | तीन माह |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय | 25/07/2025 12.00 बजे दोपहर तक। |
| 6. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18/07/2025 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06528-221215 |
| 9. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2401010 |

- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन निबंधन आवश्यक हैं।
- प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट - बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र में देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईड http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता
PR 357001 Road(25-26)#D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रण्मडल, खूँटी


# गुरु पूर्णिमा सिर्फ एक पर्व नहीं, यह श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है: अलखनाथ



आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक भव्य व गरिमामयी विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए भाषण, कविता, पोस्टर प्रदर्शन, नाटक और भजन जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि गुरु पूर्णिमा सिर्फ एक पर्व नहीं है, बल्कि यह अपने जीवन के मार्गदर्शकों के प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट करने का पावन दिन है। बिना गुरु के ज्ञान असंभव है। जीवन की कठिन राहों में गुरु ही वह दीपक हैं जो हमें सही दिशा दिखाते हैं। शिक्षक ही राष्ट्र के वास्तविक निमार्ता होते हैं।

विद्यालय के प्राचार्य संतोष पांडेय ने कहा कि गुरु ही वह स्रोत हैं जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान के प्रकाश से जीवन को आलोकित करते हैं। गुरु के बिना आत्मिक और बौद्धिक विकास संभव नहीं है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से अनुप कुमार पांडेय, अनिता सिन्हा, राजेश कुमार, गीता पांडेय, जागृति चौबे, पूनम राय, श्वेता पांडेय, अभिलाषा तिवारी, विकास तिवारी, बीके मिश्रा, देवेंद्र सिंह, नंदलाल गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निदेशक ने कहा कि आज संयोग है कि गुरुवार को गुरु पूर्णिमा है। यह दिन हमें याद दिलाता है की जीवन में सफलता केवल पुस्तकों की ज्ञान से नहीं बल्कि एक सच्चे गुरु के मार्गदर्शन से ही मिलती है।

## संगीत कला महाविद्यालय में छात्रों ने गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** संगीत कला महाविद्यालय में संगीत के सारे छात्र छात्राओं ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर काजल देवंती, चंचला कुमारी आराधना कुमारी खुशी कुमारी रंजीत किशोर साकेत तिवारी पूर्णिमा सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनी गुरु पूर्णिमा



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर में गुरु पूर्णिमा उत्सव का शुभारम्भ वन्दना सभा में मां शारदे, ओम, भारत माता एवं महर्षि वेदव्यास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा किया गया। इस जयंती समारोह में कृष्ण कुमार पांडेय, सत्येंद्र प्रजापति, नीरज सिंह, सुजीत दूबे, अशोक, दिनेश, प्रसून, कृष्ण मुरारी, प्रदीप सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** टाउनशिप में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, गरिमा एवं भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भवनाथपुर सेल के उप प्रबंधक एवं विद्यालय के संरक्षक बुलु दिग्गल ने कहा कि गुरु वहीं है, जो अंधकार में ज्ञान का प्रकाश बनकर पथ प्रदर्शन करता है।

## मानस मंडली के संयोजक द्वारका नाथ पांडेय को मातृ शोक

**मेराल (आजाद सिपाही)।** मानस मंडली गढ़वा के संयोजक, शिक्षक द्वारिका नाथ पांडे की 96 वर्षीय माताजी का निधन बुधवार की शाम में हृदयगति रुक जाने से हो गया। नौकरी के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने वाले द्वारिका नाथ पांडे ने बताया कि उनकी मां की इच्छानुसार अंतिम संस्कार स्थानीय सरस्वती नदी के मुक्तिधाम पर किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हो कर शोक व्यक्त किया।


सं0 संख्या-5/प्रशि0(शिक्षु)-01/2024
**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची।**

निदेशालय पत्रांक:-935, दिनांक:-10.07.2025

**Apprenticeship Mela सूचना दिनांक 14.07.2025**

"Apprentices Act 1961" के तहत Regular and contractual सहित 30 एवं 30 से अधिक कामगारों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा 2.5-15 प्रतिशत बैण्ड में अप्रेन्टिस रखना अनिवार्य है। एक्ट का अनुपालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के लिए दण्ड का भी प्रावधान है।

MSDE भारत सरकार एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में दिनांक 14.07.2025 को PM Apprenticeship Mela का आयोजन निम्न प्रकार किया गया है:-

| Sl No. | District Name | PMNAM Mela Center Name | Name of the State/Center co-ordinator | Designation | E mail-Id | Contact No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KODERMA | J.J. College, Jhumri Tilaiya, Koderma | Sri Manu Kumar | District Employment Officer | mannueojamshedpur@gmail.com | 8709898530 |
| 2 | DEOGHAR | ITI , Deoghar | Sri Prakash Baitha | District Employment Officer | prakashbaitha@yahoo.com | 9939492260 |
| 3 | PAKUR | ITI, Pakur | Rahul Kumar | District Employment Officer | kumarrahul24550@gmail.com | 9835357710 |
| 4 | SAHEBGANJ | B.L.N.L., Bohra(Degree) College, Rajmahal | Sri Pankaj Kumar Jha | District Employment Officer | pankajjha201@gmail.com | 9110103373 |
| 5 | JAMTARA | ITI , Jamtara | Sri Prasant Kumar Tudu | District Employment Officer | prashanttudu@gmail.com deeojamtara@gmail.com | 9955383367 |
| 6 | GODDA | Godda College, Godda | Smt Padma Kumari | District Employment Officer | padmakumari814@gmail.com | 9102442814 |
| 7 | GIRIDIH | Giridih College, Giridih | Md. Imran Farooqui | District Employment Officer | mifarooqui.84@gmail.com | 9507445586 |

उपर्युक्त PMNAM में एक्ट के अन्तर्गत आने वाले, राज्य के निबंधित MSME/Manufacturing Sector/Service Sector एवं अन्य सभी प्रकार के प्रतिष्ठान/उपक्रम यथा-होटल/रेस्टोरेंट/शॉपिंग मॉल/हॉस्पिटल/कोचिंग सेन्टर/ऑथोराईज्ड सर्विस सेन्टर/बैंक इत्यादि भाग लेकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं, एवं Apprentices का चयन कर सकते हैं।

उपर्युक्त मेले में एक्ट के अन्तर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों एवं तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0 टी0 आई0/डिप्लोमा/इंजीनियरिंग/Short term Skill etc./ एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in पर पंजीकरण कराया जायेगा, एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसों का चयन किया जायेगा।

अतः एक्ट के अन्तर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठान अप्रेन्टिसशिप Vacancy के साथ मेले में भाग लेना सुनिश्चित करें, एवं छात्रों/प्रशिक्षणार्थियों से अपील किया जाता है कि मेले में भाग लेकर योजना का सम्पूर्ण लाभ उठायें।

अधिक जानकारी के लिए नोडल सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य/संबंधित जिला नियोजन पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रस्ताव पर निदेशक का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/-
उप निदेशक नियोजन(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण
झारखण्ड, राँची।

PR 357004 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)


# एसडीएम ने कोयल और दानरो के तटीय इलाकों का किया निरीक्षण

- मेढ़ना, बैलचंपा, लापो आदि क्षेत्रों में मिले अवैध डंप साइट
- सीओ तथा खनन पदाधिकारी को कार्रवाई का निर्देश
- बीती देर रात्रि में भी एसडीएम ने की थी सघन छापामारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गुरुवार अपरांह में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने गढ़वा अंचल अधिकारी सफी आलम को साथ लेकर बेलचंपा, मेढ़ना, लापो आदि इलाकों के नदी तटीय क्षेत्रों में अवैध बालू उत्खनन की शिकायतों के मद्देनजर औचक छापेमारी की। बालू उत्खनन की दृष्टि से संवेदनशील इन क्षेत्रों में पिछले चार-पांच दिनों से संजय कुमार के द्वारा देर मध्य रात्रि में भी सघन जांच अभियान जारी है। बीते बुधवार देर रात्रि में भी उन्होंने इन क्षेत्रों का आकस्मिक दौरा कर कई संदिग्ध ट्रैक्टरों को दौड़ा कर भगाया था।

गुरवार के इस भ्रमण के क्रम में उन्हें कोयल एवं दानरो नदी के किनारे अवैध उत्खनन के पुख्ता सबूत मिले हैं, न केवल नदी की रेत पर बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के पहियों के निशान मिले बल्कि रेत के ढेर भी लगे मिले इतना ही नहीं स्थानीय लोगों ने भी एसडीएम से शिकायत की कि वे लोग रात भर अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों की आवाज के चलते नहीं सो पा रहे हैं। इसकी पुष्टि तब हुई जब बाईपास टोल प्लाजा के कर्मियों ने भी एसडीएम को बताया कि यहां से अवैध बालू लगे ट्रैक्टरों का परिवहन जारी है। उक्त को लेकर एसडीएम ने जिला खनन पदाधिकारी को नियमित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आज गुरुवार को एसडीएम के साथ मौजूद अंचलाधिकारी सफी आलम ने अपने संबंधित अमीन को भी निर्देशित किया कि जहां-जहां पर अवैध बालू डंप साइट पाये गये हैं उनकी भूमि विवरणी यथा खाता प्लॉट आदि उपलब्ध करवाएं, ताकि दोषी लोगों पर भी कार्रवाई की जा सके।

एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि पिछले तीन-चार दिनों के उनके सघन जांच अभियान से उन्हें जो प्रमाण मिले हैं उसके अनुसार इन तटीय क्षेत्रों में अवैध बालू उत्खनन का कार्य जारी है, जबकि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए 10 जून से नदियों से बालू उठाव पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों से अपेक्षा की है कि वे बालू माफियाओं को चिन्हित कर उन पर त्वरित प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि उनके अनुमंडल क्षेत्र में बालू के अवैध कारोबार से जुड़े लोग इस अनैतिक कार्य को तथाशीघ्र छोड़ दें, अन्यथा बड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in
08

# चंदवा में अपराधियों ने हाइवा में लगायी आग

राहुल दुबे गिरोह ने ली घटना की जिम्मेवारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टोरी रेलवे साइडिंग के पास अपराधियों ने बुधवार की देर रात एक हाइवा में आग लगा दी। अपराधियों ने इस दौरान हवाई फायरिंग भी की। घटना की जिम्मेवारी राहुल दुबे गिरोह ने ली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है। डीएसपी अरविंद कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 1:00 बजे 6 से 8 की संख्या में अपराधी कोयला साइडिंग के पास पहुंचे थे। अपराधियों ने इस दौरान वहां खड़े एक हाइवा में आग लगा दी। अपराधियों ने दहशत फैलाने को लेकर हवाई फायरिंग की। इसके बाद अपराधी वहां से फरार हो गये। बताया जाता है कि अपराधियों ने रंगदारी वसूली के लिए दहशत फैलाने के इरादे से इस घटना को अंजाम दिया है।

इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की। इधर इस संबंध में एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी आरंभ कर दी है। उन्होंने कहा कि राहुल दुबे गिरोह की ओर से घटना की जिम्मेवारी ली गयी है। जल्द ही पुलिस घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों में भेज देगी।

### जय श्रीराम समिति की बैठक में पहुंची जनजातीय आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा

# धर्म और सेवा को साथ लेकर चलने वाली समिति को दिया पूर्ण समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की विशेष बैठक हटिया मोहल्ला स्थित जिला कार्यालय में समिति की वरिष्ठ पदाधिकारी सुषमा सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समिति के आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार की रणनीति बनाना था। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मेयर रांची, भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री, राष्ट्रीय जनजातीय आयोग की सदस्य एवं समिति की संरक्षक डॉ आशा लकड़ा उपस्थित रहीं। बैठक में उनके आगमन पर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा पारंपरिक रूप से तिलक, पुष्पवर्षा -माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि जय श्रीराम समिति एक ऐसा मंच है जो न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा, संस्कृति और जनजागरण के कार्यों में भी अपनी विशिष्ट भूमिका निभा रहा है। यह समिति विशेषकर युवा वर्ग में सनातन मूल्यों की चेतना जागृत करने का कार्य कर रही है। मुझे गर्व है कि मैं इस समिति की संरक्षक हूं। कहा कि सनातन धर्म कोई एक जाति, वर्ग या समुदाय का नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता को जोड़ने वाला जीवन दर्शन है। इसके संरक्षण और संवर्धन हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। साथ ही उन्होंने समिति के सदस्यों को सुझाव दिया कि वे गरीबों, वनवासी समाज, महिलाओं व बच्चों के उत्थान हेतु भी कार्यक्रम चलाएं, जिससे संगठन का सामाजिक योगदान और अधिक प्रभावशाली हो। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं सुषमा सिंह ने कहा कि समिति का उद्देश्य सनातन संस्कृति के मूल तत्वों को जन-जन तक पहुंचाना, आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना तथा देशहित में कार्य करना है। डॉ आशा लकड़ा जैसे मार्गदर्शक हमारे साथ हैं, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। बैठक में समिति के कई प्रमुख पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें कोर कमिटी सदस्य ओम महतो सहित अन्य लोग शामिल थे। बैठक के अंत में देश और धर्म के कल्याण के लिए संकल्प पाठ किया गया और आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। मौके पर कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह, प्रोफेसर शिवदयाल साहू, लक्ष्मी भगत, शैलेश कुमार अनूप गुप्ता ओम महतो जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा, समेला भगत, मीना बाखला, संगीता कुमारी रमेश राय उर्फ गुडु,दया शंकर सिंह, जीवन राज मेहता समेत जिला प्रखंड नगर के काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद थे।

# ट्रेलर ने टेंपो को मारी टक्कर नौ लोग घायल, छह रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के ब्राह्मणी के पास एनएच-39 सड़क में ट्रेलर ट्रक ने यात्री से भरे टेंपो वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक समेत 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल लातेहार लाया गया। जहां डॉक्टर ऋषभ झा ने प्राथमिक इलाज किया। गंभीर स्थिति को देखते हुए 6 घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। घायलों में गुड़िया देवी (बारियातू), कलौती देवी, चरकू भुईयां (दोनों बारी, चंदवा), रोशन उरांव, सैलेश्वरी देवी (दोनों धनकारा, लातेहार), चालक रंजीत प्रसाद, ममता देवी (मैक्लुस्कीगंज), प्रतिमा देवी (हौलांग, मासियातू, बालूमाथ) शामिल हैं। गुड़िया, कलौती, रोशन, सैलेश्वरी, चरकू और चालक रंजीत प्रसाद को रिम्स रेफर किया गया है। गुड़िया का हाथ टूटा है। जबकि अन्य चार रेफर घायलों का पैर टूटा हैं। चालक रंजीत प्रसाद ने बताया कि वह लातेहार से सवारी लेकर चंदवा जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार ट्रक आया और सीधी टक्कर मार दी। टक्कर से टेंपो में सवार सभी यात्री सड़क में गिर गयी। इसके बाद टेंपू एक पेड़ में जाकर टक्करा गयी। घटना के सूचना मिलते ही चंदवा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी है। थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने बताया कि ट्रक चालक को भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

# प्रत्येक परिवार को मिले स्वच्छ पेयजल : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जलजीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला अंतर्गत संचालित जलजीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई और बचे हुए कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिन गांवों में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन का कार्य बाकी है, कार्ययोजना बनाते हुए उन गांवों में कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।साथ ही जलजीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज स्कीम में जहां कार्य अंतिम चरण में है वहां प्राथमिकता के साथ कार्य करते हुए उनको पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में जलजीवन मिशन अंतर्गत सभी घरों में शत प्रतिशत पीने का साफ पानी उपलब्ध कराना है। ऐसा कोई परिवार नही हो जो पीने का साफ पानी से वंचित रहे। जिला प्रशासन की प्राथमिकता ऐसे वंचित परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। उपायुक्त ने कहा कि जहां जल जीवन मिशन की योजनाएं पूर्ण हो गई हैं, उनका जल्द से जल्द आवश्यक रूप से सर्टिफिकेशन करा लें। उपायुक्त ने प्रत्येक पंचायत में जलकर समिति बनाने का निर्देश दिया है। यह समिति पंचायत स्तर पर जलकर का निर्धारण और वसूली करेगी। आने वाले दिनों में संग्रहित इसी टैक्स की राशि का व्यय नल जल योजना के मरम्मती और रख रखाव में की जाएगी। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को वैसे आंगनवाड़ी केंद्र जहां तक नल कनेक्शन नहीं पहुंच पाया है उनका जल्द से जल्द सर्वे कराने का निर्देश दिया ताकि जल जीवन मिशन से जोड़कर ऐसे आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अनुप हांसदा समेत सभी अन्य सहायक अभियंता और कनीय अभियंता उपस्थित थे।

## डॉ आशा लकड़ा खान हादसे के पीड़ित परिवारों से आज मिलेंगी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** करमा कोलियरी में अवैध खनन के दौरान हुए खान हादसे के पीड़ित परिवारों से शुक्रवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य डॉ आशा लकड़ा मुलाकात करेगी। इससे पूर्व, सदस्य आशा लकड़ा पूर्वाह्न 11 बजे महुआटुंगरी घटनास्थल का जायजा लेंगी। उक्त आशय की जानकारी उनके निजी सहायक विवेक विवेक कुमार ने दी। खदान हादसे में घायलों में महुआटुंगरी निवासी रोजिदा खातून पति इम्तियाज अंसारी और सरिता देवी पति पच्चू मांझी का इलाज रांची स्थित अस्पताल में चल रहा। चिकित्सको के अनुसार दोनों का तबियत ठीक है। वहीं, धनबेड़वा का नान्हू महतो और महुआटुंगरी का अरुण टुड्डू फिलहाल घर पर है। जो पूरी तरह स्वस्थ हैं।

# राधा तिर्की बनी जेएमएम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड जिला परिषद सदस्य सह जेएमएम नेत्री राधा तिर्की को झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर लोहरदगा जिला जेएमएम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बनाया गया। वही झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा लोहरदगा जिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर सेन्हा प्रखण्ड जिला परिषद सदस्य सह जेएमएम नेत्री राधा तिर्की ने पार्टी के संस्थापक, संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक महिला नेत्री कल्पना सोरेन, केंद्रीय महासचिव बिनोद पांडेय, केंद्रीय समिति और जिला, प्रखंड तथा पंचायत समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ताओ और समर्थकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी संगठन द्वारा उम्मीद और भरोसे के साथ जो जिम्मेवारी दी है। उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगी पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के कार्यो में हमेशा प्रयासरत रहूंगी एक एक लोगों को जोड़कर सन्गठन को और मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने में कोई कमी नही करूंगी। जिप सदस्य सह जेएमएम नेत्री राधा तिर्की को जेएमएम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर जेएमएम जिला, प्रखंड और पंचायत स्तरीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है।

## बिजली चोरी मामले में पांच पर प्राथमिकी

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र हाटी अंबेरा गांव में बिजली विभाग के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। इस छापेमारी अभियान में पांच लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इन सभी पांच व्यक्तियों पर बिजली चोरी के मामला भंडरा थाना में दर्ज कराया गया है। इस संबंध में बिजली विभाग के सहायक अभियंता मोहम्मद जीशान ने भंडरा थाना में लिखित आवेदन देकर हाटी अंबेरा गांव के मोहन उरांव, महादेव लोहरा ,सरवन महतो, मनेरा खातून, कमरुद्दीन अंसारी के खिलाफ विजली चोरी का मामला दर्ज कराया गया। इस छापेमारी के क्रम में बिजली विभाग के तकनीकी सहायक कुशल किंडो, प्रकाश दीप, जामवंत प्रजापति, कमलेश्वर साहू एवं पुलिस बल साथ थे।

## किसानों के बीच अरहर और उरद बीज का वितरण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत अंतर्गत आराहंसा ग्राम में गुरुवार को किसानों के बीच आत्मा के माध्यम से अरहर और उरद बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण का कार्य झारखंड सरकार के कृषि गन्ना और पशुपालन विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार खरीफ फसल के लिये खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मिनीकिट योजना अन्तर्गत वितीय वर्ष 2025-26 के तहत मोबाइल द्वारा ओटीपी के माध्यम से आराहंसा के किसानों के बीच कृषक मित्र की मौजूदगी में अरहर और उरद बीज का वितरण किया गया। वही प्रत्येक किसानों के बीच दो किलो अरहर दो किलो उरद बीज दिया गया। खरीफ फसल के मौसम में किसानों को अरहर और उरद का बीज मिल जाने से सभी किसानों के चेहरे में खुशी झलक रही है। एटीएम सुमन कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा उपलब्ध बीज को आत्मा के माध्यम से खाद्य एवं पोषण मिनीकिट योजना द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत में किसानों के बीच समय से बीज का वितरण किया जायेगा जिसे किसान समय से खरीफ फसल का कृषि कार्य कर सकेंगे। मौक पर सुरेश मुंडा, रितु मुंडा, मुकेश देव,सुमित्रा मुंडा,सीमा उराइन, खदिया उरांव,सरस्वती कुमारी, रूपा देवी, मान्ती देवी समेत सैकड़ो किसान मौजूद थे।

# डीडीसी ने अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर योजनाओं को पूरा करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग तथा समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित कर सभी योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने मनरेगा के तहत मजदूरों को समय पर भुगतान, कार्यस्थलों पर आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जल्द से जल्द लंबित योजनाओं को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से बागवानी योजना के तहत नए आम बागान लगाने के कार्य में तेजी लाने को कहा। इसके लिए समन्वय बनाकर पीट खुदाई का कार्य समयबद्ध रूप से पूरा करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने एवं लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को योजना स्वीकृति, स्वीकृति के अनुरूप लाभुकों को किस्त का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग से छात्रवृत्ति, नामांकन एवं आधार सीडिंग की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली गयी। बैठक में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम, संबंधित अन्य पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

# गुरु पूर्णिमा पर भाजपा ने जिले में किया गुरुजनों का सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला इकाई के द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों में विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, पुरोहितों, पुजारियों तथा विभिन्न खेलों के कोचों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि गुरु पूर्णिमा आषाढ़ पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो जगत गुरु महर्षि वेदव्यास जी के जन्म दिवस के रूप में मनाई जाती है। महर्षि वेदव्यास द्वारा चारों वेदों एवं 18 पुराणों की रचना कर भारतीय ज्ञान परंपरा को समृद्ध किया गया। उन्होंने कहा कि गुरु समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं, जो शिष्यों को अज्ञानता से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि गुरु समाज के लिए दर्पण होते हैं। वे अगली पीढ़ी को संस्कार, नैतिकता और ज्ञान के माध्यम से सशक्त बनाते हैं। वहीं जिला मंत्री सह कार्यक्रम संयोजक मिथुन तामेड़ा ने गुरुजनों को नमन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु और शिष्य का संबंध केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह आजीवन मार्गदर्शन का आधार बनता है। गुरुओं ने हमेशा शिष्यों में संस्कृति, आचरण, देशभक्ति और नैतिक मूल्यों का भाव जागृत किया है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्र निर्माण में गुरुओं की भूमिका अमूल्य है और इस पावन अवसर पर सभी गुरुओं को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

## गुरु ज्ञान के सागर होते हैं : सुदेश्वर साहू



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सरस्वती सेन्हा में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास जयंती और गुरु पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ से पूर्व प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू समाजसेवी संजय कुमार और प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी कार्यक्रम प्रमुख प्रतिभा देवी द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ॐ और भारत माता का चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर प्रारम्भ किया गया। वही सुदेश्वर साहू ने कहा की गुरु ज्ञान के सागर होते हैं। गुरु स्थान सर्वोपरि होता है। पुराण में कहा गया है कि पहले गुरु तब भगवान का स्थान है। महर्षि वेद व्यास की जयंती पर विद्यालय में कक्ष सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें निर्णायक मंडलियों के द्वारा सभी कक्ष का अवलोकन कर मानक ग्रेडिंग के तहत प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले कक्ष को विशेष पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्राथमिक खंड के कक्षा प्रथम को और माध्यमिक खंड के कक्षा षष्ठ को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि हिंदू कैलेंडर के अनुसार आषाढ़ महीने की पूर्णिमा तिथि को जगतगुरू माने जाने वाले महर्षि वेद व्यास जी को समर्पित है। मौके पर प्रतिभा देवी, संध्या कुमारी, आनंद पांडेय, मालती कुमारी, मीना देवी, संजना कुमारी, अनुबाला कुमारी, सुधीर उरांव, जयप्रकाश सिंह समेत सभी आचार्य और भैया-बहन उपस्थित थे।

# पतंजलि योग समिति ने हवन कर मनायी गुरु पूर्णिमा

आजाद सिाही संवाददाता



**लोहरदगा।** गुरु पूर्णिमा की महिमा अपरंपार है आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर लोहरदगा में पतंजलि परिवार के द्वारा स्थानीय गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा प्रांगण में ब्रह्मचारियों की उपस्थिति में पतंजलि योग समिति के जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी अंकित अग्रवाल, पतंजलि के वरीय योग शिक्षक संजय मधुर, जिला यज्ञ प्रभारी सह आचार्य अर्जुन देव आर्य, आचार्य कृष्ण देव आर्य की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कर गुरु पूर्णिमा मनाया गया। गुरु पूर्णिमा एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन को गुरु की पूजा और सम्मान के लिए मनाया जाता है। मौके पर शिव शंकर सिंह ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का महत्व अपरंपार है। उन्होंने गुरु की पूजा और सम्मान करने, ज्ञान और शिक्षा का महत्व, आध्यात्मिक और बौद्धिक विकास के लिए गुरु का मार्गदर्शन बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा एक महत्वपूर्ण अवसर है जब ब्रह्मचारी अपने गुरुओं का सम्मान कर सकते हैं और ज्ञान और शिक्षा के महत्व को समझ सकते हैं।

# टूटीझरना में जलाभिषेक के दौरान भीड़ नियंत्रण की तैयारी पूरी

अमरजीत कुमार



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर प्राचीन शिव मंदिर टूटीझरना मंदिर, कुजू में रहस्यमय शिवालय पर मां गंगा स्वयं सालों भर भोलेनाथ का जलाभिषेक करती है। जिसको लेकर अबतक रहस्य बना हुआ है। इधर, 11 जुलाई से श्रावण माह का शुभारंभ होते ही शिव भक्तों द्वारा भगवान शिव को समर्पित इस पवित्र महीने मे टूटी झरना स्थित प्राचीन शिव मंदिर में अप्रत्याशित भीड़ उमड़ती है। जिसकी तैयारी को लेकर मंदिर विकास समिति जुटी है। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए कतार लगाने की व्यवस्था की गयी। साथ ही, मंदिर की सजावट लाइट व्यवस्था के साथ की गयी। वहीं, मंदिर समिति अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, सचिव बाबूलाल मरांडी, कोषाध्यक्ष लाली बेदिया, सदस्य मुंशी मांझी, सुरेश प्रसाद, देवलाल महतो, हेमनी देवी आने वाले श्रद्धालुओं की बेहतर सुविधाए देने की बात कही। मंदिर पुजारी उमेश पांडेय के अनुसार टूटी झरना मंदिर झारखंड का प्रमुख धार्मिक केंद्रों में से एक है। सालों भर टूटी झरना मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन सावन और महाशिवरात्रि के दौरान मंदिर का धार्मिक मान्यता में महत्व बढ़ जाता है।

**रहस्यमय शिवलिंग पर मां गंगा स्वयं करती है भोलेनाथ का जलाभिषेक :** टूटी झरना मंदिर का इतिहास काफी रहस्यमय है, जो यहां आने वाले लोगों को आकर्षित करता है। इस मंदिर में सालों भर जल की अविरल धारा से रहस्यमय शिवलिंग पर मां गंगा स्वयं भोलेनाथ का जलाभिषेक करती है। सावन माह में दूर-दूर से लोग टूटी झरना में स्थापित भगवान शिव के अद्भुत रूप के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं।

## सरकार किसानों की आर्थिक रुप से मजबूत बनाने के लिए संकल्पित : प्रियांशु मिंज

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक भवन भैसमुंदो में गुरुवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तत्वावधान में आत्मा परियोजना द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो किसानों के बीच अरहर, मक्का एवं उरद बीज वितरण किया गया। मौके पर बीटीएम प्रियांशु मिंज ने कहा कि सरकार किसानों की आर्थिक रुप से मजबूत बनाने के लिए संकल्पित है। किसानों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार नि:शुल्क बीज मुहैया करा रही है, ताकि किसान अपने कम लागत पर बेहतर पैदावार को बढ़ावा दें सकें।

# नर्सिंग होम में ऑपरेशन के दौरान जच्चा बच्चा की हुई मौत, दो डॉक्टर गिरफ्तार

## डॉक्टर-अस्पताल कर्मियों को कमरे में बंद कर परिजनों-ग्रामीणों का हंगामा

## शराब के नशे में ऑपरेशन करने का परिजनों का आरोप, नर्सिंग होम को किया गया सील

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र स्थित एक निजी क्लिनिक में ऑपरेशन के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गयी। इससे आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ऑपरेशन में शामिल डॉक्टर और अस्पताल के कर्मियों को एक कमरे में बंद कर दिया। वहीं, खबर के फैलते ही अस्पताल के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही पांकी पुलिस मौके पर पहुंच गयी। लोगों ोक समझा बुझा कर शांत कराया। इसके बाद मृतकों के शवों को



नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा की मौत के बाद जांच करती पुलिस।

पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक पांकी के कोनवाई निवासी ममता देवी को प्रसव पीड़ा के बाद मेदिनीनगर में एक डॉक्टर से जांच करायी गयी थी। बाद में ममता देवी को प्रसव के लिए पांकी स्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार की देर रात ऑपरेशन के दौरान ममता और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। उधर, मृतका के पति सोनू सिंह ने बताया कि निजी नर्सिंग होम ने कहा था कि वे स्थिति को संभाल लेंगे। पर रात में जब पत्नी की हालत बिगड़ने लगी तो उन्होंने रेफर करने की बात कही। लेकिन अस्पताल के डॉक्टर और अन्य कर्मचारियों ने कहा कि कोई दिक्कत नहीं है, सब ठीक हो जाएगा। बाद में उनकी पत्नी और बच्चे की मौत हो गई। वहीं, ममता के चाचा सुरेंद्र सिंह का कहना है कि डॉक्टर और अन्य कर्मचारी नशे की हालत में थे। शराब के नशे में ही ऑपरेशन कर रहे थे। इन सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मृतका के परिजनों की ओर से पांकी थाने में एक आवेदन भी दिया गया है जिसमें कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। दूसरी ओर, पांकी पुलिस ने डॉ अखिलेश यादव एवं उनकी पत्नी डॉ किरण सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जबकि पांकी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महेंद्र प्रसाद ने बताया कि पोस्टमार्स्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल उनके नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है।

# देवघर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान : उपायुक्त

## कहा- आपसी समन्वय एवं सहयोग से करें संपूर्ण मेला क्षेत्र में कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के सफल संचालन को लेकर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा एवं एसपी अजित पीटर डुंगडुग ने बीएड कॉलेज प्रांगण में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार से शुरू हो रहे श्रावणी मेला को लेकर प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी, अधिकारी एवं बाहर से आए पुलिस बल के अधिकारियों, दंडाधिकारियों की सामूहिक ब्रीफिंग का आयोजन किया। इस दौरान डीसी ने कहा कि विनम्रता एवं सेवाभाव के साथ श्रावणी मेला को लेकर पूरी तरह सजग रहें, क्योंकि श्रावणी मेला के दौरान खासकर रविवार और सोमवारी के दिन सर्वाधिक भीड़ होती है। ऐसे में श्रावणी मेला के कुल चार सोमवारी को इतनी बड़ी तादाद में देवघर आने वाले कांवरियों की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण जैसी चुनौतियों का सामना बिना सजगता के नहीं किया जा सकता है। साथ ही पूरे ड्रेस कोड में अनुशासन में रहते हुए अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करें और अपने का स्वास्थ्य का ख्याल रखें। कहा कि मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त सभी कर्मी अपने जगह का निरीक्षण कर लें कि कहीं कोई समस्या तो नहीं है। आप सभी का यह ध्येय होना चाहिये कि जितना हो सके श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण करायें, ताकि कतार लगातार आगे बढ़ते रहे। डीसी ने कहा कि यह हम सभी के लिए जरूरी है कि हम सभी पूरी सजगता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करें, ताकि दूसरे राज्यों से यहां आने वाले लोग हमारे राज्य की एक अच्छी छवि लेकर यहां से अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। वहीं, एसपी अजित पीटर डुंगडुग ने कहा कि मेला में प्रतिनियुक्त बाहर से आए सभी दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षाकर्मी यहां के माहौल से परिचित हो जायें, ताकि उन्हें भीड़ नियंत्रण करने में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। सारे ओपी को श्रावणी मेला के लिए पहले से ही तैयार रहने के निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी ओपी एवं यातायात ओपी के प्रभारी डीएसपी रैंक के ऑफिसर होंगे एवं उन सभी का यह दायित्व होगा कि वे यह देखें कि उनके निर्धारित क्षेत्र में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इसके अलावा बाबा मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने मेला के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं रुटलाइन एवं होल्डिंग पॉइंट में किए जाने वाले कार्यो और महत्वपूर्ण बिंदुओं से सभी दंडाधिकारियों-पुलिस पदाधिकारियों को अवगत कराया। इस मौके पर डीडीसी पियुष सिन्हा, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, सिविल सर्जन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, ट्रैफिक डीएसपी, जिला स्तर के अधिकारी एवं मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, अधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## साक्षरता और पढ़ने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने में पुस्तकालय की भूमिका अहम : अमित तिवारी



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर दुर्गा मंदिर के समीप विजन लाइब्रेरी संस्थान का उद्‍घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, एसएलए पब्लिक स्कूल के निदेशक मुकेश अग्रवाल, रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक विमल गुप्ता, पुस्तकालय के संचालक पप्पू जायसवाल एवं राजेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अमित तिवारी ने संस्थान को सराहना की। कहा कि ऐसे संस्थान के खुलने से छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी। साक्षरता और पढ़ने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने में पुस्तकालय की भूमिका बढ़ जाती है। आधुनिक सुविधाएं और तकनीकी व्यवस्था के साथ शहर में शैक्षणिक संस्थान खुल रहे हैं। यह पलामू के छात्रों के लिए एक अच्छा शैक्षणिक वातावरण निर्माण का काम है। इस विजन लाइब्रेरी के सभी छात्रों का उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। एसएलए स्कूल के निदेशक मुकेश अग्रवाल ने कहा कि छात्रों को यहां बैठकर पढ़ने के लिए सभी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। पुस्तकालय लोगों को पढ़ने के लिए आकर्षित करते हैं और पढ़ने और सीखने की आदत को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक विमल गुप्ता ने कहा कि पुस्तकालय शांत और अनुशासित वातावरण प्रदान करता है जो शिक्षार्थियों को अपने विषयों पर अच्छी एकाग्रता बनाए रखने में सहायता करता है। वहीं, पुस्तकालय के संचालक पप्पू जायसवाल ने कहा कि पुस्तकालय कक्ष से छात्र-छात्राओं को अध्ययन में सुविधा होगी। पुस्तकालय को छात्रों के हिसाब से बनाया गया है। बिजली, पानी, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखकर इसका निर्माण किया गया है। इस मौके पर विकास सिंह, अभाविप से रोहित पाठक, विनीत पाण्डेय, श्वेतांक, दीपक पाण्डेय, सतीश तिवारी, मनीष तिवारी और सूर्यकांत आदि उपस्थित थे।


## डीआइजी ने हुसैनाबाद एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू रेंज के डीआइजी नौशाद आलम गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस कार्यालय पहुंचे। जहां एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। जबकि पुलिस के जवानों ने शस्त्र सलामी दी। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर डीआइजी नौशाद आलम ने अपराध नियंत्रण और अपने-अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाएं रखने के संबंध में कई दिशा निर्देश दिए। उनका मुख्य उद्देश्य हुसैनाबाद अनुमंडल में पुलिसिंग स्थिति का जायजा लेना और उससे अधिक प्रभावी बनाना था। साथ ही लंबित पड़े मामलों का शीघ्रता से निपटारा करना और



जॉच प्रक्रियाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में पहली बार आया हूं। ऐसे भी हुसैनाबाद एसडीपीओ जो खुद एक आइपीएस अधिकारी हं उनके नेतृत्व में बेहतर कार्य हो रहा है। आज के परिवेश में लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है। हाल के दिनों में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस को कई बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने समाज से भटके लोगों को मुख्यधारा में लौटकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। इस मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, अंचल पुलिस निरीक्षक बिनोद राम, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार आदि मौजूद थे।

## अवैध लॉटरी छपाई गिरोह का सदस्य गिरफ्तार



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने गुप्त सूचना पर अवैध लॉटरी छपाई कर बिहार, पश्चिम बंगाल एवं झारखंड में खपाने वाले गिरोह के एक सदस्य को पनाह कोला स्थित एक आवासीय मकान से गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान नसीम अंसारी के रूप में हुई है। हालांकि मौके से गिरोह के अन्य सदस्य फरार हो गए हैं। इस दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध लॉटरी टिकट, चार प्रिंटर, एक लैप टॉप, पंचिंग मशिन बरामद किया है।

## राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में डीएवी भंडारकोला के तीन तैराक लेंगे हिस्सा




**देवघर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर में 12-13 जुलाई को 15वीं जूनियर और सब-जूनियर राज्य तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। इस तैराकी प्रतियोगिता में डीएवी भंडारकोला के तीन तैराक अंशुमन कश्यप, वंश राज और सौम्य भारद्वाज भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में होगी। प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड तैराकी संघ के तत्वावधान में पूर्वी सिंहभूम जिला तैराकी संघ द्वारा किया जा रहा है। प्राचार्य बलराम कुमार झा ने कहा कि तैराकी स्वस्थ जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होती है, जो संपूर्ण स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार करता है। इसी उद्देश्य से बच्चों को विद्यालय में तैराकी की शिक्षा दी जाती है। खुशी की बात है कि ये तीन विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिरकत करने जा रहे हैं। विद्यालय परिवार की ओर से इन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं।

## गुरुपूर्णिमा पर रखी गयी भंडार गायत्री शक्ति पीठ मंदिर के पुनर्निर्माण की आधारशिला

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भंडार ग्राम पंचायत में एनएच 39 किनारे स्थित मां गायत्री शक्ति पीठ के मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को मंदिर निर्माण की आधारशिला विधिवत पूजा अर्चना के बाद रखी गयी। बतातें चलें कि भंडार गांव में गायत्री शक्ति पीठ की स्थापना 55 साल पहले हुई थी। इसके बाद मंदिर का निर्माण कराया गया था। उसी समय मंदिर के रख-रखाव के लिये एक कमेटी का भी गठन किया गया था। लेकिन बीते कुछ वर्षों से कमेटी निष्क्रिय हो गयी थी। जिस कारण मंदिर जीर्णशीर्ण अवस्था में चला गया था। इसके अलावा फोर लेन सड़क निर्माण के दौरान मंदिर की चहारदीवारी भी टूट गयी थी। जिसके बाद ग्रामीणों ने बैठक कर मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था। उसी संकल्प के तहत मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गयी। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों ने बताया कि 50 लाख रुपये की लागत से मंदिर का निर्माण होगा। इस मौके पर महेंद्र नाथ पांडेय, राम किशोर पांडेय, योगेंद्र नाथ पांडेय, विनोद पांडेय, अरुण पांडेय, अनिल पांडेय, अखिलेश पांडेय, विजय पांडेय, अरविंद पांडेय, गोपाल पांडेय, आशीष पांडेय, नवनीत पांडेय, रोहित पांडेय, बुबुन पांडेय आदि मौजूद थे।

## मनरेगा सोशल ऑडिट की हुई प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 का मनरेगा योजनाओं के लिए किए गए सामाजिक अंकेक्षण गुरुवार को 8 पंचायतों का प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई लोकपाल शंकर कुमार की अगुवाई में की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड प्रमुख कमला देवी ने की। इस दौरान हरिहरगंज प्रखण्ड के तुरी और सलैया पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-2023 और ढकचा, सरसोत, खड़गपुर, सेमरवार, कुलहिया और कटैया पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2023-2024 में हुए मनरेगा योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण के बाद योजनाओं में पाई गई अनियमितता को लेकर पंचायत स्तरीय जनसुनवाई की गई थी। पंचायत में पाई गई त्रुटियों को लेकर जनसुनवाई में ज्यूरी द्वारा की गई कार्रवाई एवं त्रुटियों की समीक्षा की गई। साथ ही पंचायत में पाई गई खामियों के आलोक में जुर्माना लगाते हुए कई आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान मनरेगा के आम बागवानी, सीचाई कूप, डोभा आदि योजनाओं में अनियमितता सामने आई है। जिसमें प्रखंड के खड़गपुर, सेमरवार, कुलहिया व सलैया पंचायत में डोभा एवं सिंचाई कूप निर्माण में प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं पाया गया। इस मौके पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, ज्योरी सदस्य शकुंतला देवी, मनरेगा बीपीओ अभय कुमार दुबे, एई शिवशंकर चौधरी आदि मौजूद थे।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने चैनपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष दिया धरना


**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने एक दिनी धरना दिया। चैनपुर उप प्रमुख सह प्रमुख प्रभारी सुनील सिंह की अध्यक्षता में आयोजित धरना का संचालन पतरिया खुर्द पंचायत पूर्व मुखिया पति विवेक सिंह ने किया। इसमें कई जिप सदस्य, मूखिया एवं सैकड़ों पंसस शामिल थे। धरना के बाद पंचायत प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से बीडीओ प्रदीप कुमार दास को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधियों ने कहा कि जिन उम्मीदों को लेकर क्षेत्र की जनता ने उन्हें अपना समर्थन देकर चुनाव जिताया था उन उम्मीदों पर कोई भी प्रतिनिधि खरा नहीं उतर रहा है। उनके अधिकारों को ना देकर सरकार उनके साथ नाइंसाफी कर रही है। मांगों में 15 वें वित्त की राशि को विमुक्त करने, केरल की तर्ज पर मानदेय देने, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की प्रदत शक्तियों को क्रियाशील करने सहित अन्य मांग शामिल था। प्रतिनिधियों ने कहा कि उनकी बातों को प्रखंड में कोई भी पदाधिकारी एवं कर्मी सुनने को तैयार नहीं है। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय बिचौलियों का अड्डा बन गया है। वहीं प्रभारी प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को उनके अधिकारों से वंचित कर रही हैं। जिसे बर्दास्त नहीं करेंगें।

## महामना पंजित शिवराम झा की 46वीं पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**देवघर (आजाद सिपाही)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को महान स्वतंत्रता सेनानी, महिला उत्थान के प्रणेता, पंडा धर्मरक्षिणी सभा, मातृ मंदिर सहित कई शिक्षण संस्थानों के संस्थापक महामना पं शिवराम झा की 46वीं पुण्यतिथि पर उनके परिवार के सदस्यों द्वारा पं शिवराम झा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसमें समाजसेवी सुशोभित झा, मीना झा, सुप्रिया झा, ऋषिका झा, अन्वी शिवराम, प्रियंका प्रीतम सहित कई अन्य शामिल हैं। गौरतलब हो कि देवघर के परंपरावादी धर्मभीरू तीर्थपुरोहित समाज में जन्मे शिवरामजी का पूरा जीवन दर्शन ही अनुकरणीय है। तीर्थ पुरोहित परिवार से होने के बाद भी इन्होंने पारंपरिक वृत्ति को नहीं अपनाया। लेकिन देवघर समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों में इनकी बराबरी में कोई नहीं ठहरता है। देवघर के सेठ-साहूकारों एवं बंगाली जमींदारों को देवघर में उचित शिक्षा के लिए संस्थानों का निर्माण करने के लिए जागृत करने का काम पंडितजी ने किया था। देवघर हाई इंग्लिश स्कूल में पढ़ाई के दौरान ही ये कांग्रेस की गतिविधियों से जुड़ गए। उम्र का असर यह था कि किशोरावस्था में ये विप्लवियों से जुड़ गए, बाद में हिंसा के जरिये स्वतंत्रता प्राप्त करने के तरीके से इनका मोहभंग हो गया। आज का आर मित्रा हायर सेकेंड्री विद्यालय तब देवघर हाई इंग्लिश स्कूल के नाम से ही जाना जाता था। इस विद्यालय से जुड़े शिक्षकों का अंग्रेजी व्यवस्था विरोधी होने के किस्से जगजाहिर हैं।

## श्रीराम जानकी मंदिर में लगा श्रद्धा और भक्ति का संगम



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हैदरनगर चौक बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर गुरुवार को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। वैष्णव संप्रदाय के श्रद्धालुओं ने जगदाचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन कर गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। पूजन कार्यक्रम जगतगुरु गोविंदाचार्य स्वामी जी महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित सृष्टिकांत मिश्र, जयप्रकाश स्वामी, दिलीप तिवारी, प्रयाग तिवारी और दीन दयाल पांडेय पूजा संपन्न कराई गई। अपने प्रवचन में स्वामी गोविंदाचार्य जी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करने का पर्व है। त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के जीवन से हमें सच्चे ज्ञान, त्याग और आध्यात्मिकता का मार्गदर्शन मिलता है। गुरु ही हमारे जीवन में प्रकाश की वह लौ हैं, जिनके बिना आत्मिक उन्नति संभव नहीं। आरती होने के बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की सफलता में कृष्णा लाल अग्रवाल, ओम लाल अग्रवाल, नर्वदेश्वर सिंह, अरुण दुबे, शिवनंदन सिंह सहित अन्य श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा है।

## हुसैनाबाद नपं की ओर से प्रशासन-पब्लिक संवाद कार्यक्रम आयोजित

# शहर को अतिक्रमण मुक्त करना प्रशासन की प्राथमिकता में: सीओ

- प्रशासन-पब्लिक के समन्वय से होगा क्षेत्र का समूचित विकास : एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** टाउन हॉल प्रांगण में गुरुवार को नगर पंचायत की ओर से प्रशासन-पब्लिक समन्वय सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता और संचालन नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंस ने किया। इसमें एसडीपीओ मो याकूब, सीओ पंकज कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नपं उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, एके सिंह कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, थाना प्रभारी सोनू चौधरी, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, राजद नेता खुर्शीद अहमद आदि उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पंचायत क्षेत्र के प्रतिनिधि, प्रबुद्ध लोग एवं आमजनता ने शहर के



मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने, नगरीय साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने, शहरी जलापूर्ति योजना को व्यवस्थित करने, बरसात के मौसम में शहर को जलजमाव से निजात दिलाने, ट्रैफिक व्यवस्था और जाम की समस्या का निराकरण करने के लिए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। इस अवसर पर एसडीओ ने कहा कि प्रशासन और पब्लिक के बेहतर समन्वय से ही शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। कहा कि मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त करना प्रशासन की प्राथमिकता है। आमलोगों के साथ प्रशासन के लोग आपसी सामंजस्य स्थापित कर शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का यथाशीघ्र प्रयास करें। वहीं, सीओ पंकज कुमार ने कहा कि शहर से अतिक्रमण हटाने के लिए शीघ्र ही अभियान चलाया जाएगा। जाम से निजात दिलाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। आनेवाले दिनों में शहर के सभी चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था होगी। वहीं, कार्यपालक पदाधिकारी श्रीहंस ने शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाने में आमलोगों से सहयोग की अपील की। इस मौके पर नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, पूर्व पार्षद नजीर अहमद, सुहैल आलम, अखलेश यादव, राजेंद्र पाल, अजय गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## 11 युवतियों को रोजगार के लिए भेजा गया तमिलनाडु

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलास जेएसएलपीएस के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में हुसैनाबाद प्रखंड से गुरुवार को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत कुल 11 युवतियों को रोजगार के लिए तमिलनाडु भेजा गया। सभी युवतियां सिलाई के कार्य के लिए कलर जर्सी, अलाथू, मंप्पराई, त्रिचि, तमिलनाडु कंपनी में भेजे गए हैं। उन्हें आकर्षक मानदेय के साथ रहने, खाने की व्यवस्था भी कंपनी की होगी। साथ ही ईपीएफ की भी सुविधा होगी। अपने संबोधन में बीडीओ सुनील वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम युवक-यूवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बेहतर कार्यक्रम है। उन्होंने सभी से मन लगाकर कार्य करने एवं अपने घर परिवार की देखभाल करने को लेकर समझाया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार, कैंडिडेट एवं उनके अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

# घाघरा सरस्वती शिशु मंदिर में मनी गुरु पूर्णिमा



घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा के देवाकी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भैया-बहनों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं मौजूद प्रधानाध्यापक संतोष मणि मिश्रा ने गुरु और शिष्य के विषय में जानकारी दिया। साथ ही कहा कि शिष्य को गुरु की बताये ज्ञान को अपने जीवन में उतरने से गुरु को सम्मान प्राप्त होता है। भैया बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम वह वंदना प्रस्तुत किया गया। वही संघ में समर्पण राशि दिया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संतोष मणि मिश्रा, आचार्य पंकज साहु, सुनैना देवी, कविता मिश्रा, निभा देवी सहित अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# सभी काल में गुरु की महत्ता रही है : प्रधानाचार्य



बसिया (आजाद सिपाही)। बसिया प्रखंड के विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में गुरुवार को श्री हरि वनवासी विकास समिति के द्वारा बड़ी ही धूमधाम से गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अभय चौधरी संरक्षक भुनेश्वर साहू,नरेश कुमार और शंकर साहू ने महर्षि वेदव्यास के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्रधानाचार्य अभिमन्यु महतो ने महर्षि बेद ब्यास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वेदव्यास ने ग्रंथों की रचना कर विकास का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा सभी काल में गुरुओं की महता रही है। गुरु बच्चो को सही दिशा की और ले जाने का कार्य करते है। गुरु की कृपा से ही छात्र जीवन मे सफल होते है। प्रो नरेश कुमार ने गुरु पूर्णिमा पर प्रकाश डालते हुए बेद ब्याश के चरित्र पर प्रकाश डाला और कहा कि गुरु के बिना छात्रों का जीवन अधूरा है।आज के डिजिटल युग मे बच्चे भटक रहे है।और गुरु की इज्जत नही करते है।आज के समय मे गुरु ही सही दिशा दे सकता है।गुरु के बिना जीवन अधूरा है। जो निश्चित रूप से अपना ज्ञान दे रहे है।उन्होंने कहा कि जो गुरुओं का आदर करते है वह जीवन मे कभी असफल नही होते। उपाध्यक्ष अभय कुमार चौधरी ने भी गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला।साथ ही भैया बहनों से गुरु दक्षिणा के रूप में अनुशासन, संस्कार और संस्कृति तथा राष्ट्रीयता की भावना को साथ लेकर चलने की अपील की।साथ ही बच्चों को जीवन में सफल होने के तरीके बताई।मौके पर विद्यालय के भैया बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय एवम तृतीय स्थान लाने प्रतिभागी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।मंच का संचालन निक्की कुमारी कृतिका भगत प्राची कुमारी आयुषी कुमारी ने की। मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्य पुष्पा देवी प्रकाश साहु, स्कूल के सभी आचार्य और दीदी और भैया-बहन उपस्थित थे।

# भरनो के तीन गांवों में विशेष शिविर लगा



भरनो (आजाद सिपाही)। जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्र में चलाये जा रहे विशेष शिविर प्रखंड भरनो के पंचायत मराशिली के तीन गांव माराशिली, कुसुमबाहा, सिंगरोली में शिविर लगाया गया। बारिश के बावजूद तीनों जगह जनजातीय परिवार के काफी लोग उपस्थित थे। जनजातीय परिवार को कल्याणकारी योजना से आच्छादित करने हेतु सभी विभाग के स्टॉल लगाये गये जिसमें संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी लाभ देने हेतु उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से जनजातीय परिवार के लोगों को कल्याणकारी योजना जैसे आधार कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, वृद्धा विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सिकल सेल टेस्टिंग, कास्ट सर्टिफिकेट बनाना, राशन कार्ड बनाना एवं नाम जोड़ना, मनरेगा में 100 दिन का रोजगार देना आदि योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाया गया। जनजातीय क्षेत्र में नशापन की समस्या बनी रहती है। नशामुक्त भारत बनाने के लिए शिविर में उपस्थित लोगों को शपथ कराया गया। बाल विकास परियोजना की तरफ से गोद भराई तथा अननप्रास का कार्य जिसमें जुड़वा बच्चा आकाश एवं बादल को कराया गया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार, जेएसएलपीएस के बीपीएम नील कंठ कच्छप, रश्मि कुमारी, महिला पर्यवेक्षक उर्मिला देवी सहित सभी विभाग के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बरमहादेव में श्रद्धालुओं ने माथा टेका, लिया आशीर्वाद



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रेहलदाग स्थित बरमहादेव में कल्याण बाबा के नेतृत्व में गुरु महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के कई श्रद्धालुओं ने बरमहादेव पहुंचकर माथा टेका और विधिवत पूजन करते हुए लगातार चल रहे भगवान शिव के रुद्राभिषेक में शामिल हुए। मौके पर कल्याण बाबा ने कहा कि आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मेरे इष्ट गुरुदेव बाबा भोलेनाथ एवं गुरु घोर अघोर भगवान अवधूत की पूजा की गयी। उन्होंने कहा कि गुरु व्यक्ति को सही दिशा में ले जाने का कार्य करते हैं गुरु कृपा से ही व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करता है। कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ता है। इस बार गुरु पूर्णिमा के दिन इंद्र योग और वैधृति योग का शुभ संयोग बना है। इस योग में गुरु की पूजा से हर तरह के सिद्धियों की प्राप्ति होती है और जीवन में आने वाली समस्याएं भी दूर हो जाती है इस अवसर पर कल्याण बाबा से गुरमुख हुए विभिन्न जगहों से आए लोगों ने कल्याण बाबा से आशीर्वाद लिया साथ ही कई श्रद्धालु बाबा से गुरुमुख भी हुए और आशीर्वाद लिया। इधर बनारस, से पहुंचे ब्राह्मण लग्न पांडे,मईहर से ऋषि राज आदि विद्वानों ने श्रद्धालुओं को लगातार विधि वक्त पूजन कराई जा रही है। इस मौके पर राधिका देवी, बंसत साहू, हजारी प्रसाद साहू, विनोद प्रसाद साहू, सुकरु खेरवार, संतोष पुजारी, लालदेव भगत, रामप्रसाद लोहार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मरीजों के लिए बेहतर सुविधा होगी प्राथमिकता : डॉ एसएन चौधरी

**प्रभार ग्रहण के बाद नए सीएस ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण**



आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला के नए सिविल सर्जन डॉ एस एन चौधरी ने कहा है कि जनता को सदर अस्पताल के प्रति विश्वास है। यही कारण है कि अस्पताल में मरीजों की काफी संख्या है। मरीज के अनुपात अस्पताल छोटा पड़ रहा है। हमारा प्रयास होगा कि छोटी-छोटी त्रुटियों को दूर किया जाएगा। मरीजों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने का प्रयास होगा। प्रभार ग्रहण के बाद सिविल सर्जन ने गुरुवार को गुमला सदर अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद यह जानकारी दी। कहा कि अस्पताल में साफ सफाई की कमी महसूस की गयी। सफाई प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। मरीजों से भी बातचीत की। अस्पताल में मिल रहे भोजन, दवा एवं चिकित्सीय सुविधा से वे संतुष्ट हैं। फिर भी जो भी कमियां दिखेगी उसे ठीक किया जायेगा। आयुष्मान भारत का भुगतान नहीं होने के संबंध में डॉ चौधरी ने कहा कि इस ओर उनका ध्यान है। विभाग से पत्राचार किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ चौधरी के साथ डीएस डॉ अनुपम किशोर, राजीव कुमार, प्रवीण बाड़ा, दिनेश कुमार, राहुल कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

# 14 को अवैध खनन और पत्थर-बालू तस्करी के खिलाफ धरना

गुमला (आजाद सिपाही)। बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति गुमला के तत्वाधान में अवैध बॉक्साइट उत्खनन और जिले में माइनिंग एक्ट का उल्लंघन कर चल रही पत्थर क्रेशर के लीज धारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर गुमला उपायुक्त के समक्ष धरना कार्यक्रम 14 जुलाई 2025 को की जायेगी। विदित हो कि खनन विभाग की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर अवैध बॉक्साइट उत्खनन एवं पत्थर बालू का तस्करी जिले से हो रही है जिसकी सूचना विभाग को होने के बावजूद कार्रवाई नहीं किये जाने के खिलाफ पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 14 जुलाई को उपायुक्त के समक्ष धरना कार्यक्रम आयोजित कर अवैध खनन रोकने तथा अवैध कारोबार में खनन विभाग की मिलीभगत की भी जांच की मांग की जायेगी।

# मंडल कारा में रात्रि में औचक निरीक्षण और सघन तलाशी अभियान जारी

गुमला (आजाद सिपाही)। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार 8 जुलाई 2025 को रात्रि 08:45 बजे से 10:30 बजे तक मंडल कारा, गुमला का औचक निरीक्षण एवं सघन तलाशी अभियान संचालित किया गया। इस निरीक्षण का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी, गुमला राजीव नीरज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला द्वारा किया गया। निरीक्षण दल में जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, अंचलाधिकारी गुमला, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला, थाना प्रभारी गुमला, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं काराधीक्षक, मंडल कारा गुमला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में महिला पुलिस पदाधिकारी एवं महिला पुलिस बल की उपस्थिति में महिला वार्ड की सघन तलाशी की गयी। इस दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामग्री प्राप्त नहीं हुई। इसी क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा मंडल कारा के कुल 08 पुरुष वार्डों एवं सेल की भी गहन तलाशी ली गई। इस दौरान भी किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु अथवा अनुचित गतिविधि के साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए। निरीक्षण दल ने कारा प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को संतोषजनक पाया तथा काराधीक्षक को निर्देशित किया गया कि इस प्रकार की सतर्कता एवं निगरानी भविष्य में भी लगातार बनाये रखें, ताकि जेल परिसर पूर्णत: सुरक्षित एवं अनुशासित बना रहे।

# दिव्यांगता प्रमाणन के लिए विशेष शिविर आयोजित



गुमला (आजाद सिपाही)। 9 जुलाई 2025 को सदर अस्पताल गुमला में फाइलेरिया प्रभावित दिव्यांगजन हेतु विशेष दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया जिसमें पिरामल फाउंडेशन द्वारा भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध रूप से प्रमाणन सुविधा उपलब्ध कराना है। इस शिविर में जिले के सभी प्रखंडों से फाइलेरिया प्रभावित मरीजों की उपस्थिति रही। शिविर के दौरान कुल 481 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 319 मरीजों को उसी दिन चिकित्सा बोर्ड द्वारा प्रमाणित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह जानकारी दी गयी है कि प्रत्येक बुधवार को सदर अस्पताल गुमला में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले के अन्य दिव्यांगजन को भी प्रमाण पत्र जारी करने एवं उनका विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा लाभों से जोड़ना है, ताकि वे स्वावलंबी बन सकें और उन्हें आवश्यक सहायता प्राप्त हो सके। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम की मुख्य रूप से उपस्थित रही।

# गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। 10 जुलाई 2025 दिन-गुरूवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बड़ाईक मुहल्ला स्थित गायत्री शक्तिपीठ गुमला में भव्य रुप से विश्व शांति के उद्देश्य एवं गुरुजनों को स्मरण व पूजन करते हुए पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें परिवार्जक अमित कुमार व ब्रह्मदेव जी के द्वारा हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। साथ ही विभिन्न संस्कार भी कराया गया जिसमें दीक्षा संस्कार पूजा देवी, उत्तम गुप्ता, पूनम देवी का एवं विद्यारंभ संस्कार सौरभ कुमार का कराया गया। इसके अलावा नवविवाहित जोड़े पंकज-आरती का विवाह दिवस भी मनाया गया। तत्पश्चात हवन के बाद प्रसाद के रूप में अमृतासन, खीर का सुस्वाद प्रसाद का आए हुए भक्तों के बीच में वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रह्मदेव, गीता देवी, सरस्वती देवी, प्रमोद सिंह,मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास,आशा देवी,राधा देवी, उर्मिला बहन,मुद्रिका सिंह,विजय कुमार साहू, लक्ष्मी विश्वकर्मा, विश्वनाथ जयसवाल, संदीप स्वरूप, दिलीप कुमार साहू, आशा देवी, वैदेही देवी,प्रतिमा देवी, सुरेंद्र राय, लक्ष्मी देवी,बबीता देवी, प्रेमलता देवी, हर्ष राज, राजपति बडाईक सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

# आरएन सिंह सरस्वती विद्यामंदिर में गुरु पूर्णिमा और वेदव्यास की जयंती मनी



आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। गुरुवार को रणजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा सिसई में महर्षि वेदव्यास की जयंती और गुरु पूर्णिमा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा की अगुवाई में सचिव रविन्द्र नाथ अधिकारी तथा कोषाध्यक्ष अश्विनी देवघरिया ने दीप प्रज्वलित कर महर्षि वेदव्यास की तस्वीर के सामने पुष्पार्चन किये। साथ ही सभी आचार्य आचार्या एवं विद्यालय के भैया- बहनों ने महर्षि वेदव्यास जी के चरणों में पुष्प अर्पित किया। प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा ने अतिथि परिचय के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम की उद्घोषिका कक्षा दशम की बहन सोनी ने अपनी श्रद्धापूर्ण बातों से सबका मन मोह लिया। महर्षि वेदव्यास को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भैया गौरव राज ने गुरू की आवश्यकता तथा महिमा पर प्रकाश डाला। तदोपरांत विद्यालय प्रबंधन समिति के अधिकारियों द्वारा विद्यालय की ओर से सभी आचार्य तथा कर्मचारियों को वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा ने महर्षि वेदव्यास के कृत्यों पर गहराई से प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सचिव रविन्द्र नाथ अधिकारी ने विद्यालय के आचार्यों को विद्यालय की परंपरा सही तरीके से निर्वाह करने के लिए धन्यवाद दिये तथा बच्चों को अनुशासित देखकर संतोष जाहिर किये। इस अवसर पर शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर के आचार्य बद्री नारायण सिंह, सुखनाथ सिंह, अरविंद कमला, विक्रम कुमार गुप्ता, कमल सिंह, नाथू भगत, कौशल्या कुमारी, सरिता कुमारी समेत कई उपस्थित थे।

# बीमारी से परेशान युवक ने लगायी फांसी



घाघरा (आजाद सिपाही)। बीमारी से परेशान पांच बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त की। घाघरा थाना क्षेत्र के कोटामाटी ग्राम निवासी लगभग 42 वर्षीय बीरेंद्र उरांव ने आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलने पर घाघरा पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक की मां इतवारी देवी ने बताया कि बीरेंद्र लंबे समय से फाइलेरिया रोग से ग्रसित था और काफी परेशान रहता था। मृतक अपनी मां के साथ रहता था जबकि उसकी पत्नी घर में ही अलग रहती थी। मृतक की मां ने यह भी बताया कि वह बुधवार को शाम में रोपा रोकर घर आई और खाना बनाकर खुद खाई और बीरेंद्र को भी खिला कर सोने चली गई। बीरेंद्र भी दूसरे कमरे में सोने चला गया। सुबह उठकर इतवारी ने देखा की दरवाजा बंद है और काफी देर तक नहीं खुल रहा है। जिसके बाद छप्पर में चढ़कर देखा गया तो बीरेंद्र फंदे के सहारे झूल रहा था। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा पुलिस को दी गयी। घाघरा पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है।

# गुरु पूर्णिमा पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

डुमरी। नान्दो देवी सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर, विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन समिति के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव अभिमन्यु जायसवाल, संरक्षक जगन्नाथ प्रसाद, राजेश केसरी, समिति सदस्य उमेश ताम्रकार तथा अभिभावक प्रतिनिधि सुभाष ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। यह आध्यात्मिक कृत्य गुरु पूर्णिमा के निहितार्थों को प्रतिध्वनित करता था। इस अवसर पर, संरक्षक जगन्नाथ प्रसाद ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में जीवन में गुरु की अपरिहार्य भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने गुरु को मात्र ज्ञान प्रदाता ही नहीं, अपितु सही दिशा निर्देशक, नैतिक मूल्यों के संवाहक और जीवन की चुनौतियों का सामना करने हेतु सशक्त बनाने वाले व्यक्तित्व के रूप में रेखांकित किया। श्री प्रसाद ने गुरु को समाज का आधारस्तंभ बताते हुए उनके निःस्वार्थ योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। तत्पश्चात राजेश केसरी ने अपने वक्तव्य में माता-पिता को प्रथम गुरु की संज्ञा दी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि माता-पिता के मार्गदर्शन का अक्षरशः पालन कर ही व्यक्ति जीवन में सफलता के सर्वोच्च शिखर को प्राप्त कर सकता है। इस भव्य आयोजन में विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें गीत, नृत्य और लघु नाटिकाएं शामिल थीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने अपने गुरुजनों के प्रति असीम कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय के सभी भैया-बहनों ने अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा और समर्पण राशि अर्पित की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय पाणिग्राही अपने संबोधन में उन्होंने समाज को भी एक अप्रत्यक्ष गुरु के रूप में स्वीकार करने का आह्वान किया।

# गुमला में रिम्स 2 बनाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सदर अस्पताल गुमला में बेड की कमी के कारण मरीजों को बरामदे में सोना पड़ता है। जमीन पर मरीज के परिजन भी सोते हैं। गुरुवार की अपराह्न 4 बजे सदर अस्पताल गुमला में भ्रमण के क्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पाया कि बहुत से मरीजों का अस्पताल के वार्ड में बेड कि कमी होने के कारण कमरे से बाहर उनका इलाज चल रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र लाल उरांव ने सरकार को इस और ध्यान देने की बात कही और कहा कि सरकार रांची के नगड़ी में कृषि योग्य भूमि पर रिम्स 2 बनाने की जिद्द छोड़ कर गुमला में रिम्स 2 बनाये। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रिम्स टू का निर्माण गुमला में करें। गुमला के लोग खुशी-खुशी अपना जमीन दान देंगे। तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी में जमीन दाताओं को प्राथमिकता प्रदान की जाए तो लोग जमीन देकर भी रोजगार और जीवन यापन के साथ जुड़ सकते हैं। यहां रिम्स 2 बनने से गुमला सिमडेगा, लोहरदगा, लातेहार और छत्तीसगढ़ राज्य का जशपुर जिला के साथ साथ 12 प्रखंडों के लोगों को काफी फायदा होगा। संतोष झा ने भी बताया कि गंभीर मरीजों को रांची रिम्स रेफर कर दिया जाता है। कई मरीजों की जान रास्ते में ही चली जाती है। गुमला में बड़े अस्पताल बनाने से कई लोगों की जान बच सकती है। मौके पर अमित साहू, प्रकाश प्रसाद, आशीष कुजूर, अनिमा कुमारी, रोहित कुजूर मौजूद थे।


## न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बुण्डू (राँची)

**सर्व साधारण सूचना**

**छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(1) b के तहत**
**अनुमति वाद संख्या– आर० एम०–144/2024–25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/विक्रेता– 1) पूर्ण चन्द्र महतो 2) मुचीराम महतो पिता–स्व० मांगडु महतो निवास ग्राम–नवाडीह, पो०–बारेडीह, थाना–तमाड़, जिला–राँची, राज्य–झारखण्ड, जाति–OBC (CNT Act से आच्छादित पिछड़ा वर्ग), पेशा–खेती ने अपने निम्न वर्णित खतियानी/खरीदगी भूमि को विपक्षी/क्रेता–सुरेन्द्र नाथ महतो पिता–स्व० महेश महतो, निवास ग्राम–भिठुडीह एलियस सेरेंगडीह, पो०–बारेडीह, थाना–तमाड़, जिला–राँची, राज्य–झारखण्ड, जाति–OBC (CNT Act से आच्छादित पिछड़ा वर्ग), पेशा–खेती को छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(1) b के तहत दान/बिक्री/वसीयत/बदलेन हेतु अनुमति की माँग की गयी है।

जिस किसी को भी आपत्ति करना हो वे दिनांक–07/08/2025 तक उपस्थित होकर अपना आपत्ति दाखिल कर सकते है।

**बिक्री हेतु अनुमति भूमि का विवरण**
**मौजा–भिठुडीह, थाना–तमाड, थाना सं०–213**

| खाता सं० | प्लॉट सं० | रकबा | चौहद्दी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उ० | द० | पू० | प० |
| 26 | 66 | 1.32 ए० | अनिल चन्द्र महतो | संतोष महतो | अमर महतो वो फलिन्दर महतो | सुभाष चन्द्र महतो |

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
बुण्डू (राँची)

PR 356946 Revenue(25-26).D



## Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.

(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)
Office of the: General Manager, Transmission Zone-II, Dumka
Email – gmtz2dumka@gmail.com

**Tender Notice**

Sealed Tender in two parts containing Techno-commercial Part (Part- I) and Price Part (Part-II) scribed on separate two sealed envelope with NIT No., written on top of envelope are invited from reputed, experienced and financially sound agencies/firm/contractors for execution of following work:-

| NIT No. | Name of works | Estimated cost (in Rs.) | Earnest money (in Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable) (In Rs.) | Last date & time for submission of tender | Date and time for opening of tender (Part-I) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 259/PR/JUSNL/2025-26 | Repairing of fencing of switch yard at 132/33 KV GSS, Rajmahal. | 4,68,730.00(GST and labourcess included) | 9500.00 | 886.00 | Up to 03.00PM on 05/08/2025 | At 03.30PM on 05/08/2025 | 02(Two) month |
| 260/PR/JUSNL/2025-26 | Provision of 01 no. of submersible pump and all accessories with pipe at site store Mohanpur under Transmission Division, Lalmatia. | 1,43,930.00(GST and labourcess included) | 3000.00 | 590.00 | Up to 03.00PM on 05/08/2025 | At 03.30PM on 05/08/2025 | 01(One) month |
| 261/PR/JUSNL/2025-26 | R/M of Site store with sanitary works at Mohanpur under Transmission Division, Lalmatia. | 8,46,010.00(GST and labourcess included) | 17,000.00 | 1476.00 | Up to 03.00PM on 05/08/2025 | At 03.30PM on 05/08/2025 | 02(Two) month |
| 262/PR/JUSNL/2025-26 | R/M of barrack with sanitary works at 220/132/33 KV GSS, Lalmatia. | 8,35,725.00(GST and labourcess included) | 16,800.00 | 1476.00 | Up to 03.00PM on 05/08/2025 | At 03.30PM on 05/08/2025 | 03(Three) month |
| 263/PR/JUSNL/2025-26 | Provision of Paver blocks from main gate to front of office building, side gate and other miscellaneous works in campus of Administrative building Maharo, Dumka. | 3,54,900.00(GST and labourcess included) | 7,100.00 | 886.00 | Up to 03.00PM on 05/08/2025 | At 03.30PM on 05/08/2025 | 01(One) month |

1. Tender document can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of Tender in working hours after depositing cost of BOQ (non-refundable) in shape of Bank Draft in favour of **Accounts Officer, Transmission Zone-II, Dumka**payable at Deoghar.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

*Sd/-*
*General Manager,*
*Transmission Zone-II, Dumka*

PR 356974 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)25-26*D

# देशवासियों का विश्वास कांग्रेस की ओर वापस लौट रहा: के राजू



झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने किया कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गुरुपूर्णिमा के अवसर पर गिरिडीह जिला कांग्रेस के नव निर्मित राजीव भवन का उद्घाटन गुरुवार को पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, कांग्रेस विद्यायक दल के नेता प्रदीप यादव, पूर्व प्रदेश प्रमुख राजेश ठाकुर, पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री सुवोध कांत सहाय सहित अन्य मौजूद थे। अपने संबोधन में झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि कांग्रेस का गिरिडीह इलाके में गौरव इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि पुनः देशवासियों का विश्वास कांग्रेस की ओर वापस लौट रहा है। वहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रदेश प्रमुख राजेश ठाकुर, विधायक स्वेता सिंह, पूर्व विद्यायम जेपी भाई पटेल सहित अन्य पार्टी नेताओं ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह, सतीश केडिया, उपेंद्र सिंह, अशोक विश्वकर्मा, अजय सिन्हा, मदन विश्वकर्मा, महमूद अली खान, बलराम यादव, अमित सिन्हा और रिषीकेश मिश्रा आदि मौजूद थे।

# बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास के प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में गुरुवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदनकियारी के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह चास के भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्रभाष कुमार दत्ता ने की। प्रशिक्षण का संचालन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी दिवाकर दूबे ने गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने उपस्थित बीएलओ को मतदाता सूची के अद्यतन, त्रुटि संशोधन, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं अपात्र नामों को हटाने की प्रक्रिया संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर महादेव कुमार महतो एवं अमर नाथ बाउरी उपस्थित थे। साथ ही बीएलओ पर्यवेक्षकगण की भी सक्रिय सहभागिता रही। बताते चलें कि बोकारो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह चास अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढंडा से प्राप्त निर्देश के आलोक में बीडीओ डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में भी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंजूर अंसारी एवं निरंजन बाउरी ने संबंधित क्षेत्र के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया।

# एक 'नए सफर की शुरुआत' कार्यक्रम का आयोजन




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील प्लांट से जुलाई '2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 38 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं एवं सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से गुरुवार को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ की ओर से 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके आरंभ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। वहीं, डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन एवं नगर प्रशासन विभाग से जितेंद्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बजाज एलियांज लाइफ इन्स्योरेन्स की रिलेशन मैनेजर श्वेता सिंह ने एनपीएस और कोटक महिंद्रा बैंक के ब्रांच हेड मोहम्मद जुल्फिकार आलम एवं उनकी टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव देने के साथ ही बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं, मानव संसाधनअंतिम निपटारा प्रकोष्ठ की अनीता झा ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# झरिया में दो समुदायों के बीच झड़प, चले लाठी-डंडे

**झरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बनियाहिर मैदान में गुरुवार को दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गयी। इसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। सभी का इलाज झरिया के निजी अस्पताल में जारी है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही सिंदरी एसडीपीओ, झरिया के सीओ सहित सिंदरी अनुमंडल के सभी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण किया। इस दौरान पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा। फिलहाल इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस और शांति समिति के सदस्य्य दोनों पक्षों से बातचीत कर हालात को सामान्य करने में जुटे हैं। जानकारी के मुताबिक घटना को लेकर एक समुदाय के अजय पासवान का कहना है कि एक युवक बाल कटवाने गया था। इसी दौरान कुछ युवकों ने अचानक हमला कर दिया। मारपीट करने वाले लोग हाल ही में दिल्ली से यहां अपने रिश्तेदारों के पास आए हैं और बांग्लादेशी हैं। पुलिस इसकी जांच करें। वहीं, विशेष समुदाय के जन्नत फिरदोष का कहना है कि कुछ बच्चे बनियाहिर ग्राउंड में खेल रहे थे। वहीं, विवाद हुआ था। मामला बिगड़ने पर समझाने गए तो मारपीट करने लगे।

# नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

## भारी मात्रा में स्प्रिट एवं नकली देशी-विदेशी शराब जब्त

- पकड़े गये आरोपितों का रहा है आपराधिक रिकॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



अवैध नकली शराब फैक्ट्री से जब्त स्प्रिट एवं देशी-विदेशी शराब।

**बोकारो।** चीरा चास थानांतर्गत नंदुआ के आवासीय कालोनी स्थित एक मकान में नकली शराब फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में स्प्रिट एवं नकली देशी-विदेशी शराब जब्त किया है। इस दौरान मौके से दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस की मानें, तो ये लोग नकली शराब बनाकर उसपर नामी-गिरामी शराब कंपनी के रैपर चस्पा कर स्थानीय एवं बाहर के बाजारों में खपाते थे। जानकारी के अनुसार चीरा चास थाना पुलिस को चीरा चास आवासीय कालोनी में पिंटू सिंह के मकान में नकली शराब फैक्ट्री संचालित होने की गुप्त सूचना मिली थी। इस खबर के बाद रेस हुई पुलिस ने टीम गठित कर छापामारी की और मौके से पिंटू सिंह के साथ ही गोपाल सिंह नामक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान मकान से भारी मात्रा में देशी-विदेशी शराब, नामी गिरामी अंग्रेजी शराब कंपनियों के रैपर और 10 जार स्प्रिट एवं पांच खाली जार बरामद कर उसे जब्त कर लिया। बताया जा रहा कि पहले भी यहां से इस तरह के गोरखधंधे चलाने की बात सामने आई थी। उधर, थाना प्रभारी चंदन कुमार दूबे ने बताया कि मामले में कांड संख्या 97/ 2025 दर्ज कर पिंटू और गोपाल सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पिंटू और गोपाल का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है।

# गुरु पूर्णिमा पर मंदिर में आयोजित भंडारे में शामिल हुई रागिनी सिंह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयला नगर स्थित साईं मंदिर में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें बीसीसीएल के सीएमडी सिमरण दत्ता, डीपी एमके रमैया, झरिया विधायक रागिनी सिंह और आशिनी सिंह सहित हजारों श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रागिनी सिंह ने सभी को गुरु पूर्णिमा की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साईं बाबा सभी कोयलांचलवासिओं का कल्याण करें। वहीं, भंडारा में श्रद्धालुओं की सेवा में सक्रिय श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जजमान उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 24 घंटे का अखंड कीर्तन इस दिन संपन्न हुआ। मंदिर में पूजा अर्चना तुफानी बाबा ने विधिवत करवाया। शाम को साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा मंदिर से निकल जाएगी जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे। साथ ही साईं बाबा को 56 भोग अर्पित किया गया है। इस मौके पर उमाशंकर सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह, मनोज सिंह, उदय प्रताप सिंह की पत्नी रेनू सिंह, नीतू तिवारी, सोनिका सिंह, चंदन कुमार, मुनि देवी, पिंकी पाली मनीष कुमार सिंह, जयकांत झा, पम्मी बबीता सिंह, पूनम मिश्रा, प्रीति अविनाश कुमार और परवीन अदि का योगदान सराहनीय रहा।

# गुरु वह दीप हैं जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं: प्राचार्या

पहला कदम विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का भव्य आयोजन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित विशेष विद्यालय 'पहला कदम' में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों की ओर से प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिंद्रा कंपनी के स्टेट हेड रोशन सिंह, ब्रांच हेड दशरथजी और डॉक्टर एमपी ठाकुर उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वहीं, बच्चों ने केक भी काटा। इसके बाद प्राचार्या ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु वह दीप हैं जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। स्कूल की सचिव अनिता अग्रवाल ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि गुरु-शिष्य के बीच के आत्मिक संबंध का प्रतीक है। पहला कदम में कार्यरत शिक्षक विशेष बच्चों के जीवन में जो योगदान दे रहे हैं, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने शिक्षकों को उनकी सेवा भावना के लिए धन्यवाद दिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। जबकि दिव्यांग बच्चों ने नृत्य, गायन और कविता पाठ के माध्यम से अपने गुरुओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया।

## चास सीओ के नेतृत्व में चलाया गया वाहन जांच अभियान

# अवैध बालू परिवहन में संलिप्त दो हाइवा जब्त, चालक और खलासी हुए गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



अवैध बालू लदा जब्त हाईवा।

**बोकारो।** चास अनुमंडल पदाधिकारी (सीओ) प्रांजल ढ़ांडा के नेतृत्व में सेक्टर-6 थाना अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आशालता दिव्यांग विद्यालय के समीप अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए दो हाइवा वाहनों को पकड़ा गया। मौके से एक चालक एवं खलासी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों वाहनों को विधिवत जब्त कर सेक्टर-6 थाना को सौंप दिया गया। साथ ही प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इस विशेष अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतो, खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल की सक्रिय सहभागिता रही। गौरतलब है कि डीसी अजय नाथ झा के निर्देश के आलोक में प्रशासन की ओर से खनिज संपदा के अवैध दोहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# सीएसआइआर-सीआइएमएफआर में 'आधुनिक खनन प्रौद्योगिकी एवं ईंधन विज्ञान' पर एक माह का कार्यकारी विकास कार्यक्रम शुरू

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर) में 'आधुनिक खनन प्रौद्योगिकी और ईंधन विज्ञानः सिद्धांत और व्यवहार' विषय पर एक माह का कार्यकारी विकास कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार से हुई। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 12 खनन एवं भू-विज्ञान स्नातक अभियंता प्रशिक्षुओं को आधुनिक खनन विधियों और ईंधन विज्ञान में दक्ष बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिसमें नवाचार और स्थिरता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ एके घोष ने उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। बताया कि यह कोर्स कोयला मूल्य श्रृंखला की खनन से लेकर उसके औद्योगिक उपयोग तक की संपूर्ण जानकारी देगा। इसमें प्रमुख विषयों में आधुनिक खनन की चुनौतियां, उन्नत उपकरणों का उपयोग, खान सुरक्षा, सतही और भूमिगत खनन तकनीक, खान समापन योजना, बुद्धिमान खनन विधियां और बैकफिलिंग जैसे विषय शामिल हैं। ईंधन विज्ञान के अंतर्गत सैंपलिंग, कार्बोनाइजेशन, धातुकर्म, कार्बन कैप्चर एवं उपयोग, दुर्लभ मृदा तत्व, महत्त्वपूर्ण खनिज और स्वच्छ ऊर्जा के लिए राष्ट्रीय रणनीतियां जैसे विषय भी कवर किए जाएंगें। वहीं, मुख्य वैज्ञानिक डॉ जेके पांडेय ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सीआइएमएफआर की गुणवत्ता प्रशिक्षण देने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने प्रतिभागियों को ज्ञान का अधिकतम लाभ उठाने और अपने कार्य में इसका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि 'हमें खुशी है कि आप यहां हैं। जो यहां सीखेंगे, वह आपके और आपके संगठन के विकास में सहायक सिद्ध होगा। वहीं, उत्कृष्ट वैज्ञानिक डॉ पीके बनर्जी ने युवा प्रतिभागियों को 'भविष्य के परिवर्तनकर्ता' बताया। कहा कि हिंडाल्को सतत एल्यूमीनियम उत्पादन में अग्रणी है। उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा के साथ ही राष्ट्रीय विकास में योगदान के महत्व पर बल दिया। कहा कि आप सही स्थान पर हैं। यहां की आपकी सीख आपके जीवन, कंपनी और देश पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। सीआईएमएफआर के निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने की बधाई दी। उन्होंने सीएसआईआर और सीआईएमएफआर के अनुसंधान एवं नवाचार में योगदान का परिचय दिया। बताया कि आज सीआइएमएफआर खनन एवं ईंधन विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने भारत के भविष्य में एल्यूमीनियम की भूमिका, इसके विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग और उच्च ऊर्जा खपत एवं कार्बन उत्सर्जन में कमी जैसी चुनौतियों की चर्चा की। उन्होंने एल्यूमीनियम के आयात-निर्यात और आत्मनिर्भर भारत (आत्मनिर्भर भारत) की दिशा में देश के प्रयासों पर भी अपने विचार साझा किए।


## झारखण्ड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
## प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय संकल्प संख्या–2287 दिनांक–23.12.2024 के द्वारा श्रीमती नीरजा कुजूर, तदेन जिला शिक्षा पदाधिकारी, पश्चिमी सिंहभूम सम्प्रति सेवा निवृत्त के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित है।

संचालन–सह–विभागीय जाँच पदाधिकारी के द्वारा विभागीय कार्यवाही में श्रीमती कुजूर को दिनांक–28.01.2025, 18.02.2025, 28.02.2025, 11.03.2025, 04.04.2025, 15.04.2025, 25.04.2025, 16.05.2025, 12.06.2025, 24.06.2025 एवं 04.07.2025 को उपस्थित होने हेतु नोटिस निर्गत किया गया, लेकिन वे केवल दिनांक–11.03.2025, 04.04.2025, 25.04.2025 एवं 12.06.2025 को उपस्थित हुए हैं। उनके द्वारा संचालन–सह–विभागीय जाँच पदाधिकारी के समक्ष अबतक बचाव–बयान समर्पित नहीं किया गया है।

श्रीमती कुजूर के द्वारा माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची में विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध Filing Number- 7150/2025 के द्वारा वाद दायर किये जाने की सूचना दी गई है, जो दिनांक–03.07.2025 को दायर किया गया है। उक्त वाद में अबतक माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई नहीं की गई है और विभागीय कार्यवाही से संबंधित कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं है।

अतः श्रीमती कुजूर को निदेश दिया जाता है कि ससमय विभागीय कार्यवाही के निश्पादन हेतु अगली सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि–15.07.2025 तक बचाव–बयान समर्पित करना तथा सुनवाई में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगी।

PR 356959 School Education and Literacy(25-26)D

सरकार के अवर सचिव।

## महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय, झारखण्ड,राँची

### सूचना पट निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08/2025–26

**Render Safe Procedure (RSP) Kit- 12 Nos.** की आपूर्ति हेतु GST निबंधित स्थानीय फर्मो से **दिनांक 24.07.2025 को समय 16:00 बजे तक** मुहरबन्द निविदांए आमंत्रित की जाती है।

**नियम एवं शर्तें :–**

1. ईच्छुक फर्म अपने लेटर पैड पर निविदा दो भागों – तकनीकी एवं वित्तीय भाग में देंगे। तकनीकी भाग में GST, पैन नम्बर तथा पूर्व में किसी सरकारी संस्थानों में समान/समरूप उपकरण की आपूर्ति संबंधी प्रमाण प्रत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. **परिशिष्ट–01 के रूप में संलग्न विहित प्रपत्र के अनुसार वित्तीय भाग समर्पित करेंगे।** वित्तीय भाग में अंकित दर अंको/अक्षरों में होगी और उसमें कोई कटींग अथवा ओभर राईटींग मान्य नहीं होगा। ऐसी निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
3. Render Safe Procedure (RSP) Kit का **Specifications परिशिष्ट–02 के रूप में संलग्न है।** उक्त Specifications के अनुरूप Render Safe Procedure (RSP) Kit की आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. क्रयादेश निर्गत करने से पूर्व Procurement Committee आवश्यकतानुसार नमूना की मांग कर सकती है।
5. Render Safe Procedure (RSP) Kit की आपूर्ति केन्द्रीय भंडार, होटवार, राँची में करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा के दोनों भाग (तकनीकी एवं वित्तीय) को अलग–अलग लिफाफा में सील कर दोनों के उपर अलग–अलग यथा "तकनीकी भाग" एवं "वित्तीय भाग" लिख कर एक अन्य लिफाफा में डालकर और उसे भी सील कर अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से भेजना होगा। लिफाफा के उपर फर्म का नाम लिखा रहना अनिवार्य होगा।
7. निविदा का तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग दिनांक 25.07.2025 को समय 11:00 बजे Procurement Committee के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
8. निविदा समर्पित करने के पश्चात् निविदा से संबंधित किसी प्रकार का कागजात स्वीकार नहीं किया जायेगा।
9. महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि बिना कारण बताये निविदा को रद्द कर सकेंगे।
10. सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट–01 एवं 02 सहित) झारखण्ड पुलिस के वेबसाईट www.jhpolice.gov.in पर उपलब्ध है। कार्यालय दिवस के दौरान पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची से भी संपूर्ण निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते है।

पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन)
झारखण्ड, राँची

PR 356943 Police(25-26).D

## जिला परिवहन पदाधिकारी, का कार्यालय कोडरमा
## आवश्यक सूचना

मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–68(3)(ca) का प्रयोग करते हुये झारखण्ड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, 2022 के क्रियान्वयन के निमित परिवहन विभाग द्वारा कोडरमा जिला हेतु निम्न ग्रामीण मार्गो को अधिसुचित किया गया है। उक्त अधिसुचित मार्गो पर योजना की शर्तो के अधीन वाहनों के परिचालन हेतु ईच्छुक उम्मीदवार से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। योजना की विस्तृत नियमावली/मार्गदर्शी नीति(SOP) जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र.सं. | मार्ग का नाम (भाया सहित) | मार्ग की लम्बाई कि. मी. में (आनें और जाने दोनो का मिलाकर) |
|---|---|---|
| 1 | महुआ दोहर–भौण्डो–सरदारांडीह–महतो–आहरा–कोडरमा स्टेशन | 50 कि. मी. |
| 2 | तिलैयाडैम–कांको–बिरसोडीह–गौशालारोड–कोडरमा स्टेशन | 40 कि. मी. |
| 3 | भितिया–घाटोडाबर–छतारा सिंदरी बोंगादाग–चोरही चट्टान–बेन्दी–गझण्डी–कोडरमा स्टेशन | 70 कि. मी. |
| 4 | पुरनाथाम–महथाडीह–चिलोडीह–महंगाय चन्दवारा–कोडरमा स्टेशन | 40 कि. मी. |
| 5 | मूर्तिया–कांटी–बडकी धमराय–छोटकी धमराय–तितिरचांच–पथलगड़ा–गैडा–पिपराडीह–पोकडंडा–लाराबाद–कोडरमा स्टेशन | 70 कि. मी. |
| 6 | परसाबाद स्टेशन–मकतपूर–पिपचो चौक तिलोकरी– योगियाटिल्हा–सतडीहा–करियावां चुटियारो चौक–कांको–उरवां–बरही | 105 कि. मी. |
| 7 | परसाबाद स्टेशन–तेतरौन चौक–वदुलिया–चदरा–पिपराडीह–पातिशाले टुडमी चौक–बेकोमोइ–नईटांउ–डोमचांच बाजार–कोडरना स्टेशन | 110 कि. मी. |
| 8 | सरमाटांड स्टेशन–जयनगर–बाजार–कटहाडीह–चिकलावर–कोडरमा स्टेशन | 40 कि. मी. |
| 9 | सरमाटांड स्टेशन– योगियाटिल्हा– रुतडीहा–महेशमराय–हिरोडीह स्टेशन–कन्द्रपडीह–लाराबाद–कोडरमा स्टेशन | 52 कि. मी. |
| 10 | घरीजा–खरियोडीह–तिलोकरी–पिपघो चौक–कोडरमा स्टेशन | 70 कि. मी. |
| 11 | करियायां धीक–तमाय चुटियारों चौक–कोंको डुमरडीहा चौक–गौशाला रोड–कोडरमा स्टेशन | 42 कि. मी. |
| 12 | बेको–मरकच्चो–परसाबाद–जयनगर परिचालन रहित | 56 कि. मी. |
| 13 | असनातरी–लोहाबर–डगरनवा–बरीयारडीह चौक–डोमचांच बाजार–जे०जे०कॉलेज–झुमरीतिलैया–कोडरमा स्टेशन | 120 कि. मी. |
| 14 | पपलो–मरकच्चो–बन्धन चौक–पिपचो बाजार–जयनगर–पोठियाबागी–कोडरमा रेलवे स्टेशन | 90 कि. मी. |
| 15 | खुट्टा–अम्बाबाद–आंगार–खेलडामोड–ढाबमोड–डोमचॉच–कोडरमा बजार | 124 कि. मी. |
| 16 | बासोडिह–डोमचॉच–राउतडीह–नन्दुडीह–पोट्रो–कोठियार–नवाडीह–दौनया मोड–करचोतामोड–ढाबमोड–डोमचॉच | 120 कि. मी. |
| 17 | माधोपुर–बासोडीह बाजार–कलीडीह मोड़–खेल्डा मोड़–डोमचॉच–महराणाप्रताप चौक | 125 कि. मी. |
| 18 | सिहास–बासोडीह बजार–कलीडीह–खेलडामोड़–डोमचॉच–महराणाप्रताप चौक | 122 कि. मी. |

PR 356995 Transport(25-26)D

जिला परिवहन पदाधिकारी कोडरमा

# कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग

## हमलावर ने 9 गोलियां चलायीं, वीडियो भी बनाया, 3 दिन पहले हुआ था उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/ओटावा।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर बुधवार रात फायरिंग हुई। कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले 7 जुलाई को कप्स कैफे नाम के इस कैफे का उद्घाटन किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हमलावरों ने कैफे पर 9 राउंड फायरिंग की। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकवादी हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। हरजीत सिंह नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआइए) की लिस्ट में मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल है और बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है। हमलावर ने फायरिंग का वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें कैफे के बाहर एक कार में बैठा व्यक्ति गाड़ी के अंदर से लगातार फायरिंग करते दिख रहा है। हालांकि, अभी तक घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।




### कपिल शर्मा के बयान से नाराज होकर करवायी फायरिंग

गोलीबारी के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि हरजीत सिंह लाडी ने कपिल शर्मा के एक पुराने बयान से नाराज होकर उनके कैफे पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। एनआइए को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) नेता विकास प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की हत्या के मामले में हरजीत सिंह लाडी की तलाश है। विहिप नेता की अप्रैल 2024 में पंजाब के रूपनगर जिले में उनकी दुकान पर गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी।

# पूरी तरह ध्वस्त हो गया यूपी के छांगुर बाबा का अवैध अड्डा

## 10 बुलडोजर तीन दिन में 40 कमरों की कोठी को ढहा पाये, मुख्य गेट भी धराशायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलरामपुर।** यूपी के बलरामपुर में धर्मांतरण का अड्डा बनी छांगुर की पांच करोड़ की कोठी पूरी तरह धराशायी कर दी गयी। धर्मांतरण और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोपी छांगुर ने यह कोठी वर्ष 2022 में नीतू उर्फ नसरीन के नाम से बनवाई थी। दो दिन पहले मंगलवार को इसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गयी। 10 बुलडोजर तीन दिन में कोठी ढहा पाये। आखिर में मुख्य गेट को धराशाई कर दिया गया। यह गेट सुरक्षा को देखते हुए तैयार किया गया था। इस पर संगमरमर लगाया गया था।

एटीएस द्वारा छांगुर की गिरफ्तारी के बाद सरकारी बंजर जमीन पर बनायी गयी कोठी ढहाने की कवायद शुरू की गयी। पिलर पर बनी 40 कमरों की कोठी को गिराने में प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। एक मीटर भाग तोड़ने में एक घंटे से अधिक का समय लग रहा था। प्रतिदिन 10-10 घंटे बुलडोजर को चलाया गया। इसके बाद भी दो बिस्वा में बनी कोठी गिराने में तीन दिन लग गये। एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने बताया कि अवैध निर्माण पूरी तरह ढहा दिया गया है। इसके साथ ही मुख्य गेट भी अवैध ही बना था।

**दूसरी कोठी पर ताला लगाकर बढ़ा दी गयी निगरानी :** इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोठी कितनी मजबूत बनायी गयी थी। छांगुर ने एक ही परिसर में दो कोठी और एक अस्तबल बनवाया था। इसमें गेट के बायीं तरफ की कोठी गिरा दी गयी है। इसके अलावा दूसरी कोठी वैध होने के कारण उसमें ताला लगा दिया गया है। निगरानी भी बढ़ा दी गयी है।



### पांच करोड़ की कोठी गिराने में लगे 4.67 लाख

मधपुर में छांगुर ने दो बीघे में एक परिसर का निर्माण कराया था। बताया जाता है कि इस पर 12 करोड़ का खर्च आया था। जिस कोठी को गिराया गया है, उसके निर्माण पर पांच करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इसे गिराने में प्रशासन को करीब 4.67 लाख रुपये खर्च करने पड़े। तहसील प्रशासन ने खर्च का ब्यौरा तैयार किया है। इसकी वसूली आरोपी नीतू नसरीन से ही की जायेगी। सीधे धनराशि जमा न करने पर आरसी जारी करके रिकवरी की जायेगी।

## झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

# कर्ण सिंह बने प्रांतीय अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का महाधिवेशन और केंद्रीय पदाधिकारियों का चुनाव 10 जुलाई को संपन्न हुआ। इस चुनाव में कर्ण सिंह को प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को हरा कर यह पद हासिल किया। चुनाव में कर्ण कुमार सिंह और रमेश उरांव की टीम ने जीत दर्ज की है। यह चुनाव 5 जुलाई से 9 जुलाई तक धनबाद पुलिस लाइन में आयोजित किया गया था। चुनाव में अन्य पदों पर भी उम्मीदवारों का चयन किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर सबीलूर रहमान खां, संजय राम, मृत्युंजय कुमार, परमेश्वर महतो और प्रदीप टोप्पो निर्वाचित हुए हैं। प्रदेश महामंत्री के रूप में रमेश उरांव चुने गये हैं, जबकि प्रदेश संगठन महामंत्री पद पर अमित तिवारी का चयन हुआ है। प्रदेश कोषाध्यक्ष के रूप में स्टीफन सोरेन को जिम्मेदारी दी गयी है। प्रदेश संयुक्त महामंत्री पद पर सच्चिदानंद राय, उपेंद्र नाथ मिश्रा, अविनाश कुमार राय, गाब्रियल सोरेन और अजय कुमार सिंह निर्वाचित हुए हैं। प्रदेश सहायक महामंत्री के रूप में नंद किशोर शर्मा, उपेंद्र कुमार पांडे, सरफराज खां, निर्भय राज और जुगल मुंडा को चुना गया है। चुनाव में विजयी हुए पदाधिकारियों को एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा बधाई दी गयी है।



### कर्ण सिंह का बोकारो में किया गया स्वागत

बोकारो। धनबाद से रांची जाने के क्रम में सचिव सुभाष शुक्ला और कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह (बोकारो) के नेतृत्व में प्रांतीय अध्यक्ष कर्ण सिंह का बोकारो में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर सत्येंद्र नारायण सिंह, रणधीर सिंह, मुन्ना सिंह, शैलेश सिंह, राकेश सिंह, राजेंद्र राम, सुखवंत सिंह, संजय सिंह, रविभूषण सिंह, विनोद सिंह, शशि सिंह, कन्हाई कुमार, अभिनाथ सिंह, कन्हाई कुमार महतो, विष्णु सिंह, मुकेश सिंह हलवादार, सभापति पांडेय, मुकेश कुमार, रूपेश सिंह, अजीत सिंह, राज कुमार मुंडा समेत कई लोग उपस्थित थे।

# अमेरिका को अमीर बना रहे भारतीय प्रवासी

## 25 लाख करोड़ टैक्स दे रहे, यूएस में भारतीय मूल के सबसे ज्यादा अरबपति

एजेंसी

**वॉशिंगटन डीसी।** भारतीय प्रवासी अमेरिका को और ज्यादा अमीर बना रहे हैं। वहां रहने वाले विदेशी मूल के अरबपतियों में सबसे ज्यादा संख्या अब भारतीयों की है। फोर्ब्स ने अमेरिका में रहने वाले 125 सबसे अमीर विदेशी मूल के नागरिकों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में इजराइल, चीन और ताइवान को पीछे छोड़ते हुए भारत 12 अरबपतियों के साथ टॉप पर है। अमेरिका में रहने वाले 51 लाख से ज्यादा भारतीय-अमेरिकन हर साल अमेरिका की इकोनॉमी में 250-300 बिलियन डॉलर करीब 25 लाख करोड़ टैक्स के रूप में देते हैं। ये अमेरिका के कुल टैक्स का 5-6% है। अमेरिका में सबसे अमीर भारतीय जय चौधरी हैं। इनकी नेटवर्थ 17.9 बिलियन डॉलर यानी 150 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है। वहीं इस लिस्ट में दक्षिण अफ्रीका से आकर अमेरिका में बसे इलॉन मस्क पहले नंबर पर हैं। इनकी नेटवर्थ 33.82 लाख करोड़ रुपये है। दूसरे नंबर पर 11.97 लाख करोड़ की नेटवर्थ के साथ रूस के सर्गी ब्रिन हैं। तीसरे नंबर पर ताइवान के जेन्सेन हुआंग हैं। इनकी नेटवर्थ 12.24 लाख करोड़ रुपये है। बता दें कि 2022 में भारतीय प्रवासियों ने 9.5 लाख करोड़ भारत भेजे, जो किसी भी देश से सबसे ज्यादा है। यह पैसा भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है।

# रूस ने यूक्रेन पर 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागी, दो की मौत, 16 घायल

**कीव।** रूस ने गुरुवार सुबह यूक्रेन पर रात भर में लगभग 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागीं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया है कि रूसी हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए। जेलेंस्की ने बताया कि इस हमले का मुख्य निशाना राजधानी थी। घटना के समय ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि कीव में रेजिडेंशियल बिल्डिंग्स, गाड़ियां, गोदाम, ऑफिस और गैर-आवासीय इमारतें जल गईं। कीव में एक रेजिडेंशियल बिल्डिंग की छत पर ड्रोन का मलबा गिरने से आग लग गई। इसकी रोशनी पूरे शहर में दिखाई दी। रूस ने कीव के 8 जिलों को निशाना बनाया था। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने बताया कि कीव में एक मेट्रो स्टेशन पर 68 साल एक महिला और 22 साल के एक पुलिस अधिकारी की मौत हुई है।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**